राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान
और प्रशिक्षण परिषद्
की

वार्षिक रिपोर्ट

1991-1992

अप्रैल 1993
वैशाख 1915
P.D. 5H—M.L.

'वार्षिक रिपोर्ट' का यह हिन्दी अनुवाद परिषद् के हिन्दी प्रकोष्ठ ने तैयार किया है।

आवरण : दिलीप कुमार शेन्डे

प्रकाशन विभाग में सचिव, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, श्री अरविन्द मार्ग, नई दिल्ली 110016 द्वारा प्रकाशित तथा शगुन कम्पोज़र्स, 92-बी, गली नं. 4, कृष्णा नगर, सफ़दरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली 110029 द्वारा लेज़र टाइपसेट होकर, न्यू एज प्रिंटिंग प्रेस, रानी झाँसी रोड, नई दिल्ली 110055 में मुद्रित।

आभार

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.ई.आर.टी.) अपने अध्यक्ष, केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री तथा राज्य शिक्षा एवं संस्कृति मंत्री के प्रति उनके मार्गदर्शन हेतु आभारी है। परिषद् के कार्यों में गहन रुचि लेने और सहायता प्रदान करने हेतु परिषद् अपने सामान्य निकाय तथा कार्यकारी समिति के अन्य विशिष्ट सदस्यों के प्रति भी कृतज्ञ है। परिषद् उन विशेषज्ञों के प्रति भी धन्यवाद व्यक्त करती है जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय देकर इसकी विभिन्न समितियों में कार्य किया तथा अनेक प्रकार से सहायता प्रदान की। राज्य शिक्षा विभागों तथा राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषदों/संस्थानों, राज्य शिक्षा संस्थानों, माध्यमिक शिक्षा बोर्डों, उच्चतर माध्यमिक/इंटरमीडिएट/विश्वविद्यालय पूर्व शिक्षा बोर्डों सहित वे सभी संगठन और संस्थाएँ भी धन्यवाद की पात्र हैं, जिन्होंने एन.सी.ई.आर.टी. को सहयोग देकर उसकी गतिविधियों को कार्यान्वित करने में पूरी सहायता प्रदान की। परिषद् यूनेस्को, यूनिसेफ, यू.एन.डी.पी., यू.एन.एफ.पी.ए., जी.टी.जैड. तथा ब्रिटिश काउंसिल के प्रति भी सम्मान व्यक्त करती है, जिन्होंने अपने प्रायोजित कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में परिषद् को पूरा-पूरा सहयोग दिया। परिषद् अपने स्टाफ के सभी सदस्यों के प्रति भी अपना आभार प्रकट करना चाहती है, जिनके सहयोग और निष्ठा के बिना कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन असंभव था। परिषद् उन हजारों अध्यापकों, विद्यालयों, अभिभावकों और अनेक व्यक्तियों के प्रति भी धन्यवाद एवं कृतज्ञता व्यक्त करना चाहती है, जिन्होंने परिषद् के 1991-92 के प्रकाशनों और कार्यक्रमों के बारे में अपने विचार प्रकट करते हुए परिषद् के विभिन्न घटकों को अनेक पत्र भेजे जो निरंतर बेहतर कार्य करने के प्रेरणा-स्रोत बने रहे।

गांधी जी का जन्तर

तुम्हें एक जन्तर देता हूं। जब भी तुम्हें सन्देह हो या तुम्हारा अहम् तुम पर हावी होने लगे, तो यह कसौटी आजमाओ :

जो सबसे गरीब और कमजोर आदमी तुमने देखा हो, उसकी शकल याद करो और अपने दिल से पूछो कि जो कदम उठाने का तुम विचार कर रहे हो, वह उस आदमी के लिए कितना उपयोगी होगा। क्या उससे उसे कुछ लाभ पहुंचेगा? क्या उससे वह अपने ही जीवन और भाग्य पर कुछ काबू रख सकेगा? यानि क्या उससे उन करोड़ों लोगों को स्वराज्य मिल सकेगा जिनके पेट भूखे हैं और आत्मा अतृप्त है?

तब तुम देखोगे कि तुम्हारा सन्देह मिट रहा है और अहम् समाप्त होता जा रहा है।

विषय-सूची

1991-92

एक

एन.सी.ई.आर.टी. भूमिका और संरचना

1.1 1 सितम्बर, 1961 को स्थापित राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.ई.आर.टी.) संस्था पंजीकरण अधिनियम 21 (1860) के अंतर्गत एक पंजीकृत स्वायत्त संगठन है।

1.2 भूमिका और कार्य

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.ई. आर.टी.), मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अकादमिक सलाहकार के रूप में कार्य करती है। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा, विशेषकर विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में नीतियों और मुख्य कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने में मानव संसाधन विकास मंत्रालय को सहायता और परामर्श देना है। शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा की नीतियों और कार्यक्रमों के प्रतिपादन तथा कार्यान्वयन के लिए मंत्रालय अधिकतर इसकी विशेषज्ञता का उपयोग करता है। परिषद् का वित्तीय भार, भारत सरकार वहन करती है।

रा.शै.अ.प्र.प. (एन.सी.ई.आर.टी.) का प्रमुख कार्य विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाना है। विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु परिषद् निम्नलिखित कार्य करती है:

- विद्यालयी शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा की सभी शाखाओं में अनुसंधान संबंधी कार्य करना, उनमें सहायता पहुँचाना, उन्हें प्रोत्साहित और समन्वित करना।
- मुख्यतः उच्च स्तर पर अध्यापकों के सेवा-पूर्व और सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजित करना।
- शैक्षिक पुनर्निर्माण में संलग्न संस्थानों, संगठनों और अभिकरणों के लिए विस्तार सेवाएँ आयोजित करना।
- परिष्कृत शैक्षिक तकनीकों, पद्धतियों एवं नवाचारों के विकास एवं प्रयोग संबंधी कार्य करना।
- शैक्षिक जानकारी एकत्र, समाकलित, संसाधित तथा प्रसारित करना।
- विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु राज्यों/संघ क्षेत्र सरकारों तथा राज्य/संघ क्षेत्र स्तर के संस्थानों, संगठनों एवं अभिकरणों को कार्यक्रम तैयार करने एवं कार्यान्वित करने में सहायता देना।
- यूनेस्को, यूनिसेफ, यू.एन.डी.पी., यू.एन.एफ.पी.ए. जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों एवं अन्य देशों की राष्ट्रीय स्तर की शैक्षिक संस्थाओं के साथ सहयोग स्थापित करना।
- अन्य देशों के शैक्षिक कार्मिकों को प्रशिक्षण एवं अध्यापन की सुविधाएँ प्रदान करना।
- राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन. सी. टी. ई.) तथा एशिया व प्रशान्त के शैक्षिक नवाचारों के विकास

कार्यक्रम (एपीड) के राष्ट्रीय विकास समूह (एन. डी. जी.) के अकादमिक सचिवालय के रूप में कार्य करना।

1.3 कार्यक्रम और कार्यकलाप

उपर्युक्त लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु परिषद् निम्नलिखित कार्यक्रमों एवं कार्यकलापों का संचालन करती है:

1.3.1 अनुसंधान

विद्यालयी शिक्षा में अनुसंधान की शीर्षस्थ राष्ट्रीय संस्था होने के नाते परिषद् अनेक महत्वपूर्ण कार्य करती है, जैसे—अनुसंधान संबंधी कार्यकलाप करना और उन्हें बल प्रदान करना, शैक्षिक अनुसंधान के कार्मिकों को प्रशिक्षण देना, इत्यादि।

राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन.आई.ई.) के विभिन्न विभाग, क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय और केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.), विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं से संबंधित अनुसंधान के कार्यक्रमों का संचालन करते हैं।

स्वयं अनुसंधानों का संचालन करने के अतिरिक्त एन. सी.ई.आर.टी. अन्य व्यक्तियों एवं संगठनों को वित्तीय सहायता तथा अकादमिक सलाह देकर उनके अनुसंधान कार्यक्रमों को बल प्रदान करती है। पी.एच.डी. शोध प्रबंधों के प्रकाशन हेतु एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा विद्वानों को सहायता प्रदान की जाती है।

परिषद् कनिष्ठ और वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता वृत्तियां भी प्रदान करती है, ताकि शैक्षिक समस्याओं का पता लगाया जा सके और योग्य अनुसंधानकर्ताओं का एक दल तैयार किया जा सके। देश में विद्यालयी शिक्षा के अनेक पहलुओं पर आँकड़े एकत्र करने के लिए यह समय-समय पर शैक्षिक सर्वेक्षण भी कराती है। यहाँ आंकड़ों के भंडारण, संसाधन एवं उन्हें पुनः प्राप्त करने के लिए एक कम्प्यूटर टर्मिनल है। परिषद् अंतर्देशीय अनुसंधान परियोजनाओं में अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों से सहयोग स्थापित करती है।

1.3.2 विकास

विद्यालयी शिक्षा संबंधी विकासात्मक कार्यकलापों का परिषद् के कार्यों में महत्वपूर्ण स्थान है। परिषद् के मुख्य विकास संबंधी कार्य विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों के लिए पाठ्यचर्या एवं अनुदेशी सामग्री तैयार करना, उन्हें नवीन रूप देना तथा बच्चों एवं समाज की बदलती हुई आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना है। परिषद् के नवाचार संबंधी विकासात्मक कार्यकलापों में शिक्षा के व्यावसायीकरण, अध्यापक शिक्षा तथा अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में पाठ्यचर्या एवं अनुदेशी सामग्री का विकास भी सम्मिलित है। परिषद् शैक्षिक प्रौद्योगिकी, जनसंख्या शिक्षा एवं विकलांगों तथा अन्य विशेष वर्गों की शिक्षा के क्षेत्र में भी विकासात्मक कार्य करती है।

1.3.3 प्रशिक्षण

परिषद् का एक प्रमुख कार्य पूर्व-प्राथमिक, प्रारंभिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर तथा व्यावसायिक शिक्षा, मार्गदर्शन और परामर्श एवं विशेष शिक्षा के क्षेत्रों में भी अध्यापकों को सेवा-पूर्व और सेवाकालीन प्रशिक्षण प्रदान करना है। क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के सेवा-पूर्व अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों में विषयवस्तु और शिक्षण विधि का एकीकरण, कक्षा में अध्यापक प्रशिक्षणार्थियों का दीर्घकालीन प्रशिक्षण तथा समुदाय कार्यों में छात्रों की प्रतिभागिता जैसी कुछ नवीन विशेषताएँ सम्मिलित की गई हैं। यह राज्यों तथा राज्य स्तरीय संस्थाओं के प्रमुख कार्मिकों और अध्यापक-शिक्षकों तथा सेवारत शिक्षकों के प्रशिक्षण का कार्य भी करती है।

1.3.4 विस्तार कार्य

एन.सी.ई.आर.टी. के व्यापक शैक्षिक विस्तार कार्यक्रमों में राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान, केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान तथा क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के कई विभाग तथा राज्यों के क्षेत्रीय सलाहकारों के कार्यालय अनेक प्रकार से कार्यरत हैं। परिषद्, राज्यों के विभिन्न अभिकरणों तथा संस्थाओं के साथ सहयोग का कार्य करती है तथा विभिन्न कार्मिक वर्गों, जैसे अध्यापकों, अध्यापक प्रशिक्षकों, शैक्षिक प्रशासकों, प्रश्न-पत्र तैयार करने वालों तथा पाठ्यपुस्तकों के लेखकों आदि को सहायता प्रदान करने के लिए विस्तार सेवा विभागों, विद्यालयों और कालेजों

1991-92

के अध्यापक प्रशिक्षण केन्द्रों के साथ व्यापक रूप से कार्य करती है। विस्तार कार्यों के अंतर्गत नियमित रूप से शैक्षिक विषयों पर सम्मेलन, संगोष्ठियाँ, कार्यशालाएँ एवं प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि कार्यक्रमों से संबद्ध कार्यकर्ता वहाँ पहुँचें, जहाँ विशेष समस्याएँ हैं तथा जिनके लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता है। परिषद् विकलांग एवं समाज के सुविधाविहीन वर्गों की शिक्षा के लिए अलग से कार्यक्रम आयोजित करती है। परिषद् के विस्तार कार्यक्रम में सभी राज्य एवं संघ शासित क्षेत्र सम्मिलित हैं।

1.3.5 प्रकाशन और प्रसार

एन.सी.ई.आर.टी. कक्षा 1 से 12 तक के विभिन्न विद्यालयी विषयों की पाठ्यपुस्तकें प्रकाशित करती है। परिषद् अभ्यास पुस्तिकाएँ, अध्यापक संदर्शिकाएँ, पूरक पाठमालाएँ, अनुसंधान रिपोर्ट आदि भी प्रकाशित करती है। इसके अतिरिक्त यह अध्यापक-शिक्षक, अध्यापक प्रशिक्षणार्थी एवं सेवारत अध्यापकों के उपयोग हेतु शिक्षण सामग्री भी प्रकाशित करती है। शोध और विकास के पश्चात तैयार की गई यह शिक्षण सामग्री राज्यों एवं संघ शासित क्षेत्रों के विभिन्न अभिकरणों के लिए आदर्श सामग्री मानी जाती है। यह राज्य स्तरीय अभिकरणों को ग्रहण एवं/या अनुकूलन हेतु उपलब्ध कराई जाती है। ये पाठ्यपुस्तकें अंग्रेजी, हिन्दी और उर्दू में प्रकाशित की जाती हैं।

एन.सी.ई.आर.टी. शैक्षिक जानकारी के प्रसार के लिए छः पत्रिकाएँ प्रकाशित करती है—"प्राइमरी टीचर" (अंग्रेजी और हिन्दी) जिसका लक्ष्य सीधे कक्षा में उपयोग के लिए प्राथमिक स्कूल अध्यापकों को सार्थक एवं उपयुक्त सामग्री प्रदान करना है। "स्कूल साइंस" विज्ञान शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के लिए खुला मंच प्रदान करती है। "जनरल आफ इंडियन एजुकेशन" समसामयिक शैक्षिक विषयों पर चर्चा के माध्यम से शिक्षा में मौलिक और आलोचनात्मक विचार शक्ति को प्रोत्साहित करती है। "इंडियन एजुकेशनल रिव्यू" में अनुसंधान परक लेख होते हैं और यह शिक्षा में अनुसंधानकर्ताओं को मंच प्रदान करती है। "भारतीय आधुनिक शिक्षा"—हिन्दी में प्रकाशित की जाती है तथा समकालीन विषयों पर शिक्षा में आलोचनात्मक विचार शक्ति को प्रोत्साहित करती है तथा शैक्षिक समस्याओं और अभ्यासों के लिए विचारों को प्रसारित करती है। इसके अतिरिक्त संस्था पत्रिका, एन.सी.ई.आर.टी. न्यूज लैटर हर मास प्रकाशित की जाती है। क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय अपनी पत्रिकाएँ अलग से निकालते हैं।

1.3.6 अनुदेशी सामग्री का मूल्यांकन

विद्यालयी पाठ्यपुस्तकों तथा अन्य अनुदेशी सामग्री का निरंतर मूल्यांकन विशेष रूप से राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से किया जाता है। इस प्रयोजन के लिए मानदंड, साधन एवं तकनीकें तैयार की गई हैं। विद्यालयी पाठ्यपुस्तकों के शैक्षिक और आकार-प्रकार संबंधी पहलुओं के मूल्यांकन के लिए मार्गदर्शिकाएँ और पद्धतियाँ निर्धारित की गई हैं। इनके संबंध में प्रयोक्ता विद्यालयों से प्राप्त विचार, टिप्पणियाँ, पाठ्यपुस्तकों तथा अन्य शिक्षण सामग्री के संशोधन में सहायक सिद्ध होती हैं।

1.3.7 विनिमय कार्यक्रम

विशिष्ट शैक्षिक समस्याओं के अध्ययन तथा विकासशील राष्ट्रों के कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था करने के लिए एन.सी.ई.आर.टी., यूनेस्को, यूनिसेफ, यू.एन.डी.पी. और यू.एन. एफ.पी.ए. जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर कार्य करती है। यह एपीड (यूनेस्को) के सहयोगी केन्द्रों में से एक है। यह शैक्षिक नवाचार हेतु राष्ट्रीय विकास समूह एन. डी. जी. के सचिवालय के रूप में कार्य करती है। यह विकासशील देशों के शैक्षिक कार्यकर्ताओं के लिए संबद्ध कार्यक्रमों तथा कार्यशालाओं में प्रतिभागिता के माध्यम से प्रशिक्षण सुविधाएँ प्रदान करती है।

एन.सी.ई.आर.टी. स्कूली शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में भारत सरकार तथा अन्य राष्ट्रों के बीच तय किये गये द्विपक्षीय सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम कार्यान्वित करने के लिए मुख्य अभिकरण के रूप में कार्य करती है। इस संबंध में परिषद् विशिष्ट शैक्षिक समस्याओं का भारतीय अपेक्षाओं

के अनुरूप अध्ययन करने के लिए अन्य देशों में अपने शिष्टमंडल भेजती है तथा अन्य देशों के विद्वानों के लिए प्रशिक्षण एवं अध्ययन दौरे की व्यवस्था करती है। परिषद् अन्य देशों से शैक्षिक सामग्री का आदान-पदान भी करती है। अनुरोध करने पर परिषद् अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, बैठकों, परिसंवादों आदि में भाग लेने के लिए अपने संकाय सदस्यों को नामित करती है।

1.4.4 संरचना और प्रशासन

केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री एन.सी.ई.आर.टी. के सामान्य निकाय के अध्यक्ष हैं। सभी राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों के शिक्षा मंत्री इस निकाय के सदस्य हैं। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष, भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग के सचिव, चार विश्वविद्यालयों के उपकुलपति (प्रत्येक क्षेत्र में से एक), केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष, केन्द्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त, केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो के निदेशक, प्रशिक्षण और रोजगार महानिदेशक, श्रम मंत्रालय, शिक्षा प्रभाग के प्रतिनिधि, योजना आयोग, कार्यकारी समिति के सदस्य (जो ऊपर सम्मिलित नहीं हैं) तथा अन्य 6 व्यक्ति (जिनमें कम से कम 4 सदस्य विद्यालय के अध्यापक हों) जो भारत सरकार द्वारा नामित किए गए हों, इस निकाय के सदस्य हैं। सचिव, एन.सी.ई.आर.टी., इस शासी निकाय के संयोजक के रूप में कार्य करते है।

कार्यकारिणी समिति, एन.सी.ई.आर.टी. का मुख्य शासी निकाय है। केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री इसके अध्यक्ष (पदेन) और मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (पदेन) उपाध्यक्ष हैं। इस समिति के अन्य सदस्यों में मानव संसाधन विकास मंत्रालय, (शिक्षा विभाग) के सचिव, परिषद् के निदेशक, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष, विद्यालयी शिक्षा में रुचि रखने वाले चार शिक्षाविद, (इनमें से कम से कम दो विद्यालय के शिक्षक होंगे) परिषद् के संयुक्त निदेशक, परिषद् के तीन सदस्य (इनमें कम से कम दो प्रोफेसर तथा विभागाध्यक्ष स्तर के होने चाहिए), मानव संसाधन विकास मंत्रालय का एक प्रतिनिधि तथा वित्त मंत्रालय का एक प्रतिनिधि भी सम्मिलित है, (जो परिषद का वित्तीय सलाहकार होगा) सचिव, एन.सी. ई.आर.टी., कार्यकारिणी समिति के संयोजक के रूप में कार्य करता है।

निम्नलिखित स्थायी समितियाँ इस कार्यकारिणी समिति की सहायता करती हैं :

1. वित्त समिति
2. स्थापना समिति
3. भवन एवं निर्माण समिति
4. क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय की प्रबंध समिति
5. कार्यक्रम सलाहकार समिति
6. शैक्षिक अनुसंधान तथा नवाचार समिति

परिषद मुख्यालय में निम्नलिखित अनुभाग हैं :

1. परिषद सचिवालय
2. लेखा शाखा

परिषद के चार वरिष्ठ पदाधिकारी—निदेशक, संयुक्त निदेशक, संयुक्त निदेशक (सी.आई.ई.टी.) तथा सचिव, भारत सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। रिपोर्ट की अवधि के दौरान निम्नलिखित अधिकारियों ने ये पद संभाले :

निदेशक	:	डा. के. गोपालन
संयुक्त निदेशक	:	प्रोफेसर ए. के. शर्मा
संयुक्त निदेशक (सी.आई.ई.टी.)	:	प्रो. ए. के. शर्मा 15 अप्रैल, 1991 तक
	:	सुश्री जय चंदीराम (16 अप्रैल 1991 से)
सचिव	:	डा. के.जे.एस. चतरथ

शैक्षिक कार्यों में निदेशक के सहायतार्थ तीन संकायाध्यक्ष (डीन) हैं :

संकायाध्यक्ष (अकादमिक)	:	प्रोफेसर बी. गांगुली (30 नवम्बर, 1991 तक)
	:	प्रोफेसर ए. के. मिश्रा) (3 दिसम्बर, 1991 से)
संकायाध्यक्ष (अनुसंधान)	:	प्रोफेसर आर.पी. सिंह

1991-92

संकायाध्यक्ष : प्रोफेसर ए.के. शर्मा
(समन्वय)

संकायाध्यक्ष (अकादमिक) एन.आई.ई. के विभागों के शैक्षिक कार्य को समन्वित करते हैं। संकायाध्यक्ष (अनुसंधान) अनुसंधान कार्यक्रम समन्वित करते हैं और शैक्षिक अनुसंधान तथा नवाचार समिति (एरिक) के कार्य की देखभाल करते हैं। संकायाध्यक्ष (समन्वय) सेवा/उत्पादन विभागों, क्षेत्र सलाहकार कार्यालयों और क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के कार्यकलापों को समन्वित करते हैं।

1.5 एन.सी.ई.आर.टी. के मुख्य घटक

परिषद के मुख्य घटक निम्नलिखित हैं :

1. राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन.आई.ई.) नई दिल्ली
2. केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.) नई दिल्ली
3. क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय (क्षे.शि.म.) अजमेर
4. क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय (क्षे.शि.म.) भोपाल
5. क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय (क्षे.शि.म.) भुवनेश्वर
6. क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय (क्षे.शि.म.) मैसूर

1.5.1 राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन.आई.ई.)

वर्ष 1991-92 के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के निम्नलिखित विभाग/एकक अपने-अपने क्षेत्रों के अनुसंधान विकास, प्रशिक्षण, विस्तार, मूल्यांकन संबंधी कार्यों में कार्यरत रहे :

1. सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी शिक्षा विभाग (डी.ई.एस.एस.एच.)
2. विज्ञान और गणित शिक्षा विभाग (डी.ई.एस.एम.)
3. विद्यालय-पूर्व और प्रारंभिक शिक्षा विभाग (डी.ई.पी.एस.ई.ई.)
4. अनौपचारिक शिक्षा और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति शिक्षा विभाग (डी.एन.ई.एफ.ई.एस.सी./एस.टी.)
5. शिक्षा-व्यावसायीकरण विभाग (डी.वी.ई.)
6. अध्यापक शिक्षा, विशेष शिक्षा और विस्तार सेवा विभाग (डी.टी.ई.एस.ई.ई.एस.)
7. मापन, मूल्यांकन, सर्वेक्षण और आधार सामग्री प्रक्रियन विभाग (डी.एम.ई.डी.पी.)
8. शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और निर्देशन विभाग (डी.ई.पी.सी.जी.)
9. महिला अध्ययन विभाग (डी.डब्ल्यू.एस.)
10. नीति, अनुसंधान, नियोजन और कार्यक्रम विभाग (डी.पी.आर.पी.पी.)
11. योजना, कार्यक्रम, अनुवीक्षण और मूल्यांकन प्रभाग (डी.पी.एम.ई.डी.)
12. क्षेत्रीय सेवा और विस्तार समन्वयन विभाग (डी.एफ.एस.ई.सी.)
13. पुस्तकालय, प्रलेखन और सूचना विभाग (डी.एल.डी.आई.)
14. प्रकाशन विभाग (पी.डी.)
15. कर्मशाला विभाग (डब्ल्यू.डी.)
16. पत्रिका प्रकोष्ठ (जे.सी.)
17. अंतर्राष्ट्रीय संबंध एकक (आई.आर.यू.)

1.5.2 केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.)

सी.आई.ई.टी. संयुक्त निदेशक की अध्यक्षता में एन.सी.ई.आर.टी. के घटक के रूप में काफी स्वायत्तता के साथ कार्य करता है। कार्यक्रमों और कार्यकलापों के मार्गदर्शन हेतु संस्थान की एक सलाहकार समिति है। सी.आई.ई.टी. के निम्नलिखित प्रमुख प्रभाग हैं :

- शैक्षिक दूरदर्शन प्रभाग
- दूरस्थ शिक्षा, योजना, समन्वयन, अनुसंधान और मूल्यांकन आलेख और प्रशिक्षण प्रभाग
- शैक्षिक रेडियो प्रभाग
- आलेखिकी, प्रदर्शनी, फोटो और फिल्म प्रभाग
- सूचना और प्रलेखन प्रभाग
- तकनीकी योजना, प्रचालन और अनुरक्षण प्रभाग
- प्रशासन और लेखा प्रभाग

1.5.3 क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय (आर.सी.ई.)

क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर और मैसूर में स्थित हैं। एन.सी.ई.आर.टी. के नियमों/विनियमों के अंतर्गत हर महाविद्यालय के कार्यों के सामान्य पर्यवेक्षण के लिए एक प्रबंध समिति उत्तरदायी है। महाविद्यालय की प्रबंध समिति उस विश्वविद्यालय के उपकुलपति की अध्यक्षता में कार्य करती है, जिससे वह संबद्ध है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं। इस समिति की वर्ष में कम से कम दो बार बैठक होती है तथा आवश्यकता पड़ने पर अध्यक्ष द्वारा समिति की विशेष बैठक किसी भी समय बुलाई जा सकती है। अकादमिक कार्यों में संकायाध्यक्ष शिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य की सहायता करते हैं।

ये क्षेत्रीय महाविद्यालय आवासीय संस्थाएं हैं, जिनमें प्रयोगशाला, पुस्तकालय और अन्य सुविधाएँ पर्याप्त रूप से उपलब्ध हैं। हर महाविद्यालय का एक बहु उद्देशीय निर्देशन विद्यालय है, जहाँ विकसित अध्यापन विधियों तथा अन्य नवाचार पद्धतियों से सम्बद्ध अध्ययन-अध्यापन तथा मूल्यांकन पद्धतियों को वास्तविक कक्षा स्थिति के आधार पर परखा जाता है।

1.5.4 क्षेत्रीय सलाहकार कार्यालय

राज्य/संघ शासित क्षेत्र के शिक्षाधिकारियों एवं वहाँ विद्यालयी शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा में शैक्षिक और प्रशिक्षण में योगदान देने वाली संस्थाओं के साथ संपर्क सूत्र के रूप में कार्य करने के लिए निम्नलिखित 17 क्षेत्रीय सलाहकार कार्यालयों की स्थापना की गई है :

1. अहमदाबाद
2. इलाहाबाद
3. बेंगलूर
4. भोपाल
5. भुवनेश्वर
6. कलकत्ता
7. चंडीगढ़
8. गुवाहाटी
9. हैदराबाद
10. जयपुर
11. मद्रास
12. पटना
13. पुणे
14. शिलांग
15. शिमला
16. श्रीनगर/जम्मू
17. तिरूअनंतपुरम

1991-92

दो

कार्यक्रमों के निरूपण, कार्यान्वयन और अनुवीक्षण के लिए रचनातन्त्र

2.1 देश की संपूर्ण शिक्षा पद्धति में एक लंबे समय से राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.ई.आर.टी.) का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए परिषद् के विभिन्न घटक कुछ दीर्घावधि एवं अल्पावधि ऐक्शन प्लान बनाने एवं उनके क्रियान्वयन का समन्वित प्रयास करते हैं। कार्यक्रम बनाते समय परिषद् राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों, भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों का पालन करती है तथा राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं, सामाजिक स्थितियों एवं भारतीय स्कूली शिक्षा के संदर्भ में परिवर्तनशील विश्व के स्वरूप का भी ध्यान रखा जाता है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए परिषद् ने एक राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा तैयार की है। यह पाठ्यचर्या रूपरेखा राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों के शिक्षा विभागों तथा एन.सी.ई.आर.टी. के दीर्घकालीन और अल्पकालीन शैक्षिक कार्यक्रम बनाने के लिए मार्गदर्शन का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। एन.सी.ई.आर.टी. के विभिन्न घटकों के कार्यक्रमों के निरूपण, कार्यान्वयन तथा अनुवीक्षण के रचनातन्त्र की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं :

2.2 राज्यों में स्थित एन.सी.ई.आर.टी. के क्षेत्रीय सलाहकारों की एन.सी.ई.आर.टी. के मुख्यालय में वर्ष में एक बार बैठक होती है। इस राष्ट्रीय बैठक में एन.सी.ई.आर.टी. संघटक एककों और क्षेत्रीय सलाहकारों के बीच विचारों और सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाता है। अन्य बातों के अतिरिक्त इस बैठक में कार्यक्रमों तथा कार्यकलापों, कार्यान्वयन एवं अनुवीक्षण कार्यनीतियों पर आमने-सामने विचार विमर्श करने तथा उनके विषय में अपने मत प्रकट करने का मौका मिलता है।

2.3 आपस में विचारों के आदान-प्रदान से क्षेत्रीय सलाहकारों को विद्यालयी शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा के विकास से संबंधित राज्य की शैक्षिक आवश्यकताओं को पहचानने का उपयुक्त आधार प्राप्त होता है। यद्यपि एन.सी.ई.आर.टी. के क्षेत्रीय सलाहकार पूरे वर्ष राज्य शिक्षा विभागों और कुछ अन्य संस्थानों तथा संगठनों के संपर्क में रहते हैं और राज्य/सं.शा. क्षेत्र की शैक्षिक आवश्यकताओं की पहचान संबंधी विषयों को राज्य समन्वयन समिति (एस.सी.सी.) की बैठक में जो कि संबंधित क्षेत्रीय सलाहकार द्वारा वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है, सामान्यतया रखा जाता है। राज्य समन्वयन समिति उच्च स्तर पर राज्य की शैक्षिक क्षमताओं को विकसित करने के लिए एन.सी.ई.आर.टी. से अपेक्षित शैक्षिक सहायता की सिफारिश करती है। राज्य समन्वयन समिति एन.सी.ई.आर.टी. से प्राप्त निवेशों के उपयोग की भी समीक्षा करती है।

2.4 प्रत्येक राज्य समन्वयन समिति की इन सिफारिशों को क्षेत्रीय समन्वयन समिति (आर.सी.सी.) जो प्रत्येक क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय (आर.सी.ई.) के स्तर पर स्थापित की गई है, को भेजी जाती है। अन्य बातों के साथ-साथ राज्य समन्वयन समितियों से प्राप्त कार्यक्रमों के कार्यान्वियन कार्यपद्धतियों को क्षेत्रीय शिक्षा समितियों द्वारा अन्तिम रूप दिया जाता है।

2.5 क्षेत्रीय समन्वयन समिति की सिफारिशें संबंधित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान की प्रबन्धक समिति तथा परिषद् के क्षेत्रीय सेवाएँ और विस्तार समन्वयन विभाग (डी.एफ.एस.ई.सी.) को अग्रेषित की जाती हैं। क्षे.शि.म. स्तर पर प्रबन्धक समिति और परिषद् मुख्यालय का डी.एफ.एस.ई.सी. क्षेत्रीय समन्वयन समिति से प्राप्त सिफारिशों/सुझावों की जाँच करता है और परिषद् के संबंधित घटकों को अपने कार्यक्रमों में उन राज्यों की शैक्षिक आवश्यकताओं का ध्यान रखने की सलाह देता है।

2.6 राज्य शिक्षा संस्थान के विभागों के संकाय सदस्य सामान्यतः राज्यों की मुख्य आवश्यकताओं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों तथा मा.सं.वि.मं. के निर्देशों के आधार पर ही अपने कार्यक्रम तैयार करते हैं। इन कार्यक्रमों पर आगे प्रत्येक विभाग के सलाहकार बोर्ड डी.ए.बी. द्वारा विचार करते हैं। डी.ए.बी. इन कार्यक्रमों की जाँच करता है और इन्हें राज्य शिक्षा संस्थानों की शैक्षिक समिति (ए.सी.) के सम्मुख प्रस्तुत करता है।

2.7 केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.) के संकाय सदस्यों द्वारा निर्मित कार्यक्रमों पर संस्थान का सलाहकार बोर्ड (आई.ए.बी.) विचार करता है। आई.ए.बी. की सिफारिशों को परिषद् के योजना, कार्यक्रम, अनुवीक्षण और मूल्यांकन प्रभाग (पी.पी.एम.ई.डी.) के माध्यम से कार्यक्रम सलाहकार समिति (पी.ए.सी.) की उप-समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया जाता है। प्रत्येक क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय की प्रबन्धक समिति महाविद्यालय के वार्षिक कार्यक्रमों और आर.सी.सी. की सिफारिशों पर भी विचार करती है। प्रबन्धक समिति की सिफारिशों को पी.पी. एम.ई.डी. के माध्यम से कार्यक्रम सलाहकार समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया जाता है।

2.8 शैक्षिक समिति राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विभागों के कार्यक्रमों की जाँच करती है और अपनी सिफारिशें कार्यक्रम सलाहकार समिति की उपसमिति को प्रस्तुत करती है।

2.9 अन्य बातों के साथ-साथ कार्यक्रम सलाहकार समिति विभिन्न घटकों के कार्यक्रमों की सूक्ष्मता से जाँच करती है ताकि कार्यक्रम तैयार करने एवं उनके कार्यान्वियन में विभिन्न घटकों के कार्य तथा उनकी भूमिका के अनुरूप उनके बीच आपस में बेहतर समन्वय बना रहे।

2.10 एन.सी.ई.आर.टी. के घटकों और बाहरी संस्थानों/संगठनों के शोध कार्यक्रमों पर शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (एरिक) विचार करती है। एरिक की सिफारिशों को कार्यक्रम सलाहकार समिति को प्रस्तुत किया जाता है।

2.11 कार्यक्रम सलाहकार समिति एन.सी.ई.आर.टी. के सभी घटकों के कार्यक्रम-प्रस्तावों पर विचार करती है। अन्य बातों के साथ-साथ कार्यक्रम सलाहकार समिति एन.सी.ई.आर.टी. की कार्यकारिणी समिति के समक्ष अनुसंधान, प्रशिक्षण, विस्तार तथा अन्य कार्यक्रमों की कार्यप्रणालियों की तथा देश में विद्यालयी शिक्षा की प्रोन्नति के उपायों की सिफारिश करती है। कार्यक्रम सलाहकार समिति एन.सी.ई.आर.टी. के विभिन्न घटकों में मा. सं.वि.मं. के माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों आदि से प्राप्त कार्यक्रमों पर भी विचार करती है।

2.12 कार्यक्रम सलाहकार समिति एन.सी.ई.आर.टी. के विभिन्न घटकों के कार्यक्रमों को सामान्यतया एक-एक वर्ष के लिए अनुमोदित करती है। इसके बावजूद यदि किसी कार्यक्रम की अवधि एक वर्ष से अधिक हो तो कार्यक्रम सलाहकार समिति और उसकी अधीनस्थ निकायों की प्रत्येक वर्ष की प्रगति की सूचना देनी पड़ती है।

2.13 कार्यक्रम सलाहकार समिति द्वारा अनुमोदित कार्यक्रमों के कार्यान्वियन और अनुवीक्षण का दायित्व मुख्यतः एन.सी.ई. आर.टी. के प्रत्येक संघटक एकक के अध्यक्ष का होता है। आवश्यकता पड़ने पर सुधारात्मक उपाय किए जाते हैं।

1991-92

2.14 परिषद् मुख्यालय में स्थित संघटक एककों के कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा निदेशक, एन.सी.ई.आर.टी. की अध्यक्षता में एक समिति द्वारा प्रत्येक तिमाही की जाती है। क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय के कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा निदेशक, रा.शै.अ.प्र.प. की अध्यक्षता में समिति की अर्द्ध-वार्षिक बैठक में की जाती है। इन बैठकों में कार्यक्रमों के कार्यान्वियन की प्रगति की समीक्षा तथा उसमें जो कमियाँ रह गई हैं उनकी जाँच-पड़ताल की जाती है तथा जहाँ आवश्यक हो, इन कमियों को दूर करने तथा एन.सी.ई.आर.टी. के विभिन्न घटकों द्वारा संचालित कार्यक्रमों के अंतिम उत्पादन की प्रणाली में इनके उपयोग के लिए सुझाव दिए जाते हैं।

2.15 एन.सी.ई.आर.टी. के विभिन्न घटकों के कार्यक्रमों की योजना, कार्यान्वियन, अनुवीक्षण और मूल्यांकन की समूची प्रक्रिया एन.सी.ई.आर.टी. के और राज्यों के आपसी सहयोग या संयुक्त प्रयासों से संपन्न होती है। एन.सी.ई.आर.टी. के लगभग सभी शैक्षिक कार्यक्रमों में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के सभी शिक्षाविद् और अधिकारी इन कार्यक्रमों में योजना बनाने के स्तर से लेकर अंतिम परिणाम प्राप्त करने तक पूरी प्रणाली में शामिल रहते हैं। इस संपूर्ण कार्य में एन.सी.ई.आर.टी. के संकायों को राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ मिलकर काम करने का सुअवसरप्राप्त होता है।

1991-92

तीन

वर्ष 1991-92 के कार्यकलापों पर विहंगम दृष्टि

3.1 विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा में गुणात्मक सुधार और उत्कृष्टता लाना राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.ई.आर.टी.) का वर्षों से एक मुख्य कार्य रहा है। इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए परिषद् अपने घटकों, नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विभागों और केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान तथा अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर और मैसूर में स्थित क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों तथा देश भर में स्थित 17 क्षेत्रीय सलाहकार कार्यालयों, जिनमें से अधिकतर राज्यों की राजधानियों में स्थित हैं, के सहयोग से अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण, विस्तार और शैक्षिक सूचना के प्रचार-प्रसार संबंधी कार्यक्रम करती है।

वर्ष 1991-92 में प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण, अनौपचारिक शिक्षा, विकलांगों के लिए एकीकृत शिक्षा, महिला समानता के लिए शिक्षा, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के संवर्द्धन, परीक्षा-सुधार, शिक्षा के व्यावसायीकरण, अध्यापक शिक्षा में गुणात्मक सुधार, शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन, शैक्षिक शोध और नवाचारों तथा उनके प्रसार-प्रचार को बढ़ावा देने और राज्यों में विद्यालयी शिक्षा से संबंधित केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वयन सहित शैक्षिक प्रौद्योगिकी संबंधी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए लगातार और समन्वित प्रयास किया गया। परिषद् ने शैक्षिक क्षेत्र और राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना संबंधी कार्यकलापों का भी समन्वयन और अनुवीक्षण करना जारी रखा। क्षेत्रीय कार्यालयों और क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के नेटवर्क के माध्यम से शिक्षा विभागों/शिक्षा निदेशालयों, राज्य शिक्षा संस्थानों/राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषदों तथा इस प्रकार के अन्य अभिकरणों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय सहयोग देकर राज्य एवं संघ शासित क्षेत्रों की सरकारों से निकट संपर्क बनाए रखा। वर्ष 1991-92 के दौरान रा.शै.अ.प्र.प. के कार्यक्रमों और कार्यकलापों की मुख्य विशेषताएँ नीचे दी गई हैं:

3.2 शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा (ई.सी.सी.ई.)

रा.शै.अ.प्र.प. ने देश में शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा कार्यक्रम को प्रभावी बनाने और सहायता देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यकलाप किए। वर्ष 1991-92 में ऑपरेशन ब्लैक-बोर्ड (ओ.बी.) योजना और उसके उचित कार्यान्वयन के समतुल्य प्राथमिक अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए अनुदेशी सामग्री के विकास/संशोधन और मुद्रित और गैर-मुद्रित सामग्री के विकास संबंधी कार्यक्रम और कार्यकलाप जारी रहे। कार्यक्रमों का केन्द्र बिन्दु बच्चों, अध्यापकों और अध्यापक-शिक्षकों के लिए शैक्षिक सामग्री के विकास और प्रचार-प्रसार, अध्यापकों, अध्यापक शिक्षकों और पर्यवेक्षक कार्मिकों के लिए ई. सी. सी. ई. दर्शन पर

1991-92

प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम, कार्यनीति और विषय-वस्तु के आयोजन; ई. सी. सी. ई. के क्षेत्र में शोध-कार्यकलापों के आयोजन, और ई. सी. सी. ई. के विस्तार कार्यकलाप जिसमें राज्यों में अन्य संगठनों को परामर्श देना शामिल है, किए गए। वर्ष 1991-92 में शैशवकालीन देखभाल पर प्रकाशित विवरणिकाओं/मैनुअलों आदि में शैशवकालीन शिक्षा कार्यक्रम पर एक चित्र-पुस्तिका; चाइल्ड-टू-चाइल्ड कार्यक्रम पर एक मैनुअल; छोटे बच्चों के लिए प्रेरक कार्यकलापों पर एक मैनुअल, "ड्रामा एण्ड दि यंग चिल्ड्रन" शीर्षक पर पुस्तिका, खेल सामग्री पर मैनुअल, सर्जनात्मकता और हिन्दी पर चित्र-पुस्तिका, कम लागत के खेल-खिलौनों पर अध्यापकों के लिए पुस्तिका, 3 से 8 वर्ष के बच्चों के लिए हिन्दी में 180 दृश्यश्रव्य कार्यक्रमों की सूची; ई.सी.सी.ई. कार्यक्रम और सामग्री पर विवरणिका शामिल है। अध्यापकों और माता-पिता के लिए एक वीडियो फिल्म "ब्रिजिंग दि गैप" निर्मित की गई और 'रेडियो सम्भाव्यता अध्ययन' पर एक वीडियो वृत्तचित्र भी तैयार किया जा रहा है। इनके अतिरिक्त "मिनिमम स्पेसिफिकेशन फॉर प्री स्कूल" शीर्षक पर एक प्रलेख तैयार किया गया।

वर्ष 1991-92 में बेंगलूर, मुंबई और दिल्ली में एक-दिवसीय संगोष्ठियाँ आयोजित की गईं। इस कार्यकलाप ने लोगों को बहुत आकर्षित किया। इन संगोष्ठियों की सिफारिशों का प्रचार-प्रसार व्यापक रूप से किया गया।

शैशवकालीन शिक्षा/बाल विकास में रा.शै.अ.प्र.प. के अनुसंधान कार्यक्रमों में "रेडियो सम्भाव्यता अध्ययन", "बच्चों के नामांकन और अवरोधन पर अध्ययन", "3 से 8 वर्ष के विकलांग बच्चों के साथ ऑडियो कार्यक्रमों का प्रयास", संख्या-बोध के विकास के लिए प्रक्रिया-आधारित कार्यक्रम और रेडियो के माध्यम से बच्चों के संवर्धन पर प्रयोग (सी.एच.ई.ई.आर) शामिल है। परिषद् ने यूनिसेफ द्वारा सहायता प्राप्त शैशवकालीन शिक्षा परियोजना जिसे 12 राज्यों (बिहार, गोवा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, नागालैंड, उड़ीसा, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, गुजरात और आन्ध्र प्रदेश) में कार्यान्वित किया जाना है, के अन्तर्गत कार्यक्रमों और कार्यकलापों का अनुवीक्षण और समन्वयन जारी रखा। इस परियोजना में राज्यों में शैशवकालीन शिक्षा कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने और एकीकृत बाल विकास योजना (आई.सी.डी.एस.) से संबंधित विभागों के साथ सम्पर्क बढ़ाने पर विशेष बल दिया जाता रहा।

3.3 प्रारंभिक शिक्षा का सार्वजनीकरण (यू.ई.ई.)

मूलभूत निर्देशों और राष्ट्रीय शिक्षा नीतिं-86 के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए रा.शै.अ.प्र.प. ने प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण से संबंधित कार्यक्रमों और परियोजनाओं को उच्च प्राथमिकता दी है। कक्षा 1 से 5 तक के लिए पाठ्यपुस्तकों और अध्यापक संदर्शिका के विकास हेतु वर्ष 1989-90 में आरंभ किए गए कार्य पर नई अनुदेशी सामग्री के विकास का चक्र वर्ष 1990-91 में पूरा हुआ। वर्ष 1991-92 में अन्य बातों के साथ-साथ प्राथमिक स्तर पर छात्र-मूल्यांकन के लिए दिशानिर्देश तैयार करने और अनुदेशी सामग्री के संशोधन पर बल दिया जाता रहा।

मा.सं.वि.मं. के अनुरोध पर रा.शै.अ.प्र.प. ने "ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालयों को भेजी गई सामग्री के विस्तार और उपयोग" पर एक अध्ययन किया। विद्यालयी अध्यापकों का सामूहिक कार्यक्रम (ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड) के संदर्भ में प्रमुख व्यक्तियों के लिए पोर्टब्लेयर में आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम के अन्तर्गत शैक्षिक योगदान दिया गया। इसी प्रकार एक अन्य यूनिसेफ सहायता प्राप्त मानव संसाधन विकास के लिए "गहन-क्षेत्र शिक्षा परियोजना" (ए.आई.ई.पी.) शीर्षक के अन्तर्गत प्रमुख व्यक्तियों और कार्यरत अध्यापकों के लिए सिलवासा में आयोजित किया गया। ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड संबंधी विद्यालयी अध्यापकों के सामूहिक अभिविन्यास के अन्तर्गत तैयार किए गए प्रशिक्षण पैकेजों को जि.शै.अ.प्र.प. की आवश्यकताओं के अनुसार राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को भेजा गया। प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण से संबंधित अन्य कार्यक्रम इस प्रकार हैं : "प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम" और भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति से प्राथमिक शिक्षा अधिनियम के कार्यान्वयन का विशेष संदर्भों में समीक्षात्मक अध्ययन"। नवम्बर, 1991 में अखिल भारतीय प्राथमिक विद्यालय संघ के प्रतिनिधियों के लिए प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण

पर एक अखिल भारतीय संगोष्ठी राज्य शै.अ.प्र.प. उदयपुर में आयोजित की गई।

क्षेत्र-गहन शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत "सर्वेक्षण द्वारा शैक्षिक और विकासात्मक आवश्यकताओं की पहचान" पर कार्य पूरा हो चुका है और परियोजना "गाँवों में शैक्षिक और विकासात्मक कार्यकलापों की सूक्ष्म योजना बनाने" का कार्य लिया गया है। दिसम्बर, 1991 में क्षेत्र-गहन शिक्षा परियोजना पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन मद्रास में आयोजित किया गया जिसमें राज्य स्तर के निर्णायकों, जिला और खण्ड स्तरों पर परियोजना दल के सदस्यों, रा.शै.अ.प्र.प., मा.सं.वि.मं. और यूनिसेफ के प्रतिनिधियों के मध्य संलग्न खंडों में परियोजना के प्रभावी कार्यान्वियन संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श करने का एक अवसर प्रदान किया गया। यूनिसेफ सहायता प्राप्त परियोजनाएं पोषण, स्वास्थ्य शिक्षा और पर्यावरणात्मक स्वच्छता (एन.एच.ई.ई.एस.) तथा "प्राथमिक शिक्षा व्यापक उपागम" की रिपोर्ट भी प्रकाशित की जा चुकी है।

3.4 न्यूनतम अधिगम स्तर

रा.शै.अ.प्र.प. मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिक विद्यालय स्तर पर न्यूनतम अधिगम स्तरों के कार्यान्वयन में जुटी हुई है। ऐसी परिकल्पना की गई है कि न्यूनतम अधिगम परियोजना से अध्ययन-अध्यापन की विषयवस्तु को ही पढ़ाने पर बल देने की बजाए सीखने पर बल दिया जाएगा जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने में सहायता मिलेगी।

न्यूनतम अधिगम परियोजना के अन्तर्गत कक्षा 1, 2 और 3 की अध्यापक पुस्तिकाएँ प्रकाशित की गईं और कक्षा 4 और 5 की अध्यापक पुस्तिकाओं की पाण्डुलिपियों को अन्तिम रूप दिया गया। न्यूनतम अधिगम स्तर की निर्धारित क्षमताओं के अनुसार हिन्दी, गणित और पर्यावरण-अध्ययन के क्षेत्रों में मद-समूह तैयार किए गए। रा.शै.अ.प्र.प. के संकाय-सदस्यों और केन्द्रीय समूह ने मिलकर अध्ययन-अध्यापन के एम.एम.एल. उपागम के समरूप सिद्धान्त, व्यवहार और प्रविधि में 500 से भी अधिक अध्यापकों को प्रशिक्षित किया।

न्यूनतम अधिगम स्तर कार्यक्रम के अन्तर्गत हिन्दी, गणित और पर्यावरण अध्ययन पर इकाई परीक्षण का विकास करने के कार्य किए गए। प्रवेश स्तर परीक्षणों के आँकड़े एकत्र किए गए। स्तर परीक्षणों जिसका प्रयोग छात्रों पर व्यक्तिगत रूप से किया गया था, अनुवर्ती इकाई परीक्षण का प्रावधान किया गया। एम.एम.एल. से संबंधित विचारों और अनुभवों को इस प्रणाली में व्यापक रूप से शामिल करने का भी प्रयास किया गया।

3.5 अनौपचारिक शिक्षा

रा.शै.अ.प्र.प. अनौपचारिक शिक्षा योजना—1988 में कार्यरत सरकारी और गैर-सरकारी योजनाओं को तकनीकी और शैक्षिक संसाधन प्रदान करती है। अनौ.शि. सामग्री को पाठ्यचर्याओं के अध्येताओं की अपेक्षाओं के अनुकूल बनाने के लिए पाठ्यचर्या और सामग्री संबंधी अनुसंधान कार्य किया गया। प्राथमिक शिक्षा के लिए न्यूनतम अधिगम स्तरों की पहचान से मूल्यांकन के क्षेत्र में अनुसंधान कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए एम.एल.एल. के निर्धारणों का प्रयोग किया जा रहा है।

अनौ.शि. का विभिन्न पहलुओं से प्रयोग करने के लिए परिषद् ने आन्ध्र प्रदेश, बिहार, राजस्थान और पश्चिमी बंगाल में स्थित क्षेत्र स्टेशनों को तकनीकी सहायता देना निरन्तर जारी रखा। ये क्षेत्र स्टेशन एक ऐसी प्रयोगशाला के रूप में कार्य करते हैं जहाँ अनौ.शि. की विभिन्न कार्यनीतियों, सामग्री और पद्धतियों की प्रयोगात्मक रूप से जाँच की जाती है। वर्ष 1991-92 में अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रमों में एम.एम.एल. विवरणों का प्रयोग करते हुए शिक्षण अधिगम सामग्री और आदर्श नमूनों का विकास करना मुख्य कार्य रहा। हिन्दी में अध्ययन-अध्यापन सामग्री के पाँच आदर्श नमूनों की पांडुलिपियाँ तैयार की जा चुकी हैं। 1991-92 के दौरान अनौ.शि. कार्यक्रमों के अन्तर्गत सामाजिक, भावनात्मक और राष्ट्रीय एकता पर पूरक सामग्री की एक श्रृंखला तैयार की गई।

राज्य सरकारों और स्वैच्छिक अभिकरणों में कार्यरत अनौ. शि. कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण का प्रथम चरण समाप्त होने के बाद, दूसरे चरण में विभिन्न राज्यों के कार्यकर्ताओं के

1991-92

प्रशिक्षण के लिए मॉड्यूल तैयार करने में सहायता दी गई। इस प्रयास में जिला स्तर विशेषरूप से जिला शै.प्रौ.सं. और जिला केन्द्रों के प्रशिक्षुओं के संसाधन दल बनाने पर विशेष बल दिया जाता रहा। परिषद् ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अनुरोध पर सारे देश में अनौपचारिक शिक्षा के कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा स्वैच्छिक अभिकरणों को दिए गए अनुदान के मूल्यांकन का कार्य किया।

वर्ष 1991-92 में एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें राज्य सरकार और स्वैच्छिक अभिकरणों के अनौ. शि. कार्यकर्ताओं को अपने अनुभवों को बाँटने और भावी योजनाओं पर विचार-विमर्श करने के लिए एक अवसर प्रदान किया गया।

3.6 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन-जाति शिक्षा

रा.शै.अ.प्र.प. ने अनुसूचित जातियों और जन-जातियों की शिक्षा के संवर्द्धन के लिए अपने कार्यकलाप जारी रखे। केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान के सहयोग से कक्षा 1 और 2 के लिए लगभग आठ आदिवासी बोलियों में शिक्षण-अधिगम सामग्री तैयार की गई। डा. अम्बेडकर द्वारा शिक्षा के संबंध में विशेषकर अ.जा./ज.जा. शिक्षा के संदर्भ में लिखे गए अवतरणों का एक संग्रह प्रकाशित किया गया। रा.शै.अ.प्र.प. ने हिमाचल प्रदेश में प्रयोग की जाने वाली पाठ्य पुस्तकों में से अनु. जा./ज.जा. के हितों के प्रतिकूल सामग्री को निकालने के लिए इन पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन भी किया। परिषद् इस परियोजना को आगे जारी रखते हुए सभी राज्यों की शिक्षण-अधिगम सामग्री का मूल्यांकन कर रही है।

3.7 विकलांगों के लिए एकीकृत शिक्षा

विद्यालय से निकाले गए अथवा विद्यालय व्यवस्था में अनुकूल सुविधाएँ न होने के कारण विद्यालय छोड़ जाने वाले विकलांग बच्चों की शिक्षा जारी रखने के लिए रा.शै.अ.प्र.प. संयुक्त क्षेत्र उपागम का प्रयोग करके क्षेत्रीय प्रदर्शन आरंभ किया। इस प्रकार के दस अन्य क्षेत्रीय प्रदर्शन स्थल विकलांग बच्चों के लिए एकीकृत शिक्षा (आई.ई.डी.) की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अंतर्गत यूनिसेफ और मा.सं.वि.मं. की सहायता से देश के कठिन परिस्थितियों वाले विभिन्न भागों में भी स्थापित किए गए। वर्ष 1991-92 में आई.ई.डी. योजना को परियोजनेतर क्षेत्र में लागू करके संयुक्त क्षेत्र उपागम द्वारा शिक्षा देने की जानकारी पर बल दिया जाता रहा। प्रभावकारी शिक्षण के लिए विद्यालय और कक्षा को सुव्यवस्थित करने के संबंध में कुछ नवाचारी और प्रयोगात्मक कार्यकलाप किए गए। इसमें "अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण पद्धतियों पर आधारित अध्यापक शिक्षा संसाधन पैक की प्रभाविता" और "छात्रों की अधिगम प्रशिक्षण और कक्षा उपलब्धियों के प्रति अभिरुचि", "विकलांग बच्चों की शिक्षा के प्रति शैक्षिक प्रशासकों और अध्यापकों की अभिवृत्ति", और "प्रारंभिक जानकारी और मध्यस्थता के लिए आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण" कार्यक्रम शामिल हैं।

वर्ष 1991-92 में इलैक्ट्रॉनिकी विभाग द्वारा वित्तपोषित प्रौद्योगिकी विकास परियोजना के अन्तर्गत हिन्दी में कम्प्यूटर की सहायता से शिक्षण-अधिगम पर सॉफ्टवेयर तैयार किया गया। विशेष आवश्यकताओं पर 2 वीडियो कार्यक्रमों के दो सेट बनाए गए। टेलीस्कूल परियोजना के अन्तर्गत कार्यक्रमों की दूसरी श्रृंखला मानसिक रूप से विकलांग विद्यार्थियों के अभिभावकों और अध्यापकों के लिए बनाई है। कक्षा में विशेष आवश्यकताओं का सामना करने पर यूनेस्को संसाधन पैक का क्षेत्र परीक्षण किया गया और इसे भारतीय संस्कृति और परिवेश के अनुकूल बनाया गया।

जि.शै.प्रौ.सं. अध्यापक शिक्षा महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय के शिक्षा विभागों और अन्य अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों के अध्यापक-शिक्षकों के लिए विशेष शिक्षा में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। अध्यापक-शिक्षा में एकीकृत शिक्षा में नवाचार पद्धतियों और विद्यालय शिक्षा/अध्यापक शिक्षा के आगामी परिप्रेक्ष्यों पर विभिन्न समर्थन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विकलांगों के लिए एकीकृत शिक्षा के क्षेत्र में गैर-सरकारी संगठनों के राष्ट्रीय सम्मेलन में बहुत से संगठनों ने राज्य सरकारों और मा.सं.वि.मं. को अपने कार्यक्रमों के लिए सहायता प्रदान करने का प्रस्ताव रखा।

3.8 महिला समानता के लिए शिक्षा

रा.शै.अ.प्र.प. ने बालिका शिक्षा के संवर्द्धन और लिंगों की समानता संबंधी अपनी वचनबद्धता को पाठ्यचर्या और अध्यापक शिक्षा में उपयुक्त मध्यस्थता और बालिका शिक्षा की अग्रवर्ती नीतियों एवं विशेष कार्यक्रमों में केन्द्र, राज्यों और अन्य संस्थानों/संगठनों को सहायता देकर नवीकृत किया है। रा.शै. अ.प्र.प. के अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण और विस्तार कार्यकलाप मुख्यतः बालिकाओं के लिए प्रारंभिक शिक्षा का सार्वजनीकरण; शान्ति और विकास के लिए लिंगों में समानता; नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमता उत्पन्न करने के लिए बालिकाओं में अपना सकारात्मक स्वरूप विकसित करना और गैर-परंपरागत व्यवसाय तथा पेशों में बालिकाओं की प्रतिभागिता का संवर्द्धन करना है। वर्ष 1991-92 में इस कार्यनीति में जागरूक पीढ़ी का निर्माण, पाठ्यचर्या की पुनर्रचना, अध्यापक शिक्षा में योगदान, पाठ्यचर्या विकासकों के लिए अभिविन्यास और प्रशिक्षण कार्यक्रम, योजना-नियोजन और कार्यान्वयन के लिए अनुसंधान और आँकड़ा आधार प्रदान करने, मीडिया से सम्पर्क बनाने, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों से नेटवर्क स्थापित करने और राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र के रूप में कार्य करने के लिए कार्यक्रमों का विकास किया गया।

रा.शै.अ.प्र.प. ने सार्क की एक कार्य योजना "बालिकाओं का दशक" तैयार की जिसमें नीति नियोजन और प्रबन्धन, पाठ्यचर्या और अध्यापक शिक्षा तथा संप्रेषण की कार्यनीतियों को सम्मिलित किया गया।

यूनेस्को द्वारा प्रायोजित अध्ययन "ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका शिक्षा का उन्नयन" में जिला स्तर पर विभिन्न शैक्षिक और संबद्ध स्थितियों का विश्लेषण करके ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं की शिक्षा के लिए एक संपूर्ण कार्य-योजना बनाई गई। एक अन्य अध्ययन "प्रारंभिक विद्यालयों में बालिकाओं की नियमितता और अनियमितता के कारणों की पहचान" में निर्धन वर्गों के शैक्षिक और सामाजिक अभाव का सजीव चित्र प्रस्तुत किया गया तथा इन वर्गों में बालिका शिक्षा की नियमितता बनाने के सशक्त उपायों को उजागर किया है।

रा.शै.अ.प्र.प. ने राज्यों के प्रमुख कार्मिकों के लिए महिला शिक्षा की कार्यपद्धति पर एक सात-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। अध्यापक शिक्षा में उपयुक्त योगदान प्रदान करने के लिए मध्य प्रदेश में अध्यापक शिक्षकों के लिए एक राज्य स्तर की कार्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विषयों और शैक्षिक सिद्धान्त के शिक्षण के माध्यम से लिंगों की समानता सहित मूल्यों में अनुरूपता लाने की सिफारिश की गई।

"मानसी परिचय माला" और "नारी की विकास यात्रा" श्रृंखलाओं के अन्तर्गत महिला समानता शिक्षा के लिए आदर्श सामग्री तैयार करने का कार्य जारी रहा। मुख्य शैक्षिक और सामाजिक स्थितियों को समाविष्ट करके भारत में बालिका शिक्षा पर एक तथ्य पत्र भी तैयार किया गया और इसका व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया गया।

3.9 शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यक समुदाय की शिक्षा

शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों के विद्यालयों में दिसम्बर, 1991 तक की रा.शै.अ.प्र.प. के योगदान की स्थिति पर एक रिपोर्ट को अद्यतन बनाकर मा.स.वि.मं. को इसे आगे अल्पसंख्यक आयोग को भेजने के लिए दिया गया। इसके अतिरिक्त शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यक समुदाय योजना पर एक व्यापक अल्पभाषी टिप्पण बनाकर अल्पसंख्यक आयोग को प्रेषित किया गया जिसमें ऐतिहासिक प्रतिदर्शों, कार्यक्रम कार्यान्वयन में आने वाली रुकावटों और कार्यक्रम के परिणाम दिए गए हैं।

3.10 विज्ञान और गणित शिक्षा का सुधार

रा.शै.अ.प्र.प. ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-1986 और रा.शि.नी. के संदर्भ में कार्रवाई-कार्यक्रम के अनुसार विज्ञान शिक्षा में गुणात्मक सुधार और वैज्ञानिक प्रकृति में सुधार के प्रयास को निरन्तर जारी रखा। अन्य बातों के साथ-साथ इसमें विज्ञान और गणित में अनुदेशी तथा अन्य संबंधित सामग्री का विकास, प्रमुख व्यक्तियों को प्रशिक्षण देना तथा विद्यालय स्तर पर विज्ञान और गणित की गुणवत्ता को सुधारने के लिए शोध कार्यकलाप आदि शामिल हैं। रा.शि.नी. को ध्यान में रखते हुए कक्षा 7-11 के लिए अनुदेशी सामग्री विकसित करने का चक्र पूरा

1991-92

करने के बाद वर्ष 1991-92 में विद्यालय शिक्षा में उच्च प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर पर विज्ञान के शिक्षण को प्रभावी बनाने के प्रयास किए गए। इस कार्य में अन्य बातों के साथ-साथ विज्ञान उपकरणों पर कुछ आदर्श नमूनों का विकास किया गया तथा कुछ कम लागत के यन्त्रों की रूपरेखा तैयार की गई।

वर्ष 1991-92 में एक गहन अध्ययन किया गया जिसमें कक्षा 6-12 के लिए विज्ञान और गणित में पाठ्य-सामग्री की विषय-वस्तु का विश्लेषण किया गया। पाठ्यचर्या पैकेज के एक भाग के रूप में प्रभावी पाठ्यचर्या सम्पादन के लिए अध्यापक संदर्शिका परीक्षण मदें, प्रयोगशाला मैनुअल और दृश्य-श्रव्य साधन तैयार करने का भी कार्य किया गया। कुछ अन्य महत्वपूर्ण अनुसंधान और विकास कार्यकलाप इस प्रकार हैं : + 2 स्तर पर अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रयोग किए जाने वाले भौतिकी और रसायनविज्ञान में मार्गदर्शी सामग्री का विकास, उच्चतर माध्यमिक स्तर पर बहुउपयोगी विज्ञान प्रयोगशाला की रूपरेखा बनाना, उच्चतर माध्यमिक स्तर पर निदर्शनात्मक प्रयोगों और रसायन विज्ञान में नमूनों के लिए प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों को न्यूनतम प्रारंभिक अनिवार्य सुविधाओं के लिए मापदण्ड निर्धारित करना, भौतिकी और जीव विज्ञान में विधियों और प्रयोगशालाओं हेतु दिशानिर्देश तैयार करना, गणित में "कम्प्यूटिंग" में विषय-आधारित परीक्षा मदें, प्रश्नकोश, आँकड़ा डिस्क और पूरक सामग्री का विकास, उच्चतर माध्यमिक स्तर पर रसायन विज्ञान में शिक्षण-अधिगम के लिए एकीकृत साफ्टवेयर पैकेजों का विकास, विज्ञान में पूरक पठन सामग्री का विकास, विज्ञान में प्रसिद्ध विज्ञान सामग्री, "रीडिंग टू लर्न" का विकास और शैक्षिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षण क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माध्यमिक स्तर के अध्यापकों के लिए शिक्षण-सामग्री का विकास।

रा.शै.अ.प्र.प. विभिन्न अभिकरणों जैसे राज्य विज्ञान शिक्षा केन्द्रों, राज्य शै.अ.प्र.प., नवोदय विद्यालय समिति और विद्यालय संबंधी अन्य गैर-सरकारी संगठनों के लिए विद्यालय स्तर के विज्ञान और गणित के अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने में सहयोग देती है। उच्चतर माध्यमिक स्तर के लिए गणित के मुख्य क्षेत्रों के प्रमुख व्यक्तियों के अभिविन्यास के लिए भी एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नवम्बर, 1991 में कोच्चि में एक राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। वर्ष 1991-92 में रा.शै.अ.प्र.प. ने "साइंस इन 2001 ए.डी." विषय पर राज्य स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी लगाने के लिए 22 राज्यों और 6 संघ शासित क्षेत्रों को शैक्षिक मार्गदर्शन और वित्तीय सहयोग दिया। इसके अतिरिक्त देश के 16 केन्द्रों में आयोजित एक-दिवसीय कार्यक्रम "चिल्ड्रन मीट साइन्टिस्ट" में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं पर पथ प्रदर्शन किया गया। रा.शै.अ.प्र.प. के 30वें स्थापना दिवस के अवसर पर विशेष 'खुला सदन' कार्यकलापों का आयोजन किया गया। इन कार्यकलापों में बच्चों ने अपने हाथ से अनुभव प्राप्त करने के अतिरिक्त पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री के विकास की विभिन्न कार्यविधियों की जानकारी प्राप्त की।

केन्द्रीय प्रायोजित योजना विद्यालय में विज्ञान शिक्षा के सुधार के मूल्यांकन कार्य के अन्तर्गत विज्ञान और गणित संबंधी शोध निबन्धों, शोधप्रबन्धों, लेखों और पुस्तकों के लिए विकसित कार्यपद्धति की सहायता से इनकी समीक्षा की गई।

3.11 सामाजिक विज्ञान और मानविकी शिक्षा

विद्यालयी स्तर पर शिक्षा की विषय-वस्तु और प्रक्रिया की पुनर्संरचना के प्रयासों के अन्तर्गत रा.शै.अ.प्र.प. ने वर्ष 1991-92 में पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री के विकास में निर्देश देने, अध्यापकों और अध्यापक-शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम करने, पाठ्यचर्याओं और अनुदेशी सामग्री के विकास और मूल्यांकन में राज्य शिक्षा प्राधिकरणों को शैक्षिक समर्थन प्रदान करने और भाषा तथा सामाजिक अध्ययन में सर्वेक्षण अध्ययन करने का प्रयास जारी रखा। एक मुख्य क्षेत्र दूसरी और तीसरी भाषा के रूप में हिन्दी और उर्दू तथा तीसरी भाषा के रूप में अंग्रेजी पर पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री के विकास पर कार्य प्रारंभ किया गया।

पिछले दो वर्षों में देश और विश्व में हुए परिवर्तनों

को देखते हुए सामाजिक विज्ञान की बहुत सी पाठ्यपुस्तकों को संशोधित करना आवश्यक हो गया था। इस संदर्भ में उस अनुदेशी सामग्री का मूल्यांकन किया गया जिनमें तत्काल संशोधन करने की आवश्यकता है। ऐसी पठन सामग्री तैयार करने का कार्य किया गया जिसमे अध्यापकों को अपने-अपने विषय-क्षेत्रों में हाल ही में हुए परिवर्तनों की जानकारी मिल सकेगी।

राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन के कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1991-92 में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिमी बंगाल, आन्ध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, असम, मणिपुर, और त्रिपुरा की पाठ्यपुस्तकों के नमूना मूल्यांकन का कार्य किया गया।

कला शिक्षा जो कि विद्यालय पाठ्यचर्या में अपेक्षाकृत एक नया अनिवार्य क्षेत्र है, के उन्नयन के लिए कला अध्यापकों का एक शिविर आयोजित किया गया। डा.बी.आर. अम्बेडकर की जन्म शताब्दी के सिलसिले में विद्यालयी विद्यार्थियों के लिए एक निबन्ध प्रतियोगिता और एक संगोष्ठी पठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रा.शै.अ.प्र.प. ने समकालीन भारत और पाठ्यचर्या बोझ पर भारत सरकार मा.सं.वि.मं. द्वारा स्थापित सलाहकार समिति को शैक्षिक और अन्य सहायता प्रदान की।

3.12 राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना (एन.पी.ई.पी.)

वर्ष 1991-92 में एन.पी.ई.पी. के अन्तर्गत कार्यक्रम और कार्यकलाप का मुख्य केन्द्र बिन्दु पाठ्यचर्या और पाठ्य-सामग्री को तैयार करने, प्रशिक्षण/अभिविन्यास, अनुसंधान और मूल्यांकन करने तथा विभिन्न अभिकरणों को जनसंख्या शिक्षा संबंधी सूचना के प्रसार-प्रचार पर रहा। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की अनुदेशी सामग्री और प्रशिक्षण सामग्री तथा मनोरंजक कहानियों के रूप में पूरक पठन सामग्री के आदर्श नमूने तैयार किए गए और उनका परीक्षण किया गया। रा.शै.अ.प्र.प. ने राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय के सहयोग से राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय के माध्यमिक स्तर के लिए अर्थशास्त्र, भूगोल और विज्ञान के विषय-क्षेत्रों में जनसंख्या शिक्षा माड्यूल विकसित करने का कार्य किया।

जनसंख्या संबंधी तीन विषयों पर वीडियो कार्यक्रम तैयार किए गए और उनका प्रचार-प्रसार किया गया। जनसंख्या शिक्षा के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सात पोस्टरों के एक सेट और दो मनोरंजक श्रृंखलाओं की कोलम्बो में आयोजित उप-क्षेत्रीय यूनेस्को विशेषज्ञ शिविर बैठक में समीक्षा की गई और इन्हें अन्तिम रूप दिया गया।

विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई) के सिलसिले में जनसंख्या शिक्षा सप्ताह के आयोजन के लिए दिशानिर्देशों पर एक पुस्तिका तैयार की गई। दिनांक 25 अगस्त से 5 सितंबर 1991 तक दक्षिणी एशियाई देशों के लिए जनसंख्या शिक्षा तकनीकी विनिमय कार्यक्रम के अन्तर्गत सार्क देशों से आए शिष्टमण्डल ने जनसंख्या शिक्षा के विभिन्न कार्यक्रमों और कार्यकलापों में अपने अनुभवों और विचारों का आदान-प्रदान किया। वर्ष 1991-92 में दो परियोजना प्रगति समीक्षा (पी.पी.आर.) बैठकें, आयोजित की गईं जिनमें राज्य जनसंख्या शिक्षा प्रकोष्ठ और राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा एकक के कार्यकलापों की प्रगति पर विचार-विमर्श किया गया और वर्ष 1992 की कार्य योजनाएँ तैयार की गईं तथा उन्हें अन्तिम रूप दिया गया। वर्ष 1992 की कार्य योजनाओं को त्रिपक्षीय परियोजना समीक्षा (टी.पी.आर.) बैठक से अनुमोदन प्राप्त हो चुका है।

3.13 परीक्षा सुधार

रा.शै.अ.प्र.प. मापन, मूल्यांकन और प्रतिभा खोज संबंधी विभिन्न कार्यकलापों में जुटी रहती है। विज्ञान और सामाजिक विज्ञान संबंधी अधिगम परिणामों का मूल्यांकन करने के लिए इन पाठ्यचर्या क्षेत्रों में इकाई परीक्षण विकसित किए गए। + 2 स्तर के प्रथम वर्ष के लिए कम्प्यूटर विज्ञान में विषय आधारित परीक्षण मदें तैयार की गईं। कक्षा 1 से 3 के लिए अंकगणित और हिन्दी में निदानात्मक परीक्षण तैयार किए गए। उच्च प्राथमिक स्तर पर अंग्रेजी बोलना सिखाने में अध्यापकों को सहायता प्रदान करने हेतु अंग्रेजी में मौखिक अभ्यास विकसित किए गए।

विद्यालयों में निरन्तर व्यापक मूल्यांकन पर सिफारिशों का एक सेट राज्य शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, माध्यमिक शिक्षा बोर्डों और राज्य शिक्षा विभागों आदि को भेजा गया।

1991-92

"परीक्षा में वैकल्पिक मूल्यांकन प्रक्रिया" पर एक पैकेज को परीक्षाओं से संबद्ध विभिन्न अभिकरणों में भेजा भी गया।

22 राज्यों और संघ शासित क्षेत्र दिल्ली में "प्राथमिक विद्यालयों की उपलब्धि" नामक एक परियोजना प्रगति पर है।

3.14 शिक्षा का व्यावसायीकरण

राज्य शै.अ.प्र.प. का एक महत्वपूर्ण कार्य उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के व्यावसायीकरण से संबद्ध कार्यक्रमों और कार्यकलापों का विकास और कार्यान्वियन तथा सामान्य शिक्षा के एक अभिन्न अंग के रूप में कार्यानुभव कार्यक्रम के माध्यम से देश की कार्य शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना है। वर्ष के दौरान रा. शै.अ.प्र.प. द्वारा किए गए कुछ महत्वपूर्ण कार्यकलाप इस प्रकार हैं : पाठ्यचर्या, अनुदेशी सामग्री जिसमें बहु-माध्यम पैकेज सम्मिलित हैं, दिशानिर्देशों का विकास, +2 स्तर पर व्यावसायिक अध्यापक शिक्षकों, समन्वयकों और कार्मिकों को प्रशिक्षण देना, व्यावसायिक कार्यक्रमों की प्रबन्ध सूचना पद्धति के राज्य स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण देना, राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के सहयोग से शिक्षा व्यावसायीकरण संबंधी कार्यकलापों के विस्तार और प्रचार-प्रसार संबंधी कार्यकलापों का आयोजन करना, केन्द्र द्वारा प्रायोजित माध्यमिक शिक्षा की व्यावसायीकरण योजना के कार्यान्वियन संबंधी अध्ययन; शिक्षा के व्यावसायीकरण कार्यक्रम पर सूचना एकत्र करने के लिए संगोष्ठियों का आयोजन करना और उच्चतर माध्यमिक स्तर के व्यावसायीकरण कार्यक्रम की रूपरेखा बनाना और कार्यान्वियन करना।

वस्त्र डिजाइन, इलैक्ट्रॉनिकी, पर्यावरण शिक्षा, वैद्युत मोटर, अन्तर्देशीय मछली-पालन, कथक, हिन्दी आशुलिपि और मोटर मरम्मत तथा देखभाल; भारतीय संगीत पर क्षमता आधारित पाठ्यचर्या के विकास; स्वागती, व्यापारिक कला और प्लास्टिक तथा पॉलीमर तकनीकी के क्षेत्रों में अनुदेशी सामग्री, प्रश्नकोश और वीडियो आलेख विकसित करने के लिए विभिन्न कार्यशालाओं का आयेजिन किया गया। वर्ष 1991-92 में व्यावसायिक शिक्षा पर तीन सामान्य अभिविन्यास कार्यक्रम, व्यावसायिक अध्यापकों के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने वाले समन्वयकों के लिए दो अभिविन्यास कार्यक्रम और राज्य स्तर के अधिकारियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा पर एक अल्पावधि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-1986 की "केब" समिति को योगदान प्रदान करने के लिए रा.शि.नी.—1986 की समीक्षा समिति की रिपोर्ट का विश्लेषण किया गया। अन्य बातों के साथ-साथ रा.शै.अ.प्र.प. ने इस वर्ष कार्यानुभव पर राष्ट्रीय समीक्षा संगोष्ठी और चरित्र निर्माण, मूल्यों की जानकारी तथा समुदाय सेवा के लिए विद्यालय स्तर पर कार्यानुभव पर कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने के लिए विशेषज्ञों के पैनल की बैठक का आयोजन किया। रा.शै.अ.प्र.प. ने माध्यमिक शिक्षा के व्यावसायीकरण की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अन्तर्गत राज्यों/संघशासित क्षेत्रों और स्वैच्छिक संगठनों द्वारा वित्तीय सहायता की मांग के प्रस्तावों का मूल्यांकन करने के लिए मा.सं.वि.मं. को सहायता प्रदान की तथा सहायता-अनुदान/वित्तपोषण समिति की बैठकों में भाग लिया।

रा.शै.अ.प्र.प. ने राज्यों/संघशासित क्षेत्रों द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा व्यावसायीकरण कार्यक्रमों की क्षमताओं और दोषों का पता लगाने के लिए तत्काल अध्ययन करने संबंधी कार्य किए। वर्ष 1991-92 में केरल और आन्ध्र प्रदेश में केन्द्रीय प्रायोजित योजना "माध्यमिक शिक्षा का व्यावसायीकरण" के कार्यान्वियन का गहन अध्ययन किया गया।

3.15 प्रतिभा खोज

रा.शै.अ.प्र.प. की राष्ट्रीय प्रतिभा खोज (एन.टी.सी.) के अन्तर्गत प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान की जाती है और उन्हें उत्तम शिक्षा प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है, ताकि उनकी प्रतिभा का विकास हो सके और वे अपने चयनित विषय में अपनी गुणवत्ता बढ़ाकर देश की बेहतर सेवा कर सकें। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना में प्रतिवर्ष 750 छात्रवृत्तियाँ दी जाती हैं, जिनमें से 70 छात्रवृत्तियाँ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के विद्यार्थियों को दी जाती है।

रा.प्र.खो. की दूसरे स्तर की परीक्षा सारे भारत के 32 केन्द्रों में 13 मई 1991 को आयोजित की गई, इससे पहले प्रथम स्तर की परीक्षा राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों द्वारा

अक्टूबर, 1990 से जनवरी 1991 तक आयोजित की गई।

रा.शै.अ.प्र.प. देश में जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा-6 में प्रवेश के लिए चयन हेतु नवोदय विद्यालय समिति को तकनीकी सहायता प्रदान करती है। वर्ष 1991-92 के शैक्षिक सत्र के लिए विद्यार्थियों के चयन हेतु परिषद् ने छः परीक्षा के प्रपत्र तैयार किए और उन्हें 18 क्षेत्रीय भाषाओं में मुद्रित करवाया। परीक्षा की श्रृंखला में मानसिक योग्यता परीक्षा, भाषा परीक्षा और अंकगणित परीक्षा सम्मिलित है।

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 1991 के लिए 3,32,064 अभ्यर्थी पंजीकृत हुए, परीक्षा में 2,91,277 अभ्यर्थी शामिल हुए। नवोदय विद्यालय योजना के अनुसार कम से कम 75% सीटें प्रत्येक जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के अभ्यर्थियों से भरी जाती हैं और 25% सीटें शहरी अभ्यर्थियों से भरी जाती हैं। योजना में 15% सीटें अनुसूचित जाति तथा 7.5% अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं। यह आरक्षण खुली प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त अ.जा. तथा अ.ज.जा. के अभ्यर्थियों के अतिरिक्त हैं।

3.16 शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन

शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन के सिद्धान्तों की सहायता से विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाना रा.शै.अ.प्र.प. का एक मुख्य कार्य रहा है। इसके साथ-साथ मार्गदर्शन और परामर्श, सृजनात्मकता, अधिगम, और व्यवहार परिवर्तन के संबंध में अनुसंधान, विकास और प्रशिक्षण कार्यकलाप किए जाते हैं तथा अध्यापकों और अध्यापक-शिक्षकों के प्रयोगार्थ मनोविज्ञान के क्षेत्र में अनुदेशी और प्रशिक्षण सामग्री का विकास किया जाता है।

वर्ष 1991-92 में 13 राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के 28 प्रशिक्षणार्थियों ने शैक्षिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन डिप्लोमा पाठ्यक्रम में भाग लिया। यह पाठ्यक्रम माध्यमिक विद्यालयों में मार्गदशर्न सेवाएँ देने के लिए परामर्शदाताओं और राज्य मार्गदशर्न ब्यूरो, अध्यापक शिक्षा महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय शिक्षा/मनोविज्ञान विभाग के कार्मिकों को प्रशिक्षित करने के लिए चलाया जाता है। इस पाठ्यक्रम के अतिरिक्त रा.शै.अ.प्र.प. ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए मार्गदर्शन और परामर्श में एक अभिविन्यास कार्यक्रम और विद्यालयी बच्चों की सृजनात्मक शक्ति में मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए मार्गदर्शन कार्मिकों के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया। इस वर्ष जि.शै.प्रौ.सं. के कार्मिकों के लिए शैक्षिक मनोविज्ञान और मार्गदर्शन में एक गहन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया।

रा.शै.अ.प्र.प. का शैक्षिक एवं मनोवैज्ञानिक परीक्षणों का राष्ट्रीय पुस्तकालय, संदर्भ पुस्तकालय और परीक्षणों तथा समीक्षाओं संबंधी सूचना के लिए एक केन्द्र के रूप में कार्य करता है। वर्ष 1991-92 में इस पुस्तकालय में अन्य बातों के साथ-साथ व्यक्तित्व के क्षेत्र में अद्यतन भारतीय परीक्षणों को सम्मिलित किया गया है।

इस वर्ष शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन में आयोजित किए गए शोध/सर्वेक्षण कार्यकलाप इस प्रकार हैं : "विद्यालय तथा कक्षा व्यवस्था में विद्यार्थियों के व्यावहारिक प्रबंध के कार्यों पर प्राथमिक अध्यापकों का एक प्रारंभिक अध्ययन" और "शहरी गन्दी बस्तियों में प्राथमिक विद्यालयी बच्चों की अधिगम समस्याओं का एक सर्वेक्षण" विकासात्मक कार्यकलापों में "प्रारम्भिक अध्यापक-शिक्षकों के लिए अधिगम और विकास" पर एक पुस्तिका तैयार करना, "कक्षा तथा विद्यालय व्यवस्था में प्राथमिक अध्यापक शिक्षकों तथा अध्यापकों के लिए व्यवहार परिवर्तन की एक पुस्तिका", प्रारम्भिक विद्यार्थियों की व्यवहार संबंधी समस्याओं में परिवर्तन लाने के लिए व्यवहारात्मक मध्यस्थता कार्यक्रम", "प्रारम्भिक विद्यालय के बच्चों के बीच सृजनात्मक संभावना के पोषण पर पुस्तिका", "विकासात्मक और जीवनवृत्ति मार्गदर्शन हेतु बहुमाध्यम पैकेज," "व्यवहार परिवर्तन में पाठ्यसामग्री" "प्रसिद्ध मनोविज्ञान श्रृंखलाएँ", "उत्कृष्ट शिक्षा के लिए अध्यापकों में मूल्य का विकास करने" और "+2 स्तर पर मनोविज्ञान में मद बैंक" पर प्रशिक्षण पैकेज तैयार करना सम्मिलित है। शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन में कुछ अन्य विकासात्मक कार्यकलाप इस प्रकार हैं: "भारत में बाल मनोवृत्तिः आधुनिक प्रवृत्ति और भावी परिप्रेक्ष्य", "बच्चों और किशोरों की मनोवृत्ति पर पाठ्यसामग्री",

1991-92

स्वतः आत्मपोषण और कार्याभिमुखता", "विद्यालय-विद्यार्थियों को समकक्षी परामर्शदाता के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए अनुदेशी सामग्री का विकास", "माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के स्वतः मार्गदर्शन के लिए माड्यूलों का विकास" और "मार्गदर्शन परामर्शदाताओं के लिए पुस्तिका"।

रा.शै.अ.प्र.प. ने राज्य शैक्षिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन ब्यूरो के अध्यक्षों के लिए अखिल भारतीय सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें राज्यों में मार्गदर्शन सेवाओं की अवस्थिति और उनकी भावी योजना कार्रवाई प्रस्तुत की गई। रा.शै.अ.प्र.प. के संकायों ने अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के तत्वावधान में "2001 में रोजगार सेवाओं की भूमिका" पर एक त्रिपक्षीय कार्यशाला का आयोजन किया और "भारत के शैक्षिक विकास संबंधी व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम और रोजगार सेवाओं का भावी रूप" विषय पर एक पत्र तैयार करने में अपना योगदान दिया।

3.17 अध्यापक-शिक्षा

इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि विद्यालय शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए अध्यापकों का विकास आवश्यक है, रा.शै.अ.प्र.प. ने प्रारंभिक और माध्यमिक अध्यापकों की शिक्षा में सुधार लाने के लिए अनुसंधान और विकास कार्यों पर बल देना जारी रखा जिनमें विद्यार्थी अध्यापकों, सेवारत अध्यापकों और अध्यापक-शिक्षकों के लिए विभिन्न पाठ्यचर्या क्षेत्रों में अध्यापक शिक्षा पाठ्यसामग्री और अनुकरणीय अनुदेशी सामग्री शामिल है। अध्यापक-शिक्षा में विषय-वस्तु और कार्यविधि के विकास के लिए अनुसंधान सहायता देने की दृष्टि से विभिन्न अनुसंधान और मूल्यांकन अध्ययन किए गए जिनमें "एक/दो अध्यापकों वाले प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापकों की समस्याओं का पता लगाना", "माध्यमिक अध्यापक शिक्षा महाविद्यालयों में कार्यानुभव का एक अध्ययन" और "जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन/निर्धारण" सम्मिलित है।

प्रारंभिक और माध्यमिक अध्यापक शिक्षा के लिए विकसित पाठ्यविवरणों और पाठ्यक्रम दिशा निर्देशों के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में मुद्रित और अमुद्रित अनुदेशी सामग्री का विकास प्रगति पर है। ये सामग्री सेवा-पूर्व और सेवाकालीन अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सुधार के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

वर्ष 1991-92 में जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों के संकाय तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् और उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थानों के प्राचार्यों के लिए विभिन्न प्रेरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। रा.शै.अ.प्र.प. के 30वें वार्षिकोत्सव पर 18 और 19 सितम्बर, 1991 को "1990 में विद्यालय शिक्षा : समस्याएँ और संदर्श" पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में विभिन्न प्रमुख शिक्षाविदों ने विद्यालय शिक्षा की समस्याओं विशेषकर (1) प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण, (2) माध्यमिक शिक्षा का गुणात्मक विस्तार, और (3) शिक्षा से वंचित समूहों के विशेष संदर्भ सहित भारतीय समाज और शिक्षा, विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस संगोष्ठी में अनेक महत्वपूर्ण सिफारिशें की गईं।

रा.शै.अ.प्र.प. ***"भारतीय शिक्षा में विश्वकोश"*** के विकास की विस्तृत योजना तैयार कर चुकी है। इस विश्वकोश के लिए विषय निर्धारित कर लिए गए हैं।

1991-92

चार प्राथमिक शिक्षा का सार्वजनीकरण

4.1 शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा (ई.सी.सी.ई)

4.1.1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) के कार्यान्वयन की कार्ययोजना (पी.ओ.ए.) से शैशवकालीन देखभाल व शिक्षा (ई.सी.सी.ई.) को प्राथमिक शिक्षा के पोषक एवं सहयोगी कार्यक्रम तथा समाज की सुविधाविहीन कामकाजी महिलाओं के लिए सहयोगी सेवा के रूप में मानव संसाधन विकास की कार्यनीति में महत्वपूर्ण योगदान की तरह मान्यता मिली है। विद्यालय पूर्व और प्रारम्भिक शिक्षा विभाग (डी.पी.एस.ई.ई.) राज्यों एवं संघशासित क्षेत्रों में शैशवकालीन देखभाल व शिक्षा को मजबूत बनाने और प्रोत्साहित करने के कार्यकलापों और कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से जुटा हुआ है।

वर्ष 1991-92 के दौरान विद्यालय-पूर्व और प्रारंभिक शिक्षा विभाग(डी.पी.एस.ई.ई.) ने भारत सरकार की ब्लैक बोर्ड योजना के संचालन तथा उसके उचित कार्यान्वयन एवं पाठ्यपुस्तकों और अनुदेशी सामग्री के संशोधन तथा प्राथमिक विद्यालय अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए मुद्रित और गैर-मुद्रित सामग्री के विकास कार्यक्रम जारी रखे। विभाग शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा से संबंधित कार्यक्रमों के संदर्भ में चलाई जा रही यूनिसेफ सहायता प्राप्त परियोजनाओं को पूरा करने में केन्द्रीय अभिकरण के रूप में काम करता रहा। इसके अतिरिक्त विभाग ने विभिन्न राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में प्रारम्भिक शिक्षा के सार्वजनीकरण (यू.ई.ई.) से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया।

वर्ष 1991-92 में शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा (ई. सी.सी.ई.) के मुख्य कार्यों का विवरण इस प्रकार है:

- बच्चों के लिए शैक्षिक तथा मनोरंजन-सामग्री एवं शैशवकालीन शिक्षा में अध्यापकों, अध्यापक प्रशिक्षकों एवं अन्य कार्यकर्ताओं के लिए अनुदेशी सामग्री का प्रचार-प्रसार तथा विकास।
- सरकारी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में लगे अध्यापकों, अध्यापक प्रशिक्षकों तथा पर्यवेक्षी कार्मिकों तथा स्वैच्छिक संगठनों के प्रमुख कार्यकर्ताओं को जो ई.सी.सी.ई. के कार्यक्रमों को चलाते हैं ई.सी.सी.ई. के दर्शन कार्यपद्धति एवं विषय से संबंधित प्रशिक्षण/अभिविन्यास।
- ई.सी.सी.ई. में अनुसंधान कार्यकलापों को चलाना।
- ई.सी.सी.ई. में विस्तार कार्य तथा अन्य संगठनों एवं राज्यों को परामर्श।

4.1.2 विकासात्मक कार्यकलाप

निम्नलिखित दस्तावेज प्रकाशित किए गए तथा ई.सी.ई. के क्षेत्र में कार्य कर रहे विभिन्न संगठनों को उनकी मांग पर वितरित किए गए:

1. शैशवकालीन शिक्षा कार्यक्रम

यह प्रकाशन ई.सी.ई. कार्यक्रमों के उन आयोजकों

और अध्यापकों के लिए ई.सी.ई. कार्यक्रमों की एक सचित्र मार्गदर्शिका है, जो 3,4 और 5 वर्ष के बच्चों के लिए विकासात्मक लक्ष्यों से संबद्ध कार्यकलापों में लगे हुए हैं।

2. *बच्चे से बच्चे तक (चाइल्ड टू चाइल्ड) कार्यक्रम पर मैनुअल*

प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों के लिए यह विस्तृत मैनुअल दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत 14 विद्यालयों में डी. पी. एस. ई. ई. द्वारा चलाई गई चाइल्ड-टू-चाइल्ड परियोजना में प्राप्त अनुभवों के आधार पर तैयार की गई है।

3. *छोटे बच्चों के लिए प्रेरणा कार्यकलाप*

यह मैनुअल उड़ीसा के जनजातीय तथा शहरी गंदी बस्तियों में डी.पी.एस.ई.ई. द्वारा किए गए गृह-आधारित अध्ययन के अनुभवों के आधार पर तैयार किया गया है। यह मैनुअल स्वास्थ्य, पोषण एवं प्रारंभिक प्रेरणा/शिक्षा आदि विषयों से संबंधित एक गृह आधारित अनुदेशी पैकेज है, जो अभिभावकों में अपने बच्चों को अध्यापक बनाने का आत्म विश्वास तथा दक्षता प्रदान करता है।

4. *ड्रामा एण्ड दि यंग चाइल्ड*

ई.सी.ई. अनुदेशी सामग्री सीरिज में यह पुस्तिका मुख्य रूप से अध्यापक प्रशिक्षकों तथा अध्यापकों के लिए तैयार की गई है।

4.1.3 *1991-92 में डी.पी.एस.ई.ई. द्वारा निम्नलिखित शीर्षकों की पाण्डुलिपियाँ तैयार की गईः*

1. *खेल सामग्री पर मैनुअल*

विभाग द्वारा यह मैनुअल सी.एम.एल. की खेल सामग्री परियोजना के अन्तर्गत उड़ीसा राज्य में उपलब्ध खेल सामग्री पर एकत्र सूचना के आधार पर तैयार किया गया है।

2. *सृजनात्मक चिन्तन और अभिव्यक्ति पर पुस्तिका*

हिन्दी में यह सचित्र पुस्तिका विभाग द्वारा किए गए कार्य-कलापों में प्राप्त अनुभवों पर आधारित है तथा मुख्य रूप से अध्यापकों के लिए बनाई गई है।

3. *कम कीमत के खिलौनों तथा खेलों पर अध्यापकों के लिए पुस्तिका*

कम कीमत के शैक्षिक खिलौने बनाने से संबंधित यह मैनुअल डी.पी.एस.ई.ई. द्वारा आयोजित क्षेत्रीय तथा राष्ट्रीय खिलौना-निर्माण प्रतियोगिताओं की विजेता प्रविष्टियों के आधार पर तैयार किया गया है।

4. *ऑडियो कार्यक्रमों की सूची*

इस विस्तृत सूची में 3 से 8 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों के लिए हिन्दी में तैयार किए गए 180 ऑडियो कार्यक्रम शामिल किए गए हैं।

5. *ई.सी.ई. कार्यक्रमों तथा सामग्री पर विवरणिका*

इस विवरणिका में ई.सी.ई. परियोजना तथा डी.पी. एस.ई.ई. द्वारा तैयार की गई शिक्षण-अधिगम सामग्री से संबंधित जानकारी भी शामिल की गई है।

6. *वीडियो उत्पादन*

'ब्रिजिंग दि गैप' शीर्षक की एक बीस मिनट की वीडियो फिल्म अभिभावकों के लिए तैयार की गई, जो विद्यालय-पूर्व में प्रवेश के समय बच्चों के अनुभवों पर आधारित है।

7. *विद्यालय-पूर्व एवं प्राथमिक विद्यालय अध्यापकों के लिए खिलौने बनाने हेतु राष्ट्रीय कार्यशाला-सह-प्रतियोगिता*

दिनांक 22 से 27 मार्च 1992 तक डी. पी. एस. ई.

ई. द्वारा पाँच दिनों की एक राष्ट्रीय कार्यशाला-सह-प्रतियोगिता एन. सी. ई. आर. टी. परिसर, नई दिल्ली में आयोजित की गई। प्रतिभागियों में राज्य स्तर के प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्राप्त प्रतिभागी भी शामिल थे। पुरस्कार प्राप्त खिलौनों/खेलों को अध्यापकों के खिलौना-निर्माण पर बनाई जाने वाली पुस्तिका के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। पुस्तिका की पाण्डुलिपि तैयार की जा रही है।

8. विद्यालय-पूर्व शिक्षा के लिए मानकों को अन्तिम रूप देना

विभाग द्वारा चलाए गए ई.सी.ई. के क्षेत्र में कार्यशाला में "विद्यालय पूर्व हेतु न्यूनतम विनिर्देशन" शीर्षक दस्तावेज तैयार किया गया।

4.1.4 प्रशिक्षण कार्यक्रम

ई.सी.सी.ई. कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए:

1. ई.सी.ई. में प्रमुख व्यक्तियों का प्रशिक्षण

यह कार्यक्रम मुख्य रूप से 12 राज्यों के एस. सी. ई. आर. टी. तथा आई. सी. डी. एस संकायों के लिए था, जो डी. पी. एस. ई. ई. के शैशवकालीन शिक्षा परियोजना में भाग ले रहे थे, यह परियोजना दिनांक 26 अगस्त से 20 सितंबर 1991 तक एन. सी. ई. आर. टी. नई दिल्ली में आयोजित की गई। इस प्रशिक्षण में वैचारिक और सैद्धांतिक पहलुओं पर ज्यादा जोर दिया गया।

2. शैशवकालीन शिक्षा के क्षेत्र में स्वैच्छिक अभिकरणों के प्रमुख कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

यह नौ दिवसीय कार्यक्रम उपरोक्त दर्शाए कार्यक्रम के अनुसार प्रमुख व्यक्तियों के प्रशिक्षण हेतु चलाया गया।

3. ई.सी.ई. में महाराष्ट्र, दिल्ली तथा केरल के अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम

इस पाँच दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम का उद्देश्य ई.सी.ई. के संबंध में प्रतिभागियों को नवीनतम जानकारी देना तथा उनके अनुभवों के परस्पर आदान-प्रदान का अवसर देना है।

4.1.5 शैशवकालीन शिक्षा पर क्षेत्रीय संगोष्ठी

वर्ष 1991-92 में डी.पी.एस.ई.ई. द्वारा बेंगलूर, बम्बई तथा दिल्ली में एक-एक दिन की अवधि की तीन क्षेत्रीय संगोष्ठियाँ आयोजित की गईं। इन संगोष्ठियों की संस्तुतियों का व्यापक रूप से प्रचार किया गया। इन संगोष्ठियों की कुछ महत्वपूर्ण संस्तुतियाँ इस प्रकार थीं:

छोटे बच्चों के प्रवेश के समय ली जाने वाली परीक्षा को समाप्त करना, साढ़े तीन वर्ष की आयु से पहले विद्यालय-पूर्व में प्रवेश दिलाना बन्द करना, विद्यालय-पूर्व स्तर पर लिखना, पढ़ना व गिनना जानने की प्रथा को रोकना तथा खेल पर आधारित पाठ्यचर्या की सिफारिश की गई। डी.पी.एस.ई.ई. के इस कार्यकलाप ने सर्वसाधारण को बहुत आकर्षित किया तथा इसके परिणाम स्वरूप विद्यालय-पूर्व शिक्षा के हालातों में विशेष तौर पर प्रवेश के संदर्भ में, काफी परिवर्तन देखने में आया।

4.1.6 ई.सी.ई./बाल विकास में अनुसंधान

डी.पी.एस.ई.ई. द्वारा ई.सी.ई./बाल विकास में निम्नलिखित अनुसंधान कार्यकलाप चलाए गए:

1. बच्चों के नामांकन तथा अवरोधन का एक अध्ययन

जो बच्चे सीधे प्राथमिक विद्यालयों में आते हैं उनकी तुलना में जो बच्चे ई.सी.ई. केन्द्रों पर आए, प्राथमिक वर्ग में उनके अवरोधन के तुलनात्मक अध्ययन की परियोजना में भाग ले रहे 10 प्रतिभागी राज्यों में अध्ययन किया गया। इस अध्ययन की रिपोर्ट से प्राथमिक वर्ग में बच्चों के अवरोधन पर ई. सी. ई. के प्रभाव का पता चलता है।

1991-92

2. ***रेडियो संभाव्यता अध्ययन***

आकाशवाणी के सहयोग से वर्ष 1988 में डी.पी.एस.ई.ई. ने कोटा (राजस्थान) में रेडियो संभाव्यता अध्ययन आयोजित किया। इस परियोजना का मूल्यांकन प्रयोगात्मक तरीके से अनुभव के आधार पर किया गया तथा परियोजना की एक रिपोर्ट तैयार की गई।

3. ***तीन से आठ वर्ष तक के विकलांग बच्चों के लिए ऑडियो कार्यक्रमों का परीक्षण***

कोटा (राजस्थान) में रेडियो संभाव्यता परियोजना की सफलता के विस्तार के रूप में यह अध्ययन किया गया। नेत्रहीन बच्चों के लिए इस ऑडियो माध्यम की अधिक संभावना को ध्यान में रखकर इस अध्ययन में कार्यनीतियों के परीक्षण व मूल्यांकन के विशिष्ट लक्ष्यों को ध्यान में रखा गया ताकि इन बच्चों की दैनिक पाठ्यचर्या में ऑडियो कार्यक्रमों का प्रभावशाली व कार्यबद्ध तरीके से समग्रतः उपयोग किया जा सके। अध्ययन से स्पष्ट है कि ऑडियो माध्यमों का उपयोग विद्याल-पूर्व नेत्रहीन बच्चों के लिए प्रभावशाली ढंग से किया जा सकता है। बच्चों के लिए ये कार्यक्रम रुचिकर एवं मनोरंजक हैं। ज्ञान और भाषा-क्षमता बढ़ाने तथा इन बच्चों की सामाजिक क्षमताओं की वृद्धि में यह कार्यक्रम सहायक पाए गए। शिक्षण कार्यनीति के लिए अध्यापकों ने भी ऑडियो कार्यक्रमों की सफलता को सराहा।

4. ***संख्या संकल्पना के विकास के लिए कार्यविधि आधारित कार्यक्रम***

यह मान लेना होगा कि यदि संख्या-पूर्व संकल्पनाओं के विकास से पूर्व बच्चे पर गणित का बोझ थोपा जाता है तो वह सामान्यतः स्मरण करने की प्रवृत्ति अपनाता है और जब उच्च स्तर पर तर्क के लिए वह इसी ज्ञान का इस्तेमाल करता है तो परेशानी में पड़ जाता है। इसका परीक्षण व मूल्यांकन प्रयोगात्मक तरीके से नर्सरी विद्यालयों में किया जा चुका है।

5. ***रेडियो (सी. एच. ई. ई. आर.) के माध्यम से बाल-संवर्धन परीक्षण***

यह परियोजना डी.पी.एस.ई.ई. द्वारा आन्ध्र-प्रदेश, उड़ीसा, उत्तर-प्रदेश तथा हरियाणा आदि चार राज्यों में आकाशवाणी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से रेडियो संभाव्यता परीक्षण के परिणामों पर चलाई गई।

4.1.7 ई.सी.ई. में राज्य स्तरीय कार्यकलाप

यूनिसेफ सहायता-प्राप्त ई.सी.ई. परियोजना 12 राज्यों जैसे बिहार, गोवा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, नागालैंड, उड़ीसा, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तरप्रदेश, गुजरात तथा आन्ध्रप्रदेश में ई सी ई संकाय के मार्गदर्शन में लागू की जा रही है। इस परियोजना में राज्यों में ई. सी. ई. कार्यक्रमों को मजबूत बनाने तथा राज्यों के आई. सी. डी. एस विभागों के कार्यकलापों से उन्हें जोड़ने पर ज्यादा जोर दिया गया।

ई.सी.ई. के अन्तर्गत डी.पी.एस.ई.ई. द्वारा आयोजित कार्यशालाओं/प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रमों का ब्यौरा तालिका 4.1 में दिया जा रहा है।

तालिका 4.1

1991-92 में ई.सी.सी.ई. परियोजना के अन्तर्गत डी.पी.एस.ई.ई. द्वारा आयोजित कार्यशालाएँ/बैठकें/प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम

क्रम संख्या	*कार्यक्रम का शीर्षक*	*तारीख*	*स्थान*	*प्रतिभागियों की संख्या*
1.	संख्या-संकल्पना के विकास के लिए विधि आधारित कार्यक्रमों को अन्तिम रूप देने हेतु कार्यशाला	17 से 18 जुलाई, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	6
2.	ऑडियो कार्यक्रमों के प्रयोगार्थ नेत्रहीन बच्चों के विद्यालयों के अध्यापकों की कार्यशाला एवं अभिविन्यास		नई दिल्ली	5
3.	विद्यालय-पूर्व शिक्षा के लिए मानकों को अन्तिम रूप देने हेतु कार्यशाला	अक्टूबर, 1991	नई दिल्ली	-
4.	राज्य स्तर की खिलौना प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण	17 से 27 दिसम्बर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	15
5.	राष्ट्रीय स्तर की खिलौना प्रतियोगिता एवं कार्यशाला	23 से 27 मार्च, 1992	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	28
6.	स्वैच्छिक अभिकरणों के प्रमुख कार्यकर्ताओं के लिए ई.सी.ई. में प्रशिक्षण कार्यक्रम	10 से 21 फरवरी, 1992	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	26
7.	महाराष्ट्र राज्य तथा नई दिल्ली से विद्यालय-पूर्व अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं के अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	9 से 12 मार्च, 1992	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	17
8.	क्षे.शि.म. में क्षेत्रीय संगोष्ठी	3 संगोष्ठी (प्रत्येक एक दिवसीय)	बेंगलूर, बम्बई तथा दिल्ली	30 प्रत्येक संगोष्ठी में

4.2 प्रारंभिक शिक्षा

प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के व्यापक ढाँचे को ध्यान में रखते हुए डी.पी.एस.ई.ई. ने 1991-92 में अनेक कार्यक्रम तथा कार्यकलाप आयोजित किए। इन कार्यक्रमों तथा कार्यकलापों की विशिष्टताएं निम्नलिखित हैं:

4.2.2 अनुदेशी सामग्री में संशोधन

1989-90 में गणित में कक्षा एक से पाँच तक के लिए पाठ्यपुस्तकों के विकास, पर्यावरणीय अध्ययन में कक्षा तीन से पाँच तथा एक से पाँच तक की कक्षाओं के लिए कार्य अनुभव तथा कला शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापक मार्गदर्शन की

1991-92

पाठ्यपुस्तकों के विकास का कार्य आरंभ कर नई शिक्षण सामग्री के विकास का कार्य पूरा किया गया। वर्ष 1991-92 के दौरान गणित के क्षेत्र में कक्षा 1–3 तक के लिए पाठ्यपुस्तकों के सुधार का कार्य प्रारम्भ हुआ। विषय विशेषज्ञों, अध्यापक प्रशिक्षकों तथा अध्यापकों की टिप्पणियों तथा सुझावों के आधार पर इन पाठ्यपुस्तकों का संशोधित रूप तैयार किया गया। पर्यावरणीय अध्ययन में पाठ्यपुस्तकों के सुधार के संदर्भ में आयोजित कार्य समूह की बैठकों तथा प्रत्येक पाठ्यपुस्तक के लिए मूल्यांकन रिपोर्ट का व्यौरा तैयार किया गया।

गणित में अनुदेशी सामग्री के पैकेज के एक भाग के रूप में 'शिक्षा के प्राथमिक स्तर पर गणित में छात्रों के कार्यो के मूल्यांकन हेतु मार्गदर्शी सिद्धान्त' नामक परियोजना का कार्य हाथ में लिया गया। इस परियोजना के अन्तर्गत प्राथमिक स्तर की सभी पाँचों कक्षाओं के लिए छात्रों के कार्यों के मूल्यांकन हेतु विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धान्त तैयार किए जाएंगे। 1991-92 में पहली कक्षा के लिए मार्गदर्शी सिद्धान्त तैयार किए गए।

नौसिखियों की सीखने की कठिनाईयों एवं उनकी कमियों को दूर करने एवं उनका पता लगाने के लिए "प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन में मूल्यांकन के लिए विकसित मार्गदर्शी सिद्धान्त" पर दूसरी परियोजना का कार्य हाथ में लिया गया। न्यूनतम अधिगम परिणामों पर छात्रों के कार्यों के मूल्यांकन हेतु प्राथमिक स्तर पर पर्यावरणीय अध्ययन (ई.वी. एस.) में मूल्यांकन कार्यनीतियाँ विकसित करने हेतु एक कार्यशाला आयोजित की गई।

4.2.3 ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड (ओ.बी.) योजना

प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण कार्यक्रमों के सफल कार्यान्वयन के लिए विद्यालयों की अवसंरचना को मजबूत करने तथा उन्हें न्यूनतम सुविधाएँ प्रदान करने हेतु मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रायोजित 'आपरेशन ब्लैक बोर्ड' योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए:

1. सितम्बर, 1991 में शिक्षा निदेशालय, अंडमान और निकोबार, द्वीप समूह द्वारा आयोजित प्रमुख व्यक्तियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रमों में शैक्षिक योगदान दिया गया। कार्यक्रम पोर्ट ब्लेयर में विद्यालय अध्यापकों के सामूहिक अभिविन्यास (पी.एम.ओ.एस.टी.ओ.बी.) के संदर्भ में आयोजित किया गया।
2. मानव संसाधन विकास के लिए यूनिसेफ की सहायता से चलाई जा रही गहन शिक्षा परियोजना (ए.आई. ई.पी.) के क्षेत्र में कार्यरत अध्यापकों तथा प्रमुख व्यक्तियों के लिए पी.एम.ओ.एस.टी.ओ.बी. के अन्तर्गत सिलवासा (दादर और नागर हवेली) में एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।
3. (पी.एम.ओ.एस.टी.-ओ.बी.) के अन्तर्गत तैयार किए गए प्रशिक्षण पैकेज सभी राज्यों/सं.शा. क्षेत्रों की जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डी. आई.ई.टी.) को उनकी आवश्यकतानुसार आपूर्ति हेतु प्रशिक्षण पैकेज भेजे गए, जिनमें निम्नलिखित शामिल थे:

(क)	मुद्रित सामग्रीः	
	जागरूकता पैकेज	खंड-1
	निष्पादन पैकेज	खंड-2
(ख)	रंगीन स्लाइड	203
(ग)	वीडियो फिल्म	15

वीडियो फिल्में हिन्दी/अंग्रेजी में तैयार की गईं तथा उन्हें हिन्दी/अंग्रेजी में डब किया गया।

4.2.4 शोध अध्ययन

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अनुरोध पर ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालयों को भेजी गई सामग्री के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए एक अध्ययन प्रारम्भ किया गया। अध्ययन दो चरणों में पूरा किया गया। प्रथम चरण का मुख्य उद्देश्य भवनों, अध्यापकों की संख्या तथा नमूना विद्यालयों में शिक्षण-अधिगम सामग्री के संबंध में अनिवार्य सुविधाओं के स्तर का पता लगाना था। इस अध्ययन का उद्देश्य प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन, अवरोधन तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के संभावित प्रभाव के बारे में अध्यापकों, खंड शिक्षा अधिकारियों तथा समाज के चुनिंदा सदस्यों के विचार जानना भी था।

यह अध्ययन राजस्थान, गुजरात तथा तमिलनाडु में किया गया। तीन चुने गए राज्यों में प्रत्येक के दो खंडों से 216 विद्यालयों को नमूने के तौर पर लिया गया।

अध्ययन के दूसरे चरण में नमूना विद्यालयों में अध्यापकों/विद्यार्थियों द्वारा प्रत्येक मद की उपयोगिता के विस्तार पर सूचना एकत्र की जा रही है।

"प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम" नामक अनुसंधान परियोजना "चाइल्ड टू चाइल्ड" परियोजना पर आधारित है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक विद्यालय-पूर्व के बच्चों में उनकी सीखने की कठिनाइयों को दूर करने के लिए उनमें सामाजिक तथा व्यक्तिगत दक्षता पैदा करना है। यह परियोजना रा.शै.अ.प्र.प., दिल्ली नगर निगम (एम.सी.डी.) तथा सार्वजनिक विद्यालयों की सहयोगी परियोजना के रूप में चलाई जा रही है।

वर्ष के दौरान एम. सी. डी. विद्यालयों में छोटे बच्चों का पूर्व परीक्षण, पब्लिक विद्यालयों में बड़े बच्चों का मार्गदर्शन तथा मध्यस्थता -कार्यक्रम आयोजित किए गए।

'भारत में स्वतंत्रता से अब तक लागू किए गए प्राथमिक शिक्षा अधिनियम का इसके कार्यान्वयन के विशेष संदर्भ में समीक्षात्मक अध्ययन' भी आरंभ किया गया। परियोजना पर एकत्र सूचना का विश्लेषण किया जा रहा है।

4.2.4 प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण पर अखिल भारतीय संगोष्ठी

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अनुरोध पर अखिल भारतीय प्राथमिक विद्यालय संघ के प्रतिनिधियों के लिए प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण पर एक तीन दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 26 से 28 नवम्बर, 1991 तक राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर में किया गया।

संगोष्ठी में निम्नलिखित विषयों पर छः पेपरों पर चर्चा हुई:

1. प्रारंभिक शिक्षा का सार्वजनीकरण तथा सभी के लिए शिक्षा के साथ उसका अंतरापृष्ठ
2. प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के कार्यकर्ता
3. प्राथमिक स्तर पर न्यूनतम अधिगम स्तर (एम.एल.एल.एस.) से संबंधित कार्यक्रम का कार्यान्वयन
4. शिक्षण अधिगम हेतु बाल-केन्द्रित उपागम
5. प्राथमिक विद्यालयों में अनिवार्य सुविधाएँ
6. प्राथमिक विद्यालय अध्यापकों की अभिप्रेरणा का विकास

4.2.6 मानव संसाधन विकास के लिए गहन क्षेत्र शिक्षा परियोजना (ए.आई.ई.पी.)

यूनिसेफ सहायता प्राप्त यह ए.आई.ई.पी. परियोजना क्षेत्र विशेष की कुल जनसंख्या की शैक्षिक, सामाजिक-आर्थिक और विकासात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु बनाई गई है।

इस परियोजना में समाज में विद्यालय-पूर्व शिक्षा, प्राथमिक शिक्षा, अनौपचारिक और प्रौढ़ शिक्षा को आपस में जोड़ने तथा केन्द्रीय और राज्य स्तर के सामाजिक-आर्थिक, विकासात्मक कार्यों में सामंजस्य पर विचार किया गया है। इस परियोजना में स्थानीय आवश्यकताओं तथा पर्यावरण के अनुकूल अपनाने लायक नवाचार से संबंधित कई उपागम हैं। अन्य बातों के साथ-साथ इसके कुछ प्रमुख क्षेत्र हैं, समुदाय की शैक्षिक व विकासात्मक आवश्यकताओं का पता लगाना, गाँवों के लिए सूक्ष्म-स्तर की योजनाओं का विकास एवं कार्यान्वयन, विभिन्न स्तरों पर अंतर-क्षेत्रीय समन्वयन, तथा परियोजना के सभी स्तरों पर समुदाय को सह-प्रतिभागी के रूप में शामिल करना।

इस परियोजना के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर अनिवार्य परियोजना कार्यान्वयन तंत्र स्थापित करने व चलाने, जिसमें खंड स्तर पर बहुउद्देशीय संसाधन केन्द्र, विभिन्न स्तरों पर अंतर-क्षेत्रीय समन्वयन के लिए समन्वयन समितियाँ स्थापित करना तथा जागरूकता पैदा करने के कार्यक्रमों से संबंधित कार्य जारी रखे गए। "सर्वेक्षण के माध्यम से शैक्षिक और विकासात्मक आवश्यकताओं का पता लगाना", पर कार्य पूरा किया गया। परियोजना टीम को परियोजना के विभिन्न स्तरों पर विभिन्न पहलुओं से संबंधित मार्गदर्शन दिया गया। गाँवों में शैक्षिक तथा विकासात्मक कार्यकलापों की सूक्ष्म-योजना प्रारंभ की गई। खंड स्तर की योजना के लिए इस सूक्ष्म-योजना का विश्लेषण किया गया।

1991-92

ए.आई.ई.पी. पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी दिसंबर, 1991 में मद्रास में आयोजित की गई, जिसमें राज्य स्तर के निर्णयकर्ताओं, जिला तथा खंड स्तर पर परियोजना टीम के सदस्यों, मा. सं. वि. मं. भारत सरकार तथा यूनिसेफ के प्रतिनिधियों को ब्लॉकों में परियोजना के प्रभावी कार्यान्वयन तथा निकटस्थ ब्लॉको में परियोजना के विस्तार से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श करने का अवसर मिला। परियोजना के कार्यान्वयन से संबंधित लोगों को सम्मेलन से सहायता मिली।

ए.आई.ई.पी. के अंतर्गत, परियोजना, समन्वयकों तथा एम. पी.आर.टी.स्टाफ को 'तत्काल मूल्यांकन तकनीक' (क्यू.ए.टी.) के बारे में मार्गदर्शन देने के लिए एक मार्गदर्शन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

4.2.7 पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरणात्मक स्वच्छता (एन.एच.ई. ई.एस.) परियोजना

वर्ष 1991-92 में उपरोक्त दर्शाए यूनिसेफ सहायता प्राप्त परियोजना के प्रभाव पर एक अनुसंधान अध्ययन पूरा किया गया। अंतिम रिपोर्ट 'परियोजनाः पोषण, स्वास्थ्य-शिक्षा' शीर्षक से प्रकाशित कर दी गई है।

4.2.8 प्रारंभिक शिक्षा की व्यापक पहुँच (केप) परियोजना

केप परियोजना दिसंबर, 1990 में पूरी हुई। वर्ष 1991-92 में निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए:

1. "केप परियोजना की प्रगति एवं उपलब्धि का एक अध्ययन" यह अध्ययन पूरा हो गया है तथा रिपोर्ट मुद्रण हेतु सम्पादन में है।
2. साक्षरता तथा ई.बी.एस. में 13 मॉड्यूलों वाला संशोधित कोर पैकेज मुद्रित किया गया। पैकेज राज्यों तथा स्वैच्छिक संगठनों द्वारा चलाए जा रहे अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों को भेजे जा रहे हैं।

1991-92 में यू.ई.ई. के अन्तर्गत डी.पी.एस.ई.ई. द्वारा आयोजित कार्यशालाओं/बैठकों/प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रमों का ब्यौरा तालिका 4.2 में दिया गया है।

4.2.9 न्यूनतम अधिगम स्तर (एम.एल.एल.) कार्यक्रम

मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिक स्तर पर रा.शै.अ.प्र.प. को न्यूनतम अधिगम स्तर (एम.एल.एल.) के कार्यान्वयन का दायित्व दिया गया है। ऐसी परिकल्पना की गई है कि न्यूनतम अधिगम स्तर लागू करने से शिक्षण-अधिगम की विषय वस्तु को ही पढ़ाने पर बल देने की बजाय सीखने पर बल दिया जाएगा, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा और इससे सभी शिक्षार्थी लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम का कार्य क्षेत्र चार राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश तथा विहार से चार चयनित खंडों के कुल 330 विद्यालयों में था। किए गए कार्यकलापों की कुछ विशिष्टताएं निम्नलिखित हैं:

1. 'टीचर्स हैंडबुक' ग्राम स्तर के अध्यापकों, अध्यापक प्रशिक्षकों तथा विशेषज्ञों के सहयोग से बनाई गई। वर्ष 1991-92 में इस प्रकार कक्षा 1,2 तथा 3 को पढ़ाने वाले अध्यापकों के लिए ऐसी तीन पुस्तिकाएँ प्रकाशित की गईं। चौथी कक्षा के लिए 'टीचर्स हैंडबुक' तथा पाँचवीं कक्षा के लिए टीचर्स हैंडबुक की पाण्डुलिपि भी तैयार की गई है।

   एम.एल.एल. के अन्तर्गत निर्धारित क्षमता के संबंध में हिन्दी, गणित तथा पर्यावरण अध्ययन के क्षेत्रों में मदें तैयार की गई जिन्हें अध्यापकों के बीच व्यापक रूप से परिचालन के लिए अन्तिम रूप दिया गया। अनुरोधों के आधार पर टीचर्स हैण्डबुक भोपाल, इन्दौर, तथा उदयपुर स्थित मा.सं.वि.मं. प्रायोजित परियोजनाओं एवं विभिन्न शिक्षा निदेशालयों, एस सी ई आर टी, डी.आई.ई. टी. तथा नगर निगमों को भेजे गए।
2. न्यूनतम अधिगम स्तर कार्यक्रम नवाबगंज खंड (उन्नाव, उत्तर प्रदेश) पिशानगन खंड (अजमेर, राजस्थान) तथा विदिशा खंड (विदिशा, मध्य प्रदेश) के विद्यालयों में पहली तथा दूसरी कक्षाओं में तथा मीनापुर खंड (मुजफ्फरपुर, बिहार) की पहली, दूसरी तथा तीसरी कक्षाओं में कार्यान्वित किया गया।

ब्लॉक स्तर पर संसाधन बनाने की दृष्टि से प्रत्येक ब्लॉक के लिए 15-25 प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों, डी.आई.ई.टी. प्रधानाध्यापकों, विद्यालय निरीक्षकों एवं एस.सी.ई.आर.टी. के कार्मिकों का एक कोर समूह तैयार किया गया। शिक्षण-अधिगम की एम.एल.एल. योजना को लागू करने के सिद्धांत, व्यवहार तथा तकनीक के संबंध में पांच सौ से ज्यादा अध्यापकों को एक साथ एन.सी.ई.आर.टी के संकाय-सदस्यों तथा स्थानीय कोर समूहों द्वारा छोटे-छोटे समूहों में बाँटकर प्रत्येक को 6 दिनों का प्रशिक्षण दिया गया। इन अध्यापकों द्वारा पढ़ाए जाने वाले छात्रों की संख्या 20,000 से अधिक थी।

इसके अतिरिक्त, प्रमुख व्यक्तियों के साथ अध्यापकों को पुनरावृत्ति प्रशिक्षण/लगातार बैठकों तथा अध्यापकों को वहीं मार्गदर्शन का प्रबन्ध कराने को ध्यान में रखते हुए नोडल अभिकरणों के सहयोग से प्रत्येक ब्लॉक के लिए क्रियाविधि विकसित की गई। प्रवेश के समय ली जाने वाली परीक्षाओं के संबंध में शिक्षार्थियों से व्यक्तिगत रूप से आंकड़े एकत्र किए गए। अध्यापकों के लिए अनुवर्ती यूनिट परीक्षणों हेतु प्रावधान किया गया। प्रवेश के लिए निर्णायक परीक्षाएं हिन्दी, गणित, तथा पर्यावरण-अध्ययन में अप्रैल/मई 1992 में की गई। प्रतिभागी अध्यापकों से उनके प्रशिक्षण तथा टीचर्स हैंडबुक के संबंध में इसके लिए विशेष रूप से तैयार किए गए दो प्रपत्रों पर अपने विचार देने को कहा गया। आँकड़े विश्लेषित किए जा रहे हैं।

3. चार ब्लॉकों में एम.एल.एल. कार्यक्रम को लागू करने के अतिरिक्त उसमें अधिगम के न्यूनतम स्तर के संबंध में नए विचारों तथा अनुभवों को भी शामिल करने के प्रयास किए गए। एम.एल.एल. पर योजनाओं के विकास में क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों तथा क्षेत्रीय सलाहकारों के कुछ संकाय सदस्यों को सहायता दी गई। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, हरियाणा को अपनी एम.एल.एल. कार्य योजना को विकसित करने में सहायता दी गई। डी.आई.ई.टी. एस. सी.ई.आर.टी., दिल्ली के संकाय सदस्यों को भी एम.एल.एल. योजना में मार्गदर्शन दिया गया।
4. मॉरीशस के कुछ अनुसंधान अधिकारियों तथा राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान, श्रीलंका के संकाय सदस्यों के एक भ्रमण दल को भी प्राथमिक स्तर पर अधिगम के न्यूनतम स्तर तथा इसके कार्यान्वियन के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।

1991-92 में डी.पी.एस.ई.ई. द्वारा आयोजित कार्यशालाओं/बैठकों/प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रमों का ब्यौरा तालिका 4.2 में दिया गया है।

4.2.9 प्रकाशन

निम्नलिखित प्रकाशनों को प्रकाशित किया गया :

1. (अर्ली चाइल्ड हुड एजुकेशन प्रोग्राम)
2. (चाइल्ड-टु-चाइल्ड) प्रोग्राम
3. स्टीम्यूलेशन एक्टीविटिज फॉर यंग चिल्ड्रेन
4. ड्रामा एंड दी यंग चाइल्ड
5. अवेयरनैस पैकेज वाल्यूम-1 इन हिन्दी एंड परफोरमैन्स पैकेज बाल्यूम-2 इन हिन्दी (अंडर ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड स्कीम)
6. "प्राथमिक स्तर पर न्यूनतम अधिगम स्तर" (भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षा विभाग, द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट)
7. शिक्षक पुस्तिका कक्षा 1,2, और 3 (प्राथमिक स्तर पर न्यूनतम अधिगम स्तर के कार्यक्रम के अन्तर्गत विकसित)
8. रिपोर्ट ऑफ दी 'ऑल इंडिया सेमिनार ऑन यूनिवर्सलाइजेशन ऑफ एलीमेन्ट्री एजुकेशन' 1991 (अनुलेखित्र)
9. गाइडलाइन्स आन पीपुल इवोल्यूशन इन मैथमैटिक्स (अनुलेखित्र)
10. रिपोर्ट ऑन दी डेबलपमैन्ट ऑफ सैम्पल करीकुलम एंड इन्सट्रक्शनल मैटीरियल फॉर अर्ली प्राइमरी स्कूल

लीवर्स (रिपोर्ट प्रिपेयर्ड अंडर यूनेस्को एपिड प्रोग्राम)

11. रिपोर्ट ऑन 'न्यूट्रीशन, हैल्थ एजुकेशन एंड एनवायरनमैन्टल सैनीटेशन' (ऐन.इम्पैक्ट स्टडी प्रिपेयर्ड अंडर दी यूनिसेफ असिस्टेड प्रोजेक्ट एन.एच.ई.ई. एस.)
12. ट्रेनिंग मैनुअल इन 'इनवायरनमैन्टल एजुकेशन फॉर प्राइमरी टीचर्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूशन्स'
13. ब्रोशर ऑन 'टीचिंग ऑफ मैथमैटिक्स इन प्राइमरी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूशन्स'

4.2.10 प्रेस में

1. मैनुअल ऑन प्ले मैटीरियल्स
2. बुकलेट ऑन क्रियेटिव थींकिंग ऐंड एक्सप्रैशन
3. हैंडबुक फॉर टीचर्स ऑन लो कॉस्ट टॉयस ऐंड गेम्स
4. कैटेलॉग ऑफ ऑडियो प्रोग्राम्स ऐंड मैटीरियल्स
5. ब्रोशर ऑन अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन प्रोग्राम्स एंड मैटीरियल्स

4.2.11 वीडियो कार्यक्रम

1. ब्राइडिंग दी गैप "फिल्म फॉर पैरेन्ट्स ऐंड टीचर्स फॉर प्री स्कूल चिल्ड्रन"
2. फिल्म ऑन एरिया इन्टेसिव एजुकेशन प्रोजेक्ट फॉर ह्युमन रिसोर्स डेबलपमैन्ट (ए.आई.ई.पी.)

अन्य विभागों, राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों/कार्यशालाओं/संगोष्ठियों में प्रमुख व्यक्तियों की हैसियत से भाग लेकर विभिन्न समितियों की सदस्यता ग्रहण करके विभिन्न संगठनों को डी.पी.एस. ई. ई. के संकाय सदस्यों ने सलाह दी। संकाय सदस्यों ने श्रीलंका, मालद्वीव से एन.सी.ई.आर.टी. के दौरे पर आए प्रतिनिधियों के साथ पारस्परिक विचार विमर्श भी किया।

तालिका 4.2

1991-92 में यू.ई.ई. के अन्तर्गत डी.पी.एस.ई.ई. द्वारा आयोजित कार्यशालाएँ/बैठकें/प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम

क्रम संख्या	कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1	2	3	4	5
1.	रा.शै.अ.प्र.प. पाठ्यपुस्तकों का सुधारः अन्तिम समीक्षा बैठक-'लैट अस लर्न मैथमैटिक्स बुक-1 तथा बुक-3'	13 से 17 मई 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	10
2.	तीसरी कक्षा के लिए पाठ्यपुस्तकों की मूल्यांकन रिपोर्ट की समीक्षा हेतु कार्य-समूह की बैठक एनवायरनमेंटल स्टडीज-1 (सोशल स्टडीज) एनवायरनमेन्टल स्टडीज-2 (साइंस)	13 से 17 मई, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	15
3.	हिमाचल प्रदेश तथा मध्य प्रदेश के लिए चौथी कक्षा की पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा हेतु कार्य समूह की बैठक एनवायरनमेन्टल स्टडीज-1 (सोशल स्टडीज) एंड एनवायरनमेन्टल स्टडीज-2 (साइंस)	4 से 7 फरवरी, 1992	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	17
4.	अध्यापक शिक्षा संस्थान माले, मालदीव के यूनेस्को सदस्य श्री फातिमात नजीम का प्रशिक्षण कार्यक्रम	8 से 26 जुलाई, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	1
5.	गणित में छात्रों के मूल्यांकन हेतु मार्गदर्शी सिद्धान्त	18 से 22 नवम्बर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	10

1991-92

1	2	3	4	5
6.	प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन में निरन्तर तथा व्यापक मूल्यांकन : अध्यापकों हेतु मार्गदर्शी सिद्धान्त	31 मार्च से 3 अप्रैल 1992	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	20
7.	ए.आई.ई.पी. के परियोजना समन्वयकों की कार्य समूह की बैठक	21 से 23 अक्टूबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	20
8.	मानव संसाधन विकास के लिए यू.आई.ई.पी. पर राष्ट्रीय सम्मेलन	2 से 4 दिसम्बर, 1991	मद्रास	46
9.	ए.आई.ई.पी. तथा एम.पी.आर.सी.स्टाफ के समन्वयकों का पी.ओ.ए.1992 हेतु योजना बैठक	5 से 6 दिसम्बर, 1991	मद्रास	12
10.	पी.ओ.ए. परीक्षण तथा उनके कार्यक्रमों के अवलोकन के लिए रा.शै.अ.प्र.प. मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश टीम के साथ बैठक	20 फरवरी, 1992	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	2
11.	क्यू.ए.टी. पर ए.आई.ई.पी. समन्वयक तथा एम.पी.आर. सी.स्टाफ	26 से 28 फरवरी, 1992	चिकलदारा (महाराष्ट्र)	12
12.	दादरा और नागर हवेली प्रशासन द्वारा आयोजित ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड पर अध्यापकों का अभिविन्यास	सितम्बर, 1991	सिलवासा (दादरा और नागर हवेली)	37
एम.एल.एल. से संबंधित कार्यक्रम				
1.	एम.एल.एल. कार्यक्रमों के लिए मूल्यांकन मदों की तैयारी हेतु कार्य समूह की बैठक	23 से 30 अप्रैल, 1991	नवावगंज (उन्नाव)	38
2.	प्राथमिक स्तर पर एम.एल.एल. समिति की रिपोर्ट का हिन्दी अनुवाद	6 मई, 1991,	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	23
3.	पहली से तीसरी तक की कक्षाओं के लिए एम.एल.एल. कार्यक्रम के अन्तर्गत विकसित अध्यापक/प्रशिक्षक पुस्तिका का पुनरीक्षण	13 से 17 मई, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	2
4.	चौथी तथा पाँचवी कक्षा के लिए एम.एल.एल. का कार्यक्रम के अन्तर्गत विकसित अध्यापक/प्रशिक्षक पुस्तिका का पुनरीक्षण	27 से 31 मई, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	27
5.	क्षे. शि.म./क्षेत्रीय कार्यालय में एम.एल.एल. का कार्यान्वयन	3 से 7 जून 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	20
6.	पहली, दूसरी तथा तीसरी कक्षा के लिए परीक्षण हेतु कार्य समूह की बैठक	8 से 17 जुलाई, 1991	रा.शै. अ.प्र.प. नई दिल्ली	12
7.	पहली, दूसरी तथा तीसरी कक्षा के लिए इकाई परीक्षण तथा प्रवेश स्तर कैं परीक्षण को अन्तिम रूप देने हेतु कार्य समूह की बैठक	22 से 30 जुलाई, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	16
8.	एम.एल.एल. कार्यक्रम के अन्तर्गत पहली,दूसरी तथा तीसरी कक्षा के लिए पुस्तिका को अन्तिम रूप देने हेतु कार्य समूह की बैठक	5 से 9 अगस्त, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	8

1991-92

1	2	3	4	5
9.	एम.एल.एल. कार्यक्रम के अन्तर्गत पहली, दूसरी तथा तीसरी कक्षा के लिए अध्यापकों हेतु पुस्तिका को अन्तिम रूप देने हेतु कार्य समूह की बैठक	10 से 11 अगस्त, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	3
10.	एम.एल.एल. कार्यक्रम के अन्तर्गत पहली, दूसरी तथा तीसरी कक्षा के लिए अध्यापकों हेतु पुस्तिका को अन्तिम रूप देने हेतु कार्य समूह की बैठक	26 से 30 अगस्त, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	4
11.	एम.एल.एल. कार्यक्रम के अन्तर्गत दूसरी कक्षा के लिए पुस्तिका का पुनरीक्षण	11 से 16 सितंबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	1
12.	एम.एल.एल.कार्यक्रम के अन्तर्गत दूसरी कक्षा की पुस्तिका का पुनरीक्षण	25 सितंबर से 3 अक्टूबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	3
13.	एम.एल.एल. कार्यक्रम के अन्तर्गत दूसरी कक्षा की पुस्तिका का पुनरीक्षण	4 से 11 अक्टूबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	1
14.	चौथी कक्षा के अध्यापकों के लिए पुस्तिका को अन्तिम रूप देने हेतु कार्य समूह की बैठक	21 से 30 अक्टूबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	16
15.	चौथी कक्षा की पुस्तिका के ई.वी.एस. हिस्से को अन्तिम रूप देने हेतु कार्यशाला	21 से 30 अक्टूबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	6
16.	एम.एल.एल. कार्यक्रम के अन्तर्गत चौथी कक्षा के लिए नियम पुस्तिका के गणित भाग को अंतिम रूप देना	13 से 17 जनवरी, 1992	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	-
17.	गणित में चौथी कक्षा की अध्यापक पुस्तिका को अन्तिम रूप देने हेतु कार्यशाला	10 से 14 फरवरी, 1992	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	6
18.	चौथी पांचवीं कक्षाओं के लिए पुस्तिका को अंतिम रूप देने हेतु कार्यशाला	17 से 28 फरवरी, 1992	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	16
19.	एम.एल.एल. कार्यक्रम के अंतर्गत पांचवीं कक्षा के लिए पुस्तिका के गणित भाग को अंतिम रूप देना	20 से 30 मार्च, 1992	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	1
20.	खंड स्तर पर पहली तथा दूसरी कक्षाओं के लिए किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु एम.एल.एल. योजना के अंतर्गत प्रमुख व्यक्तियों का अभिविन्यास	11 से 16 नवम्बर, 1991	नवाबगंज (उन्नाव)	18
21.	खंड स्तर पर पहली तथा दूसरी कक्षाओं के लिए किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु एम.एल.एल. योजना के अंतर्गत प्रमुख व्यक्तियों का अभिविन्यास	5 से 10 दिसम्बर, 1991	विदिशा	25
22.	खंड स्तर पर पहली तथा दूसरी कक्षाओं के लिए किए गए प्रशिक्षण काग्रक्रमों हेतु एम.एल.एल. योजना के अंतर्गत प्रमुख व्यक्तियों का अभिविन्यास	11 से 16 दिसम्बर, 1991	अजमेर	25
23.	अध्यापकों के लिए एम.एल.एल. प्रशिक्षण कार्यक्रम	17 से 26 दिसंबर, 1991	नवाबगंज (उन्नाव)	150
24.	अध्यापकों के लिए एम.एल.एल. प्रशिक्षण कार्यक्रम	17 से 26 दिसंबर, 1991	विदिशा	196

1	2	3	4	5
25.	अध्यापकों के लिए एम.एल.एल. प्रशिक्षण कार्यक्रम	3 से 12 जनवरी, 1992	पिसनगन (अजमेर)	176
26.	खंड स्तर पर पहली तथा दूसरी कक्षाओं के लिए किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु एम.एल.एल. योजना के अंतर्गत प्रमुख व्यक्तियों का अभिविन्यास	29 जनवरी, से 3 फरवरी ,1992	मुजफ्फरपुर (बिहार)	15
27.	अध्यापकों के लिए एम.एल.एल. प्रशिक्षण कार्यक्रम	10 से 19 फरवरी, 1992	मुजफ्फरपुर (बिहार)	17

4.3 अनौपचारिक शिक्षा

विद्यालयेतर अथवा प्रारंभ में विद्यालय छोड़ने वाले बच्चों और उन बच्चों के लिए जो विद्यालय नहीं गए, अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के विद्यार्थियों की शिक्षा के संवर्धन हेतु कार्यक्रम और कार्यनीति बनाना रा.शै.अ.प्र.प. के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से एक है। अनौपचारिक शिक्षा और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति शिक्षा विभाग (डी.एन.एफ.ई.ई.एस.सी./एस.टी.) का प्रमुख कार्य ऐसे सरकारी तथा गैर-सरकारी अभिकरणों को तकनीकी तथा शैक्षिक सहायता प्रदान करना है, जो अनौपचारिक शिक्षा 1988 की योजना के कार्यान्वयन में लगी हुई है। डी.एन.एफ. ई.ई.एस.सी./एस.टी. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति की शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य करता है। डी.एन.एफ. ई.ई.एस.सी./एस.टी. द्वारा किए गए मुख्य कार्यक्रम और कार्यकलाप निम्नलिखित हैं:

4.3.2 *अनुसंधान और विकास*

डी.एन.एफ.ई.एंड ई.एस.सी./एस.टी. ने पाठ्यचर्या एवं सामग्री के बीच संबंध स्थापित करने के लिए अनुसंधान किया ताकि पाठ्यचर्या में अपेक्षित विषयों को सीखनेवालों के लिए तैयार की जाने वाली सामग्री में शामिल किया जा सके। प्राथमिक शिक्षा के लिए न्यूनतम अधिगम स्तर (एम.एल.एल.) की पहचान के लिए डी.एन.एफ.ई.ई.एस.सी./एस.टी. ने मूल्यांकन के क्षेत्र में अनुसंधान कार्यकलापों को बढ़ाने के लिए एम.एल.एल. का प्रयोग किया।

अनौपचारिक शिक्षा और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जातिविभाग के विभिन्न पहलुओं के परीक्षण के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय से अनुदान प्राप्त स्वैच्छिक अभिकरणों की सहायता से 1988-89 में आन्ध्र-प्रदेश, बिहार, राजस्थान तथा पश्चिमी बंगाल में चार क्षेत्रीय स्टेशन स्थापित किए गए। इन क्षेत्रीय स्टेशनों में वास्तविक जीवन की स्थितियों वाली प्रयोगशालाएं हैं, जहाँ डी.एन.एफ.ई.ई.एस.सी./एस.टी. द्वारा तैयार विभिन्न सामग्री, कार्यप्रणालियों तथा कार्यनीतियों का प्रायोगिक परीक्षण किया जाता है। डी.एन.एफ.ई.ई.एस.सी./एस.टी. ने इन क्षेत्रीय स्टेशनों को तकनीकी सहायता देना जारी रखा।

वर्ष 1991-92 में डी.एन.एफ.ई.ई.एस.सी./एस.टी. का प्रमुख कार्य शिक्षण-अधिगम सामग्री तथा एम.एल.एल. विवरणों का इस्तेमाल करते हुए आदर्शसामग्री तैयार करना रहा। सेमेस्टर 3 के लिए शिक्षण अधिगम सामग्री (डी.एन.एफ.ई. एवं ई. एस.सी./एस. टी. द्वारा प्रकाशित श्रृखंला को प्रकाशन के लिए अंतिम रूप दिया गया।

1991-92 में बच्चों में सामाजिक, भावात्मक तथा राष्ट्रीय एकता उत्पन्न करने हेतु एन.एफ.ई. कार्यक्रमों को पूरा करने के लिए बच्चों के लिए तैयार पूरक सामग्री की एक सीरीज तैयार की गई। विभाग ने संबंधित राज्यों में प्रयोग के लिए शिक्षण-अधिगम सामग्री तथा प्रशिक्षण के विकास में अनेक राज्य अभिकरणों जैसे राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एस.सी.ई.आर.टी.) तथा जिला प्रमुख इकाइयों (डी. आर.यू.) को सहायता दी।

1991-92

4.3.3 एन.एफ.ई. कार्मिकों के लिए अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष 1988 में डी.एन.एफ. एंड ई.एस.सी./एस.टी. ने अनौपचारिक शिक्षा की योजना की सफलता के लिए अनौ. शि. वि. ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के लिए नामित कर अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विभिन्न स्तरों पर एन.एफ.ई. कार्यकर्ताओं के साथ प्रशिक्षण पैकेज तैयार किया गया, उनका क्षेत्र-परीक्षण किया गया तथा उन्हें अन्तिम रूप दिया गया। कुछ समय से यह प्रशिक्षण पैकेज पूरे देश में विभिन्न स्तरों पर लगभग 3 लाख कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण हेतु प्रयोग में लाया जा रहा है। पैकेज का अनुवाद 12 क्षेत्रीय भाषाओं में किया गया है।

1991-92 में राज्य सरकारों तथा स्वैच्छिक अभिकरणों के अन्तर्गत एन.एफ.ई. कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण का प्रथम चरण पूरा किया गया। दूसरे चरण के लिए अनेक कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के मॉड्यूल तैयार करने हेतु डी.एन.एफ.ई.एंड ई.एस.सी./एस.टी. ने अनेक राज्यों की सहायता की। इस संबंध में राज्य अभिकरणों को तैयार करने हेतु कई कार्यक्रम किए गए। इस वर्ष जिला स्तर पर विशेषरूप से जिला शिक्षा संस्थान एवं प्रशिक्षण तथा डी.आर.यू.में प्रशिक्षकों का एक संसाधन दल तैयार करने पर जोर दिया गया।

4.3.4 मूल्यांकन

पूरे देश में अनौपचारिक शिक्षा के कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए मा.सं.वि.मं. से प्राप्त अनुदान से चलने वाले लगभग 400 स्वैच्छिक अभिकरणों को डी.एन.एफ.ई. एंड ई.एस.सी. /एस.टी. ने तकनीकी सहायता प्रदान की। 1991-92 में इन स्वैच्छिक अभिकरणों का क्षेत्रवार वर्गीकरण किया गया तथा आवधिक रूप से (हर तिमाही में) प्रशिक्षण दिया गया। मा. सं.वि.मं. के अनुरोध पर, डी.एन.एफ.ई. एंड ई.एस.सी./एस. टी. ने रा.शै.अ.प्र.प. के क्षेत्रीय सलाहकारों (एफ.ए.) के सहयोग से इन स्वैच्छिक अभिकरणों के मूल्यांकन प्रकाशित किए। मूल्यांकन के परिणामों का विश्लेषण किया जा रहा है।

4.3.5 विस्तार

डी.एन.एफ.ई. एंड ई.एस.सी./एस.टी. ने एक वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया जिसने सभी राज्य सरकारों के एन.एफ.ई. कार्यकर्ताओं तथा स्वैच्छिक अभिकरणों को उनके अनुभवों के आदान-प्रदान तथा भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श करने के लिए सुअवसर प्रदान किया।

डी.वी.ई. ने प्रमुख व्यक्तियों के लिए कार्यानुभव पर तीन अभिविन्यास कार्यक्रम, दो कुमारबाग (बिहार) तथा एक रेहड़ा (पश्चिम बंगाल) में आयोजित किए जिनमें 160 अध्यापकों/विशेषज्ञों/अधिकारियों ने भाग लिया।

विभान ने एस.आर.आई. राँची, में स्वैच्छिक संगठनों के सहयोग से विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों के लिए कार्यानुभव पर एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी आयोजित किया जिसमें 36 अध्यापकों/क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यानुभव पर मित्रा निकेतन, वेलेनाड त्रिवेन्द्रम में एक राष्ट्रीय पुनरीक्षण संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों/स्वैच्छिक संगठनों के 26 अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रमों का विवरण तालिका 5.4 में दिया गया है।

5.4.7 परामर्श सेवाएँ

शिक्षा के व्यावसायीकरण पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) तथा केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना के कार्यान्वयन के लिए रा.शै.अ.प्र.प. शिक्षा के व्यावसायीकरण में लगे हुए अभिकरणों को व्यावसायिक शिक्षा के बारे में सूचना के प्रचार-प्रसार के लिए नोडल अभिकरण के रूप में कार्य करती है। डी.वी.ई. के संकायों ने विभिन्न राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय बैठकों/संगोष्ठियों, अध्ययन दौरों और शिक्षा के व्यावसायीकरण की योजना को बढ़ावा देने के लिए परामर्श-सेवाएँ देने में सक्रिय भूमिका निभाई।

देश में शिक्षा के व्यावसायीकरण और कार्यानुभव को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों में विभाग की विशेषज्ञता का उपयोग केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.) राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (एन.ओ.एस.), केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.), इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, स्वैच्छिक संगठनों आदि द्वारा अक्सर किया जाता है।

डी.वी.ई. ने माध्यमिक शिक्षा के व्यावसायीकरण की केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता के लिए राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों तथा स्वैच्छिक संगठनों द्वारा प्रस्तुत सुझावों के मूल्यांकन में मा.सं.वि.मं. को सहायता दी तथा सहायक अनुदान समिति की बैठक में भाग लिया। विभाग ने राज्यों में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों की योजना के लिए व्यावसायिक शिक्षा निदेशक, कर्नाटक, आयुक्त, सार्वजनिक शिक्षा, कर्नाटक, व्यावसायिक शिक्षा निदेशक, केरल, तथा मा.सं.वि. मं. बिहार के साथ सलाह मशविरा किया। विभाग ने रेलवे व्यावसायिक पाठ्यक्रम पर पाठ्यपुस्तकों के विकास में रेल मंत्रालय और के.मा.शि.बोर्ड को भी सहायता प्रदान की।

5.4.8 मूल्यांकन अध्ययन

डी.वी.ई. कार्यक्रम के प्रारंभ से ही राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों द्वारा आरंभ किए जा रहे शिक्षा व्यावसायीकरण कार्यक्रमों की संख्या और त्रुटियों का पता लगाने के लिए तत्काल-अध्ययन का कार्य कर रहा है। इस कार्यकलाप के क्रम में विभाग ने माध्यमिक शिक्षा के व्यावसायीकरण की केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना के कार्यान्वयन का केरल में 30 सितंबर, से 16 अक्टूबर, 1991 तक और आंध्र-प्रदेश में 18 से 30 नवंबर, 1991 तक तत्काल-गहन अध्ययन किया।

1991-92 के दौरान विभाग ने कर्नाटक राज्य के लिए तत्काल गहन अध्ययन की एक रिपोर्ट प्रकाशित की। इस रिपोर्ट को संबंधित सरकारों, योजना आयोग और मा.सं.वि.मं. के विभागों को उनके अवलोकन तथा शिक्षा व्यावसायीकरण कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उचित उपाय करने हेतु भेजा गया।

1991-92 के दौरान. डी.वी.ई. के संकाय सदस्यों ने अनेक सरकारी शिक्षा विभागों, परीक्षा बोर्डों तथा शैक्षिक संस्थानों द्वारा विभिन्न स्थानों पर आयोजित बैठकों में भाग लिया।

5.4.9 प्रकाशन

प्रकाशित

1. कॉम्पीटेन्सी बेस्ड करीकुलम ऑन इन्सट्रयूमेन्टल म्यूजिक (तबला)

2. कॉम्पीटेन्सी बेस्ड करीकुलम ऑन वेटरीनरी फार्मेसिस्ट-कम आर्टिफिसियल इनसेमीनेशन असिस्टैन्ट
3. वोकेशनल कॉम्पीटेन्सी बेस्ड करीकुलम ऑन एग्रो बेस्ड इन्डस्ट्रीज (एनीमल बेस्ड)
4. वोकेशनल कॉम्पीटेन्सी बेस्ड करीकुलम ऑन एग्रो बेस्ड फूड इन्डस्ट्रीज (एनीमल बेस्ड)
5. वोकेशनल कॉम्पीटेन्सी बेस्ड करीकुलम ऑन फिशरी टैक्नोलॉजी
6. कॉम्पीटेन्सी बेस्ड करीकुलम ऑन रूरल कन्सट्रक्शन टैक्नोलॉजी
7. कॉम्पीटेन्सी बेसूड करीकुलम ऑन रिपेयर एंड मैन्टेनेन्स ऑफ पावर (ड्राइवेन फार्म मशीनरी)
8. ऑन द स्पॉट स्टडी ऑफ द इम्पलीमेन्टेशन ऑफ वोकेशनलाइजेशन ऑफ एजुकेशन प्रोग्राम इन द स्टेट ऑफ केरल
9. ए टेक्स्ट बुक ऑन मार्केटिंग एंड सेल्समैनशिप (वाल्यूम-2) एलीमेन्ट्स ऑफ सेल्समैनशिप
10. ऑन द स्पाट स्टडी ऑफ द इम्पलीमेन्टेशन ऑफ बोकेशलन एजुकेशन प्रोग्राम इन, द स्टेट ऐट कर्नाटक
11. वोकेशनल कॉम्पीटेन्सी बेस्ड करीकुलम ऑन मैन्टेनेन्स ऐंड रिपेयर ऑफ इलैक्ट्रिकल डोमेस्टिक एप्लाएंसेज
12. रिपोर्ट ऑफ द ऑरियेन्टेशन वर्कशाप ऑन वोकेशनलाइजेशन ऑफ एजुकेशन (मैसूर)
13. कॉम्पीटेन्सी बेस्ड करीकुलम ऑन रिसैप्सिनिस्ट
14. ए टेक्स्ट बुक आन मार्केटिंग एंड सेल्समैनशिप (वाल्यूम-1) एलीमेंट्स ऑफ सेल्समैनशिप
15. वोकेशनल कॉम्पीटेन्सी बेस्ड करीकुलम ऑन रिपेयर, मैन्टेनेन्स एंड रिवाइन्डिंग ऑफ इलैक्ट्रिकल मोटर
16. वोकेशनल कॉम्पीटेन्सी बेस्ड करीकुलम ऑन लाइनमैन
17. लर्निंग बाई डुइंग-द रिपोर्ट ऑफ द नेशनल रिव्यू सेमिनार ऑन वर्क एक्सपीरियन्स

5.4.10 *प्रकाशन के लिए प्रस्तुत पाण्डुलिपियाँ*

1. मैनुअल ऑन प्रैक्टिकल इलैक्ट्रोनिक्स
2. एलीमेन्ट्स ऑफ इलैक्ट्रिकल टैक्नोलॉजी (फोर रिपेयर मैन्टेनेन्स एंड रिवाईडिंग ऑफ इलैक्ट्रिकल मोटर कक्षा-11)

1991-1992 के दौरान डी.वी.ई. द्वारा आयोजित कार्यशालाओं, बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, संगोष्ठियों आदि का विवरण तालिका 5.4 में दिया गया है।

तालिका 5.4

1991-92 के दौरान डी.वी.ई. द्वारा आयोजित कार्यशालाएँ/बैठकें/संगोष्ठियाँ/ सम्मेलन/प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम

क्रम संख्या	*कार्यक्रम का शीर्षक*	*तारीख*	*स्थान*	*प्रतिभागियों की संख्या*
1	*2*	*3*	*4*	*5*
विकासात्मक कार्यक्रम				
1.	वैद्युत व्यावसायिक पाठ्यक्रम में स्व-अधिगम के लिए बहु-माध्यम पैकेजों का विकास (चरण-1)	7 से 11 अक्टूबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	4
2.	व्यावसायिक पाठ्यक्रम-वस्त्र डिजाइन में स्व-अधिगम के लिए बहु-माध्यम पैकेजों का विकास (चरण-1)	4 से 6 जून, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	3
3.	भारतीय संगीत पर +2 स्तर के लिए पाठ्यचर्या आधारित क्षमताओं की रूपरेखा	13 से 17 अप्रैल, 1991	कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र (हरियाणा)	9

1	2	3	4	5
4.	व्यावसायिक पाठ्यक्रम-स्वागती के लिए पाठ्यचर्या आधारित क्षमताओं की रूपरेखा	11 से 15 जुलाई, 1991	एम.ई.एस. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वास्कोडिगामा, गोवा	12
5.	व्यावसायिक स्टीम-प्लास्टिक और पॉलीमर प्रौद्योगिकी के लिए पाठ्यचर्या आधारित क्षमताओं की रूपरेखा	28 से 30 जनवरी, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	8
6.	व्यावसायिक पाठ्यचर्या-वाणिज्य कला के लिए पाठ्यचर्या आधारित क्षमताओं की रूपरेखा	16 से 20 सितंबर, 1991	लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ (उ.प्र.)	9
7.	तकनीकी क्षेत्र में व्यावसायिक पाठ्यचर्या आधारित क्षमता में संशोधन और पुनर्गठन	11 से 16 जुलाई, 1991	पांडिचेरी इंजीनियरिंग महाविद्यालय, पांडिचेरी	18
8.	व्यावसायिक पाठ्यचर्या आधारित वाणिज्य का संशोधन एवं पुनर्गठन (चरण-1)	7 से 11 जनवरी, 1992	क्षे.शि.म., मैसूर	12
9.	व्यावसायिक पाठ्यचर्या आधारित वाणिज्य का संशोधन एवं पुनर्गठन (चरण-2)	3 से 7 फरवरी, 1992	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	15
10.	व्यावसायिक पाठ्यक्रम पर लोकप्रिय पुस्तकों के विकास हेतु कार्यशाला	24 से 28 अक्टूबर, 1991	माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एलटेबोटिन, गोवा	23
11.	हिन्दी आशुलिपि में नमूना प्रश्न पत्र बनाने के लिए कार्यशाला	18से 24 फरवरी, 1991	शांति कुंज, हरिद्वारा	11
12.	अंतः स्थलीय मत्स्य-क्षेत्र पर संदर्भ पुस्तिका के विकास हेतु कार्यशाला	22 से 27 जनवरी 1992	सी.आई.एफ.ई., बंबई	12
13.	कृषि क्षेत्र में व्यावसायिक पाठ्यचर्या आधारित क्षमताओं का संशोधन एवं पुनर्गठन	26 फरवरी से 2 मार्च, 1991	माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, गोवा	31
14.	कक्षा-12 के लिए विद्युत मोटरों की मरम्मत रख-रखाव तथा रिवाइंडिंग के लिए अनुदेशी एवं प्रयोगात्मक मैनुअलों का विकास (दो चरणों में)	18 से 24 सितंबर, 1991	आई.टी.आई., औंध, पुणे	18
15.	व्यावसायिक छात्रों के लिए इलैक्ट्रॉनिक्स में अनुदेशी सामग्री का विकास (ग्रेड-12 दो चरणों में)	1 से 5 जुलाई, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	5
16.	व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, इलैक्ट्रॉनिक्स में स्व अधिगम के लिए बहु-माध्यम पैकेजों का विकास (चरण-2)	3 से 7 फरवरी, 1992	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	4
17.	सामान्य मूल आधार पाठ्यक्रम के लिए पर्यावरण शिक्षा और ग्रामीण विकास हेतु पाठ्यपुस्तक (चरण-2)	31 मार्च से 5 अप्रैल, 1992	एस.आर.आई., बरियातू, रांची (बिहार)	14
18.	मोटर मरम्मत पर नमूना प्रश्न पत्र	25 से 28 फरवरी, 1992	बैंगलूर	10

1991-92

1	2	3	4	5
19.	कक्षा-11 के लिए कथक नृत्य के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए पाठ्यपुस्तक का विकास (चरण-2)	30 मार्च से 3 अप्रैल, 1992	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	
20.	कक्षा-11 के लिए कथक नृत्य के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए पाठ्यपुस्तक का विकास (चरण-1)	17 से 19 फरवरी, 1992	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	
21.	सामान्य मूल आधार पाठ्यक्रम के लिए पर्यावरण शिक्षा और ग्रामीण विकास हेतु पाठ्यपुस्तक (चरण-1)	24 सितंबर, 1991	एस.आर.आई., बरियातू रांची (बिहार)	7
22.	भारतीय गायन पर +2 स्तर के लिए पाठ्यचर्या आधारित क्षमताओं की रूपरेखा (चरण-2)	4 से 6 सितंबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	6
23.	व्यावसायिक पाठ्यक्रमः वस्त्र डिजाइन में स्व-अधिगम के लिए बहु-माध्यम पैकेजों का विकास (चरण-2)	12 से 14 अगस्त, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	7
विस्तार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम				
24.	व्यावसायिक शिक्षा में राज्यों के प्रमुख कार्यकताओं का अल्प अवधि का प्रशिक्षण (चार चरणों में)	2 से 3 दिसंबर, 5 से 6 दिसंबर, 13 से 14 दिसंबर, 17 से 27 दिसंबर,	रा.शै.अ.प्र.प. रा.शै.अ.प्र.प. रा.शै.अ.प्र.प. रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	18 20 10 18
25	राज्यों के साथ घनिष्ठ संबंध स्थापित कर व्यावसायिक अध्यापकों के लिए आयोजित सेवा कालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु समन्वयकों का अभिविन्यास	17 से 20 सितंबर, 1991	महाराजा अग्रसेन इन्टर कालिज, लखनऊ (उ.प्र.)	54
26.	राज्यों द्वारा नामित व्यावसायिक अध्यापकों के लिए आयोजित सेवा-कालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने हेतु समन्वयकों का अभिविन्यास	28 से 31 जनवरी, 1992	आई.टी.आई., औंध, पुणे	45
27.	शिक्षा व्यावसायीकरण में राज्य अधिकारियों/प्रधानाचार्यों/शिक्षा अधिकारियों और अन्य के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	26 से 27 सितंबर, 1991	ए.एन.सिन्हा संस्थान, पटना, बिहार	46
28.	शिक्षा व्यावसायीकरण में राज्य अधिकारियों/प्रधानाचार्यों/शिक्षा अधिकारियों और अन्य के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	12 से 15 फरवरी, 1992	त्रिवेन्द्रम, केरल	25
29.	शिक्षा व्यावसायीकरण में राज्य कर्मचारियों/प्रधानाचार्यों/शिक्षा अधिकारियों तथा अन्य के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	4 से 6 मार्च, 1992	एच.आर.डी.विभाग पटना, बिहार	33
बैठकें तथा संगोष्ठियाँ				
30.	शिक्षा व्यावसायीकरण के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए कार्यनीति विकसित करने हेतु पैनल की चौथी बैठक	20 दिसंबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प. नई दिल्ली	9

1	2	3	4	5
31.	शिक्षा व्यावसायीकरण पर राष्ट्रीय पुनरीक्षण संगोष्ठी	13 से 15 नवंबर, 1991	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	45
कार्यानुभव कार्यक्रम				
32.	शिक्षा और उत्पादक कार्य के बीच उन्नत संबंध पर समीक्षा एवं यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यशाला	24 से 29 मई, 1991	आर.सी.ई., मैसूर	25
33.	स्वैच्छिक संगठनों के सहयोग से विद्यालयों में कार्यरत कार्यानुभव अध्यापकों का प्रशिक्षण	1 से 8 अगस्त, 1991	एस.आर.आई. बरियातु, राँची, बिहार	36
34.	कार्यानुभव में प्रमुख व्यक्तियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम (चरण-1)	20 अक्टूबर, 1991	कुमारबाग, चनपटिया ब्लॉक, जिला पश्चिमी चंपारन, बिहार	51
35.	कार्यानुभव में प्रमुख व्यक्तियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	20 से 23 नवंबर, 1991	ब्रह्मानंद, पी.जी.बी.टी. कालिज, एस. 24 परगना पश्चिमी बंगाल	54
36.	कार्यानुभव पर बनाई गई रा.शै.अ.प्र.प. पैनल की बैठक	8 दिसंबर, 1991	मित्रानिकेतन वैलेनॉड, त्रिवेन्द्रम त्रिवेन्द्रम	4
37.	कार्यानुभव में राष्ट्रीय समीक्षा संगोष्ठी	9 से 11 दिसंबर, 1991	मित्रानिकेतन, वैलेनॉड, त्रिवेन्द्रम	26
38.	कार्यानुभव में प्रमुख व्यक्तियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम (चरण-2)	23 से 26 मार्च, 1992	कुमारबाग, चनपटिया ब्लॉक, जिला पश्चिमी चंपारन, बिहार	55

5.5 प्रतिभा खोज

5.5.1 रा.शै.अ.प्र.प. अपनी राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष 750 छात्रवृत्तियाँ देती है, जिनमें से 70 छात्रवृत्तियाँ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थियों को दी जाती है। इस योजना का उद्देश्य कक्षा-10 के बाद प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का पता लगाना और उन्हें उत्तम शिक्षा प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता देना है, ताकि उनकी प्रतिभा का विकास हो सके और वे अपने चयनित विषय में अपनी गुणवत्ता बढ़ाकर देश की बेहतर सेवा कर सकें।

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना के अन्तर्गत छात्रवृत्तियाँ देने के लिए दो स्तरों का चयन किया जाता है। प्रथम स्तर पर चयन राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों द्वारा अक्टूबर, 1990 से जनवरी, 1991 तक की अवधि में लिखित परीक्षा के माध्यम से किया गया जिसके आधार पर दूसरे स्तर की परीक्षा के लिए एन.सी.ई.आर.टी. से निर्धारित अभ्यर्थियों की सिफारिश की गई। दूसरे स्तर की परीक्षा अभ्यर्थियों की अपेक्षित संख्या में चयन करने के लिए रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा 12 मई, 1991 को आयोजित की गई। परीक्षा पूरे देश में 32 केन्द्रों पर आयोजित की गई।

5.5.2 1991 के दौरान रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा दी गई राष्ट्रीय प्रतिभा खोज (एन.टी.एस.) छात्र वृत्तियों की संख्या का विवरण नीचे दिया गया है :

1991-92

क्र.सं.	राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों का नाम	आबंटित कोटा	उन विद्यार्थियों की संख्या जो दूसरी बार परीक्षा में बैठे	पुरस्कार के रूप में छात्रवृत्तियों की संख्या (सामान्य)	अनु.जाति/अनु.जनजाति को पुरस्कार के रूप में दी गई आरक्षित छात्रवृत्तियाँ
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	225	221	43	5
2.	अरुणाचल प्रदेश	25	21	—	
3.	असम	75	75	11	—
4.	बिहार	190	188	61	6
5.	गोवा	25	24	3	—
6.	गुजरात	150	137	14	—
7.	हरियाणा	65	63	15	—
8.	हिमाचल प्रदेश	30	30	7	1
9.	जम्मू और कश्मीर	45	39	—	—
10.	कर्नाटक	150	148	26	5
11.	केरल	180	179	37	6
12.	मध्य प्रदेश	175.	171	26	2
13.	महाराष्ट्र	315	314	130	17
14.	मणिपुर	25	25	—	—
15.	मेघालय	25	24	2	—
16.	मिजोरम	25	19	—	—
17.	नागालैंड	25	22	—	—
18.	उड़ीसा	140	135	18	4
19.	पंजाब	80	80	16	2
20.	राजस्थान	140	140	40	3
21.	सिक्किम	25	18	—	—
22.	तमिलनाडु	215	213	41	8
23.	त्रिपुरा	25	25	3	1
24.	उत्तर प्रदेश	500	493	79	2

1	2	3	4	5	6
25.	पश्चिमी बंगाल	245	239	63	7
26.	अंडमान और निकोबार दीप समूह	10	10	—	—
27.	चंडीगढ़	10	10	7	—
28.	दादर और नागर हवेली	10	3	—	—
29.	दिल्ली	50	49	37	—
30.	दमन, दीव	10	2	—	—
31.	लक्षदीप	10	2	—	—
32.	पांडिचेरी	10	10	1	1
33.	कुवैत	—	1	—	—
34.	मस्कट	—	11	—	—
	योग	3213	3160	680	70

1991-92 के दौरान पुरस्कार पाने वालों की कुल संख्या

+२ स्तर		
बारहवीं	746	
ग्यारहवीं	749	1495
स्नातक स्तर से नीचे		
बुनियादी विज्ञान		170
सामाजिक विज्ञानः बी.ए./बी.कॉम		63
इंजीनियरिंग		2078
मेडिसन		777
स्नातकोत्तर स्तर		
बुनियादी विज्ञान		19
सामाजिक विज्ञान		9
इंजीनियरिंग/एम.ई./एम.टैक		7
मेडिसन		104
एम.बी.ए.		55
एम.सी.ए.		7
पी.एच.डी.		7
योग		4791

1991-92 के दौरान राष्ट्रीय प्रतिमा. खोज के अंतर्गत खर्च

1.	छात्रवृत्ति पर खर्च	रु. 69,96,592.00
2.	ग्रीष्मकालीन विद्यालय/नियोजन	रु. 66,000.00
3.	परीक्षाओं का आयोजन	रु. 5,38,764.00
	योग	रु. 76,01,356.00

5.5.3 नवोदय विद्यालयों को तकनीकी सहायता

वर्ष 1986-87 से देश से जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए छात्रों का चयन करना भी रा.शै.अ.प्र.प. का एक महत्वपूर्ण प्रतिभा खोज कार्य रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन.आई.ई.) का नवोदय विद्यालय प्रकोष्ठ (एन.वी.सी.) वर्तमान में मापन, मूल्यांकन, सर्वेक्षण और आधार सामग्री प्रक्रियन विभाग (डी.एम.ई.एस.डी.पी.)

का एक भाग है, जो नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा तथा विद्यार्थियों के चयन संबंधी सभी कार्यकलापों का समन्वयन करता है। वर्ष 1991-92 के दौरान विभाग द्वारा किए गए प्रमुख कार्य इस प्रकार है: विवरणिका व आवेदन-प्रपत्र तैयार करना और वितरित करना, चयन परीक्षा के आयोजन से जुड़े नवोदय विद्यालयों के प्राचार्यों और अन्य अधिकारियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करना, चयन परीक्षाओं के लिए प्रश्न-पत्रों को बनवाना मुद्रित करवाना तथा नवोदय विद्यालयों की चयन परीक्षाएँ आयोजित करना।

5.5.3.1 विवरणिका व आवेदन-प्रपत्र तैयार तथा वितरित करना

नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 1991-92 के लिए विवरणिका व आवेदन-प्रपत्रों को 18 क्षेत्रीय भाषाओं (असमिया, बंगाली, अंग्रेजी, गारो, गुजराती, हिन्दी, कन्नड, खासी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, मिजो, उड़िया, पंजाबी, सिंधी, तमिल, तेलुगु और उर्दू) में तैयार कर मुद्रित करवाया गया। इन्हें रा.शै.अ.प्र.प. के क्षेत्रीय सलाहकारों के कार्यालयों, जिला शिक्षा अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों आदि के माध्यम से बड़ी संख्या में वितरित करवाया गया। अभ्यर्थियों द्वारा पूर्णरूप से भरे हुए आवेदन-पत्र जिला शिक्षा अधिकारियों के कार्यालयों में प्राप्त किए गए। नवोदय विद्यालय के प्राचार्यों के कार्यालयों में आवेदन प्रपत्रों की जाँच की गई और उपयुक्त अभ्यर्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (जे.एन.वी.एस.टी.) में प्रवेश के लिए प्रवेश-पत्र जारी किए गए।

5.5.3.2 चयन परीक्षा की तैयारी

नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की तैयार करने और उसे अन्तिम रूप देने के लिए कई बैठकें आयोजित की गईं। परीक्षा के छः प्रपत्र 18 क्षेत्रीय भाषाओं (19 अनुवाद) में तैयार करवाकर मुद्रित करवाए गए। परीक्षा में मानसिक योग्यता परीक्षा, भाषा परीक्षा और गणित परीक्षाएँ सम्मिलित हैं। मानसिक योग्यता परीक्षा में 60 प्रश्न और भाषा तथा गणित परीक्षा में प्रत्येक में 20-20 प्रश्न थे, मानसिक योग्यता परीक्षा में केवल गैर-मौखिक परीक्षा मदें थीं। ऐसा परीक्षा प्रक्रिया को यथा संभव संस्कृति-तटस्थ और पर्यावरणीय कारणों से होने वाले भेदभाव को न्यूनतम बनाए रखने के लिए किया गया। परीक्षा की सभी मदें वस्तुनिष्ठ थीं।

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 1991 के लिए लगभग 3,32,064 अभ्यर्थी पंजीकृत हुए। परीक्षा में 2,91,277 अभ्यर्थी शामिल हुए। नवोदय विद्यालय योजना के अनुसार कम से कम 75% सीटें प्रत्येक जिले के ग्रामीण अभ्यर्थियों और 25% सीटें शहरी अभ्यर्थियों से भरी जाती है। योजना में 15% सीटें अनुसूचित जाति तथा 7.5% सीटें अनुसूचित जन जाति के लिए भी आरक्षित है। यह आरक्षण खुली प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त अ.जा./अ.ज.जा. के अभ्यर्थियों के अतिरिक्त है।

छः अध्यापक शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना

6.1 शैक्षिक मनोविज्ञान परामर्श और निर्देशन विभाग (डी.ई.पी.सी.जी.)

शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन के सिद्धांतों की सहायता से विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाना एन.सी.ई.आर.टी. का एक मुख्य कार्य है। मार्गदर्शन और परामर्श से संबधित अनुसंधान, विकास एवं प्रशिक्षण कार्यकलाप, सृजनात्मकता, अधिगम, विकास, आचरण में सुधार, कक्षा 11 तथा 12 के लिए मनोविज्ञान की अनुदेशी सामग्री का विकास तथा अध्यापकों और अध्यापक शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना डी.ई.पी.सी.जी. के प्रमुख कार्यकलापों में सम्मिलित है। विद्यार्थियों के सामर्थ्य तथा क्रियात्मकता के सभी पक्षों का अनुकूलतम विकास तथा उनकी स्वयं सिद्धि ही इस विभाग के कार्य का केन्द्र बिन्दु है।

6.1.2 अनुसंधान और सर्वेक्षण

डी.ई.पी.सी.जी. ने शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन में विभिन्न अनुसंधान/सर्वेक्षण किए। विभाग द्वारा किए गए मुख्य कार्यकलापों में निम्नलिखित शामिल हैं :

(1) सृजनशील लड़कियों के व्यावसायिक व्यवहार का एक अध्ययन

इस एरिक परियोजना का उद्देश्य भारतीय व्यवस्था में सृजनशील युवतियों के एक विशेष समूह को जीवन-वृत्ति की शिक्षा प्रदान करना है। वर्ष 1991 के दौरान, दूसरे चरण में, आँकड़ों के एकत्रीकरण के लिए साधनों/परीक्षणों को अंतिम रूप दिया गया। चयनित नमूनों की पहचान के लिए अन्वेषण योजना बनाई गई तथा आँकड़ों को कम्प्यूट्रीकृत किया गया।

(2) विद्यालय तथा कक्षा-व्यवस्था में विद्यार्थियों के व्यावहारिक प्रबंध के अभ्यास पर प्राथमिक अध्यापकों का एक प्रारंभिक सर्वेक्षण

प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों द्वारा प्रतिदिन कक्षा तथा विद्यालय के परस्पर कार्य प्रबंध हेतु अपनाई गई प्रचलित प्रणाली में वर्तमान स्थिति तथा उसमें परिवर्तन का अध्ययन करने के साथ-साथ कक्षा स्थिति एवं विद्यालय में प्रतिस्पर्धा, सहयोग तथा बच्चों के अन्य सामाजिक भावनात्मक तथा व्यावहारिक समायोजन के प्रबंध का अध्ययन भी इस एरिक परियोजना का उद्देश्य है। इस अध्ययन के निष्कर्षों से अध्यापक प्रशिक्षण के उन क्षेत्रों का पता चल सकेगा जिनमें विद्यालय व्यवस्था

1991-92

में अपेक्षित व्यावहारिक तकनीक का प्रबंध किया जा सकता है। दस सार्वजनिक विद्यालयों से आँकड़े एकत्र किए गए तथा हिन्दी व अंग्रेजी में एक प्रश्नावली तैयार की गई है

(3) **शहरी गंदी बस्तियों में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की अधिगम समस्याओं का सर्वेक्षण**

इस परियोजना का उद्देश्य बच्चों की अधिगम समस्याओं का पता लगाना तथा समस्याओं से उबरने के लिए मध्यस्थता कार्यक्रमों का विकास कराने हेतु आधार तथा प्रतिपुष्टि उपलब्ध कराना है।

परिचय, संबंधित साहित्य की समीक्षा, परिवर्तनों, साधनों तथा नमूने सहित एक उपागम प्रपत्र तैयार किया गया तथा इस सर्वेक्षण की भावी कार्यवाही पर निर्णय लेने के लिए विशेषज्ञों से चर्चा की गई।

6.1.3 ***विकासात्मक कार्यकलाप***

1991-92 के दौरान शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श तथा मार्गदर्शन विभाग ने निम्नलिखित विकासात्मक कार्य किए:

(1) शैक्षिक एवं मनोवैज्ञानिक परीक्षणों का राष्ट्रीय पुस्तकालय (एन.एल.ई. एण्ड पी.टी.)

यह पुस्तकालय शैक्षिक और मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के सदंर्भ पुस्तकालय तथा समीक्षक संस्था एवं परीक्षण और समीक्षा से संबंधित सूचना केन्द्र के रूप में सेवाएँ प्रदान करता है। बुद्धि, योग्यता, व्यक्तित्व, रुझान इत्यादि के क्षेत्र में प्रकाशित 1500 परीक्षण इस पुस्तकालय में उपलब्ध हैं। 1991-92 में परीक्षणों की समीक्षा के लिए कुछ कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। व्यक्तित्व के क्षेत्र में अद्यतन भारतीय परीक्षण पुस्तकालय के लिए खरीदे गए। "बुद्धि और योग्यता पर पहली भारतीय मानसिक मापन पुस्तिका" भी पुस्तकालय में लाई गई।

(2) प्राथमिक अध्यापक शिक्षकों के लिए अधिगम और विकास पर नियमावली तैयार करना

इस नियमावली का उद्देश्य प्राथमिक अध्यापक शिक्षकों एवं सभी एस.आई.ई,एस.सी.ई.आर.टी. तथा डी.आई.ई.टी. कार्मिकों (अधिकारियों) में अधिगम तथा विकास की विषयवस्तु एवं तकनीक का प्रसार करना है।

(3) कक्षा 11 तथा कक्षा 12 के लिए मनोविज्ञान की पाठ्यपुस्तक का हिन्दी रूपांतरण

कक्षा 11 की "अंडरस्टैंडिंग साइकॉलोजी ऑफ ह्यूमन बिहेवियर" नामक पाठ्यपुस्तक तथा कक्षा 12 की "साइकॉलोजी फॉर बैटर लिविंग" नामक पाठ्यपुस्तक का हिन्दी रूपांतर तैयार किया गया।

(4) प्रारंभिक अध्यापक शिक्षकों और शिक्षकों के लिए कक्षा/विद्यालय स्थितियों में व्यवहार में परिवर्तन की एक नियमावली

यह नियमावली प्रकाशित कर ली गई है और देश के सभी एस.आई.ई., एस.सी.ई.आर.टी. एवं डी.आई.ई.टी. के प्रधानाचार्यों को वितरित की जा चुकी है।

(5) प्रारंभिक विद्यार्थियों की व्यावहारिक समस्याओं में परिवर्तन के लिए व्यावहारिक मध्यस्थता कार्यक्रमों का विकास

प्रारंभिक स्तर पर प्रचलित अठारह व्यावहारिक समस्याओं की प्राथमिकता सूची विकसित की गई है। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के समस्याग्रस्त व्यवहारों में सुधार के लिए मध्यस्थता कार्यक्रम के विकास की प्रक्रिया भी जारी है।

(6) प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के बीच सृजनात्मक संभावना के पोषण पर पुस्तिका

इसका उद्देश्य बच्चों में सृजनात्मक संभावनाओं के पोषण हेतु अध्यापकों को सक्षम बनाने में सहायता देने के लिए प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों के अध्यापक प्रशिक्षकों

के लिए स्रोत सामग्री का विकास करने संबधी पुस्तिका तैयार करना है। इस पुस्तिका की पांडुलिपि को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

(7) विकासात्मक तथा जीवनवृत्ति मार्गदर्शन पर "मल्टी मीडिया पैकेज" तैयार करना

अध्यापकों तथा अभिभावकों के लिए तैयार की जाने वाली इस अनुदेशी सामग्री का उद्देश्य , विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध शैक्षिक प्रौद्योगिकी के विषय में, आधारभूत शैक्षिक तथा व्यावसायिक मागदर्शन जुटाना है। दस श्रव्य कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। 'ये भी संभव है' तथा "श्रम ही पूजा है" नामक दो वीडियो कार्यक्रम भी तैयार किए गए हैं। "सेल्फ अंडर स्टैंडिंग एण्ड कैरियर अवेयरनेस" तथा "कैरियर अवेयरनेस" नामक खंड 1 तथा 2 के प्रकाशन को अंतिम रूप दिया गया है।

(8) व्यवहार परिवर्तन का अध्ययन

इस कार्यक्रम का उद्देश्य गुणात्मक शिक्षा में सुधार के क्षेत्र में सक्षमता प्राप्त करने के लिए प्रारंभिक अध्यापक प्रशिक्षकों की सहायता के लिए एक स्रोत पुस्तक के रूप में अनुदेशी सामग्री का विकास करना है।

पुस्तक की पाण्डुलिपि में शामिल प्रपत्रों/अध्यायों की समीक्षा की गई तथा एक कार्यशाला में इसे अंतिम रूप दिया गया।

(9) प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक श्रृंखला

इसका उद्देश्य ऐसी पुस्तिकाओं की श्रृंखला तैयार करना है जिसमें सरल रूप से मनोविज्ञान का प्रचलित ज्ञान शामिल हो ताकि अध्यापक तथा अभिभावक अपने बच्चों को अधिकाधिक दक्षता एवं सरलता से मार्गदर्शन दे सकें और उनके विकास एवं सीखने में सहायता कर सकें।

सोलह शीर्षकों में शामिल सामग्री का विवरण तथा अन्य मार्गदर्शन एक कार्यशाला में विकसित किए गए हैं।

(10) गुणात्मक शिक्षा के लिए अध्यापकों में मूल्यों का विकास करना

इसका उद्देश्य अध्यापक शिक्षकों के लिए एक प्रशिक्षण पैकेज तैयार करना है ताकि वे अपने आप में आत्म-बोध, सामाजिक, नैतिक एवं कार्य मूल्यों का विकास तथा बच्चों और शिक्षण व्यवसाय के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपना सकें। गहन पुस्तक संग्रह कार्य तथा संकाय सदस्यों के बीच हुई बातचीत एवं संबंधित साहित्य की समीक्षा करने के बाद, दो प्रपत्रों का विकास किया गया।

(11) मनोविज्ञान में +२ स्तर पर (नए पाठ्यक्रम पर आधारित) मद बैंक का विकास

ये मदें एक कार्यशाला में तैयार की गई हैं ।

(12) जिन बच्चों को सीखने में कठिनाई है उनके लिए अधिगम क्लीनिक की स्थापना करना

नमूना सर्वेक्षण के बाद कक्षा 2 स्तर पर निदान कार्य आरम्भ किया गया।

(13) भारत में बाल-मनोविज्ञान : वर्तमान रुख तथा भावी परिप्रेक्ष्य

इसका उद्देश्य वर्तमान अनुसंधान साहित्य के आधार पर भारतीय बच्चों के विकास की पद्धति की रूपरेखा तैयार करना है ताकि भारतीय बालक का एक संपूर्ण चित्र उभरकर सामने आ सके।

परामर्श बैठकों तथा विषयों को अंतिम रूप देने के पश्चात पुस्तक के विकास का कार्य चल रहा है।

(14) बाल तथा युवा मनोविज्ञान में हुए अनुसंधानों का अध्ययन

पुस्तक की पाण्डुलिपि तैयार कर ली गई है तथा प्रकाशनार्थ भेजी जा चुकी है।

1991-92

(15) विद्यार्थियों में अधिकतम स्वतः पोषण तथा कार्योन्मुखता उत्पन्न करने के लिए प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों को मार्गदर्शन देना

आत्म-ज्ञान तथा व्यक्तिगत विकास से संबंधित इस अवधारणा का विकास किया गया है। जीवनवृत्ति सूचनाओं को पढ़ाए जाने वाले विषयों में समाहित किया गया है। विज्ञान, सामाजिक अध्ययन तथा भाषा से संबंधित कार्यकलापों के ढाँचे का विकास तथा परीक्षण किया गया।

(16) मार्गदर्शन प्रयोगशाला तथा व्यावसायिक सूचना का विकास

शैक्षिक तथा व्यावसायिक मार्गदर्शन के डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रशिक्षुओं तथा मार्गदर्शन कार्यकलापों में कार्यरत संकाय सदस्यों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मार्गदर्शन प्रयोगशाला के लिए अपेक्षित सामग्री खरीदी गई।

(17) विद्यालय के विद्यार्थियों को समकक्ष परामर्शदाता के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए अनुदेशी सामग्री का विकास

विद्यार्थियों, अध्यापक प्रशिक्षकों तथा प्रमुख व्यक्तियों के लिए सचित्र परामर्शदाता नियमपुस्तिका के तीन अध्याय लिखने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

(18) माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के स्वतः मार्गदर्शन के लिए मापदण्डों का विकास

मापदण्ड तैयार करने का उद्देश्य माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्रों का अधिगम कौशल, अंतः व्यक्तिगत कौशल, जीवनवृत्ति विकास कौशल तथा कार्मिक प्रबंध कौशल के विकास में सुविधा प्रदान करने के लिए स्वतः अनुदेशी सामग्री उपलब्ध कराना है। एक कार्यशाला में आठ में से पाँच मापदण्डों का विकास किया गया।

(19) मार्गदर्शन परामर्शदाताओं के लिए नियमावली

यह नियमावली छात्रों, अध्यापकों तथा अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं को सहायता देने वाले मार्गदर्शन कार्मिकों के लिए स्रोत सामग्री के रूप में सहायक होगी।

6.1.4 प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष 1991-92 के दौरान डी.ई.पी.सी.जी. द्वारा निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए :

(1) शैक्षिक एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम

डी.ई.पी.सी.जी. ने वर्ष 1991-92 के दौरान शैक्षिक एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन के 31 वें डिप्लोमा पाठ्यक्रम का संचालन किया। आन्ध्र प्रदेश, बिहार, चण्डीगढ., दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र , मध्यप्रदेश, पंजाब, राजस्थान, और उत्तर प्रदेश से आए 28 प्रशिक्षुओं ने इस पाठ्यक्रम में भाग लिया। यह पाठ्यक्रम, माध्यमिक विद्यालयों में मार्गदर्शन ब्यूरो चलाने के लिए परामर्शदाताओं को प्रशिक्षित करने तथा राज्य मार्गदर्शन ब्यूरो, अध्यापक शिक्षा महाविद्यालयों, तथा विश्वविद्यालयों के शैक्षिक/मनोविज्ञान विभागों के कार्मिकों को प्रशिक्षित करने के लिए तैयार किया गया है।

(2) डी.आई.ई.टी. कार्मिकों के लिए शैक्षिक मनोविज्ञान तथा मार्गदर्शन का प्रशिक्षण कार्यक्रम

11 से 27 नवंबर, 1991 तक, नई दिल्ली में, डी.आई.ई.टी. कार्मिकों के लिए शैक्षिक मनोविज्ञान तथा मार्गदर्शन का दूसरा गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आन्ध्र प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, केरल, मध्यप्रदेश, पंजाब, राजस्थान उत्तरप्रदेश से आए 37 प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

इस गहन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय के बच्चे के विकासात्मक पक्ष, अधिगम, प्रेरणा, सोच-विचार, बौद्धिकता, व्यक्तित्व, व्यवहार में सुधार, सृजनात्मकता तथा मार्गदर्शन शामिल है। वास्तविक प्रशासन तथा परीक्षा परिणामों की व्याख्या एवं कुछ चुनिंदा क्षेत्रों में प्रतिवेदन तैयार करने के संबध में भी प्रशिक्षण दिया गया।

6.1.5 विस्तार कार्यकलाप

(1) वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए मार्गदर्शन तथा परामर्श का अभिविन्यास कार्यक्रम

एस.सी.ई.आर.टी. पुणे में 10 से 12 दिसंबर, 1991 तक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए मार्गदर्शन तथा परामर्श पर तीन दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पाश्चात्य क्षेत्रों के प्रधानाचार्यों, प्रशासकों तथा माध्यमिक स्तर के शैक्षिक प्रशासकों को, आधारभूत अवधारणाओं, दर्शन तथा मार्गदर्शन एवं परामर्श की विभिन्न तकनीकों के बारे में अवगत कराना है ताकि वे इस क्षेत्र के कार्यकर्त्ताओं को नेतृत्व उपलब्ध करा सकें।

(2) मार्गदर्शन कार्मिकों के लिए विद्यालयी बच्चों के बीच सृजनात्मक संभावनाओं के मार्गदर्शन हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम

विद्यालयी बच्चों के बीच सृजनात्मक संभावनाओं के मार्गदर्शन हेतु परामर्शदाताओं तथा मार्गदर्शन कार्मिकों के लिए नई दिल्ली में डी.ई.पी.सी.जी. द्वारा एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

(3) राज्य शैक्षिक एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन ब्यूरो के अध्यक्षों का अखिल भारतीय सम्मेलन

तिरूपति में 25 से 27 फरवरी, 1992 तक राज्य शैक्षिक एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन ब्यूरो के अध्यक्षों का अखिल भारतीय सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रतिनिधियों ने अपने-अपने राज्यों में मार्गदर्शन सेवाओं की स्थिति के साथ-साथ भावी कार्ययोजनाएँ भी प्रस्तुत कीं। इस सम्मेलन में बहुत सी सिफारिशें की गईं।

(4) 2001 में रोजगार सेवाओं की भूमिका पर त्रिपक्षीय कार्यशाला

डी.ई.पी.सी.जी. ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन-रोजगार व प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा गोवा में आयोजित "2001 में रोजगार सेवाओं की भूमिका पर त्रिपक्षीय कार्यशाला" में भाग लिया तथा "भारत में शैक्षिक विकास के संदर्भ में व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम का रोजगार सेवा के संबध में भावी रूप", नामक प्रपत्र के माध्यम से योगदान दिया।

(5) परामर्श तथा प्रसार कार्यकलाप

उपरोक्त कार्यक्रमों और कार्यकलापों के अतिरिक्त डी.ई.पी.सी.जी. के संकाय सदस्यों ने बहुत सी बैठकों में भाग लिया तथा विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं/संगठनों को परामर्श सेवाएँ उपलब्ध कराईं।

विभिन्न अनुसंधान तथा विकास कार्यकलापों एवं प्रशिक्षण/विस्तार कार्यक्रमों से संबंधित कार्य के एक भाग के रूप में, डी.ई.पी.सी.जी. ने अनेक कार्यशालाएँ, बैठकें, सम्मेलन इत्यादि आयोजित किए जिनका विवरण तालिका 6.1 में दिया जा रहा है।

तालिका 6.1

डी.ई.पी.सी.जी. द्वारा वर्ष 1991-92 के दौरान आयोजित कार्यशालाएँ/बैठकें/संगोष्ठियाँ/अभिविन्यास कार्यक्रम

क्रम सं.	कार्यक्रम का विषय	दिनांक	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1	2	3	4	5
1.	राष्ट्रीय शैक्षिक एवं मनोवैज्ञानिक परीक्षण पुस्तकालय के परीक्षणों की समीक्षा के लिए कार्यशाला	9-13 सितंबर, 1991 27 मार्च, 1992	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	15 7

1991-92

1	2	3	4	5
2.	शैक्षिक एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन पर डिप्लोमा पाठ्यक्रम	1 अगस्त, 1991 से 30 अप्रैल, 1992	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	28
3.	गुणात्मक शिक्षा के लिए अध्यापकों में मूल्यों का विकास	23 अगस्त, 1991	एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली	5
4.	प्रसिद्ध मनोविज्ञान श्रृंखला के विषय की रूपरेखा को अन्तिम रूप देने के लिए कार्यशाला	8–11 अक्टूबर, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	12
5.	प्राथमिक विद्यालय के बच्चों में सृजनात्मक संभावनाओं के पोषण पर तैयार पुस्तिका के संपादन के लिए शैक्षिक बैठक	10–15 फरवरी, 1992	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	1
6.	मनोविज्ञान में +2 स्तर पर नए पाठ्यक्रम पर आधारित मद बैंक के विकास पर कार्यशाला	21–25 अक्टूबर, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	18
7.	भारत में बाल मनोविज्ञान : वर्तमान रुख और भावी परिप्रेक्ष्य : विषय निर्धारण के लिए सलाहकार समिति की बैठक	25–26 जुलाई, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	4
8.	विद्यालय के विद्यार्थियों को समकक्ष परामर्शदाता के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए अनुदेशी सामग्री का विकास करने हेतु कार्यशाला	28–30 अक्तूबर, 1991 21–23 मार्च, 1992	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	3 4
9.	माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के स्वतः मार्गदर्शन के लिए मापदण्डों का विकास करने हेतु कार्यशाला	3–5 अक्तूबर, 1991 25–27 फरवरी, 1992	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	4 6
10.	मार्गदर्शन के क्षेत्र में दूरस्थ शिक्षा के लिए अनुदेशी सामग्री के विकास हेतु कार्यशाला	7–16 मई, 1991 19–26 अगस्त, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	11 12
11.	डी.आई.ई.टी. कार्मिकों के लिए शैक्षिक मनोविज्ञान तथा मार्गदर्शन का प्रशिक्षण कार्यक्रम	11–12 नवंबर, 91	एन.सी.ई.आर.टी.	37
12.	वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए मार्ग-दर्शन तथा परामर्श का अभिविन्यास कार्यक्रम	10–12 दिसंबर, 1991	एस.सी.ई.आर.टी. पुणे	45
13.	मार्गदर्शन कार्मिकों के लिए विद्यालयी बच्चों के बीच सृजनात्मक संभावनाओं के मार्गदर्शन हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम	31 मार्च से 3 अप्रैल, 1992	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	40
14.	राज्य शैक्षिक एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन ब्यूरो के अध्यक्षों का अखिल भारतीय सम्मेलन	25–27 फरवरी, 1992	एस.वी. विश्वविद्यालय तिरूपति	27
15.	मनौवैज्ञानिक परीक्षणों के परिणामों तथा समस्याओं पर राष्ट्रीय संगाष्ठी	26–28 अगस्त, 1991 4–7 मार्च, 1992	एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली भारतीदासम विश्वविद्यालय, त्रिची	5 28
16.	व्यवहार परिवर्तन का अध्ययन : शैक्षिक बोर्ड की बैठक	23–27 सितंबर, 1991 28–31 जनवरी, 1992	डी.वी.यू. वाराणसी मद्रास विश्वविद्यालय	4 4
17.	अध्यापक शिक्षकों को आत्म ज्ञान तथा मूल्य अभिविन्यास में प्रशिक्षित करने के लिए एक 'पैकेज' के विकास हेतु कार्यशाला	23–27 मार्च, 1992	एस.सी.ई.आर.टी. उदयपुर	11

1991-92

6.2 अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम

6.2.1 सेवा पूर्व तथा सेवाकालीन अध्यापक शिक्षा के सुधार के कार्यक्रम, एन.सी.ई.आर.टी. की प्रमुख गतिविधियों में से एक हैं। इस पर बल देने की आवश्यकता नहीं है कि विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए अध्यापक का विकास एक कठिन कार्य है। वर्ष 1991-92 के दौरान, विद्यार्थी अध्यापकों, सेवाकालीन अध्यापकों तथा अध्यापक शिक्षकों के लिए अध्यापक शिक्षा पाठ्यविवरण तथा विभिन्न पाठ्यविवरण क्षेत्रों में आदर्श अनुदेशी सामग्री के विकास सहित, प्राथमिक तथा माध्यमिक अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों में सुधार को ध्यान में रखते हुए, अनुसंधान तथा विकासात्मक कार्यकलापों पर विशेष बल दिया गया। प्रशिक्षण प्रभावों को वास्तविक कक्षा तक पहुँचाने के लिए बाल केन्द्रित-शिक्षा की अंतर्संरचना को उसकी अपेक्षाओं के अनुरूप बनाने के लिए प्रशिक्षण प्रविधि का विकास किया गया। इसके अतिरिक्त, एन.सी.ई.आर.टी.राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन.सी.टी.ई) को निरंतर शैक्षिक एवं प्रशासनिक सहायता उपलब्ध करा रही है।

6.2.2 अनुसंधान एवं मूल्यांकन

विषय के विकास तथा अध्यापक शिक्षा की प्रक्रिया में अनुसंधान कार्य में सहायता उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न अनुसंधान एवं मूल्यांकन अध्ययन चलाए गए। इन अध्ययनों की विशिष्टताएँ नीचे दी जा रही हैं :

6.2.2.1 एक/दो अध्यापकों वाले प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापकों की समस्याओं का पता लगाना

बिहार, मध्यप्रदेश तथा राजस्थान के 18 जिलों में चलाए जा रहे 642 एक/दो अध्यापक वाले प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन पूरा करने पर यह पता चला कि इन विद्यालयों में भवन, उपस्कर, पुस्तकालय सुविधा आदि अपर्याप्त हैं जो कि एक/दो अध्यापक वाले प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापन आयोजित करने के लिए अनिवार्य हैं। अध्यापकों ने श्रेणी बहुल अध्यापन में कठिनाई का सामना किया तथा श्रेणी बहुल स्थितियों में अध्यापन के लिए विशिष्ट अभिविन्यास की इच्छा व्यक्त की।

यह पाया गया कि 75% अध्यापक ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड सामग्री का उपयोग कर रहे थे तथा 90% से अधिक अध्यापकों ने यह महसूस किया कि यदि उन्हें सुविधाएँ उपलब्ध होतीं तथा प्रशिक्षण प्राप्त होता तो भाषा, गणित तथा पर्यावरण अध्ययन में न्यूनतम अधिगम स्तर (एम.एल.एल.) के उद्देश्य तक पहुँचा जा सकता था। अन्य बातों के साथ-साथ, अध्ययन के परिणाम स्वरूप, श्रेणी बहुल अध्यापक के लिए विद्यालयों तथा कक्षाओं के गठन में सुधार के लिए कार्यनीति की आवश्यकता दर्शायी गई।

6.2.2.2 माध्यमिक अध्यापक शिक्षा महाविद्यालयों में कार्य अनुभव कार्यक्रम का अध्ययन

अध्ययन के लिए 150 माध्यमिक अध्यापक शिक्षा संस्थानों से संपर्क किया गया जिनमें से केवल 50 संस्थानों ने ही उत्तर दिए। आधे से अधिक संस्थानों में अध्यापक प्रशिक्षण में कार्य अनुभव अनिवार्य अवयव नहीं है। मूल्यांकन भी संतोषजनक नहीं पाया गया। ढाँचागत सुविधाएँ जैसे उपस्कर, औजार, कर्मशालाएँ तथा कच्चे माल के लिए आवर्ती निधि इत्यादि भी अपर्याप्त हैं। कार्य अनुभव कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाने के लिए गंभीर प्रयास अपेक्षित हैं।

6.2.2.3 जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन (डी. आई.ई.टी.)

प्रथम चरण में स्वीकृत राजस्थान, मध्यप्रदेश तथा उड़ीसा राज्यों के जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डी.आई.ई.टी.) की कार्यप्रणाली का अध्ययन किया गया। अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ कि प्रथम चरण में स्वीकृत जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डी.आई.ई.टीज.) ने 1989 तक कार्य आरम्भ कर दिया था। अध्ययन के अंतर्गत आने वाले सभी डी.आई.ई.टी. में संस्थानों के प्रधानाचार्य पदासीन थे लेकिन उड़ीसा तथा मध्यप्रदेश के डी. आई.ई.टी. में वरिष्ठ प्राध्यापकों के पद रिक्त थे। मा. सं. वि. मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए भर्ती संबंधी मार्गनिर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा। राजस्थन तथा मध्य प्रदेश के डी. आई.ई.टी. ने सेवा पूर्व अध्यापक शिक्षा के लिए 50 प्रशिक्षणार्थियों

के प्रवेश की निर्धारित सीमा को पार कर लिया। डी.आई.ई.टी., सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन के लिए, संसाधनों की कमी महसूस कर रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में प्रशिक्षित तथा सुयोग्य संसाधन व्यक्तियों का अभाव भी एक बाधा है।

6.2.3 विकास

प्राथमिक और माध्यमिक अध्यापक शिक्षा के लिए विकसित किए गए पाठ्यक्रम तथा पाठ्यचर्या मार्गनिर्देशों के आधार पर, विभिन्न क्षेत्रों में, मुद्रित तथा गैर-मुद्रित दोनों प्रकार की, आदर्श साम्रगी के विकास पर ही कार्यकलाप केन्द्रित रहे। यह साम्रगी, केवल अध्यापक शिक्षा की केन्द्रकृत प्रायोजित योजना के अंतर्गत आने वाले संस्थानों में ही नहीं, बल्कि अन्य संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों के शिक्षा विभागों में भी सेवा पूर्व तथा सेवाकालीन अध्यापन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सुधार के लिए प्रयोग में लाई जाएगी।

अनुदेश सामग्री के लेखकों तथा लिखित साम्रगी की समीक्षा के लिए कार्यदल की बैठकें आयोजित की गईं। विद्यार्थी अध्यापकों तथा अध्यापक शिक्षकों के लिए मुद्रित तथा गैर-मुद्रित सामग्री के विकास हेतु आयोजित कार्यदल की बैठक संबंधी सूचना, तालिका 6.2 में दी गई है।

विज्ञान के अध्यापन, मातृभाषा के रूप में हिन्दी के अध्यापन, टीचर फंक्शन्स (अंग्रेजी रूपान्तर), टीचर फंक्शन्स (हिन्दी रूपान्तर), कार्यअनुभव का अध्यापन, श्रेणीबहुल अध्यापन पर पुस्तिका, तथा डी.आई.ई.टी. के प्रधानाचार्यों के प्रशिक्षण के लिए मापदण्ड इत्यादि पुस्तकों की पाण्डुलिपियाँ विकास की अलग अलग अवस्थाओं में हैं।

6.2.4 भारतीय शिक्षा विश्वकोश

विश्वकोश के लिए विषय निर्धारित कर लिए गए हैं तथा रचनाकारों की आरंभिक सूची तैयार की जा चुकी है। भारतीय शिक्षा के विश्वकोश के निर्माण के लिए संकाय सदस्यों की व्यवस्था हेतु एक प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

6.2.5 प्रशिक्षण

एन.सी.ई.आर.टी. अध्यापक शिक्षा की पुनर्संरचना की केन्द्रीय प्रायोजित योजना को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी है। जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डी. आई.ई.टी.) तेजी से उभर रहे हैं। अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय (सी.टी.ई.) तथा शिक्षा में उन्नत अध्ययन के संस्थान (आई. ए.एस.ई.) भी उभर रहे हैं। वर्ष 1991-92 के दौरान डी. आई.ई.टी. के संकाय सदस्यों तथा सी.टी.ई. एवं आई.ए.एस. ई. के प्रधानाचार्यों के प्रवेश प्रशिक्षण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। डी.टी.ई.एस.ई.ई.एस. द्वारा वर्ष 1991-92 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण तथा अन्य कार्यक्रमों के विषय में सूचना तालिका 6.2 में दी गई है।

6.2.6 1990 में विद्यालयी शिक्षा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

''1990 में विद्यालयी शिक्षा : समस्याएँ और संदर्श'' पर 18 से 19 सितंबर 1991 तक एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। अनेक प्रबुद्ध शिक्षाविदों ने इन तीन विषयों को विशेष रूप से केन्द्रित करके विद्यालयी शिक्षा की समस्याओं पर विचार व्यक्त किए :

(1) प्राथमिक शिक्षा का सामान्यीकरण,
(2) माध्यमिक शिक्षा का गुणात्मक विस्तार तथा
(3) सुविधाविहीन समूहों की शिक्षा के विशेष संदर्भ में भारतीय समाज तथा शिक्षा।

6.2.7 प्रकाशन

मुद्रण

1. स्कूल एजूकेशन फॉर 1990
2. मॉडल्स ऑफ टीचिंग-रिपोर्ट ऑफ द थ्री फेज स्टडी-सी. ए.एम.तथा आई.टी.एम.
3. एलिमेन्ट्री टीचर एजूकेशन-गाइडलाइन एण्ड सिलेबी
4. सेकेन्ड्री, टीचर ऐजूकेशन - गाइडलाइन एण्ड सिलेबी
5. टीचर ऐजूकेशन इन इण्डिया - ए रिसोर्स बुक
6. एन.सी.टी.ई. बुलेटिन, वोल्युम-II, नं. 1
7. एन.सी.टी.ई. बुलेटिन, वोल्युम - II, नं. 2 एण्ड 3

अनुलिपित्र

8. इन्नोवेटिव थॉट्स एण्ड एक्सपेरिमेन्ट्स इन टीचर ऐजूकेशन

9. आईडेंटिफिकेशन ऑफ प्रॉबलम्स ऑफ टीचर्स इन सिंगल/टू टीचर्स प्राइमरी स्कूल्स
10. कोरिलेट्स ऑफ स्टूडेन्ट टीचर ऐचीवमेन्ट्स - ए ट्रेंड रिपोर्ट
11. मल्टीग्रेड टीचिंग - इनसर्विस ऐजूकेशन पैकेज
12. मल्टीग्रेड टीचिंग - ए टैक्स्ट बुक फॉर ऐलिमेन्ट्री टीचर ट्रेनिंग
13. डिस्ट्रिक्ट इन्स्टीट्यूट ऑफ ऐजूकेशन एण्ड ट्रेनिंग -- ए स्टडी ऑफ उड़ीसा
14. ऐप्रेजल ऑफ डी.आई.ई.टीज इन मध्यप्रदेश
15. ऐप्रेजल ऑफ डी.आई.ई.टीज इन राजस्थान
16. गाइडलाइन फॉर साइन्स लैबोरेट्रीज इन डी.आई.ई.टीज.
17. गाइडलाइन फॉर डिवलपमेंट ऑफ साइकॉलोजी लैबोरेट्री इन डी.आई.ई.टीज
18. यूज ऑफ कम्प्यूटर्स इन डी.आई.ई.टीज - गाइडलाइन्स
19. सैल्फ-लर्निंग मॉड्यूल्स (फॉर प्रिंसिपल्स ऑफ डी.आई.ई.टीज)
20. ए स्टडी ऑफ वर्क एक्सपीरिएन्स प्रोग्राम इन सैकेन्ड्री टीचर ऐजूकेशन कॉलेजिस।

तालिका 6.2

डी.टी.ई.एस.ई.ई.एस. द्वारा वर्ष 1991-92 के दौरान आयोजित कार्यशाला/संगोष्ठी/सम्मेलन/प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम

क्रम संख्या	*कार्यक्रम का शीर्षक*	*तारीख*	*स्थान*	*प्रतिभागियों की संख्या*
1	*2*	*3*	*4*	*5*
विकासात्मक कार्यक्रम				
1.	मातृभाषा शिक्षण के लिए पठन सामग्री तैयार करने हेतु कार्यदल की बैठक	17 मई से 19 जून, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	6
2.	अध्यापकीय कार्य के क्षेत्र में पठन सामग्री तैयार करने के लिए कार्यदल की बैठक (अंग्रेजी रूपान्तर)	24 से 26 जून, 1991	शिमला	5
3.	कार्य अनुभव पर पठन सामग्री तैयार करने के लिए कार्यदल की बैठक	22–26 अगस्त, 1991	उदयपुर	4
4.	हिन्दी शिक्षण के क्षेत्र में अनुदेशी सामग्री का विकास करने के लिए दूसरे कार्यदल की बैठक	3–6 सितंबर, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	5
5.	अध्यापकीय कार्य के क्षेत्र में अनुदेशी सामग्री के विकास के लिए कार्यदल की बैठक (हिन्दी रूपान्तर)		एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	5
6.	हिन्दी शिक्षण के क्षेत्र में अनुदेशी सामग्री के विकास हेतु कार्यदल की बैठक		एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	–
7.	मातृभाषा में अनुदेशी सामग्री को अंतिम रूप देने के लिए समीक्षात्मक बैठक	30 मार्च से 8 अप्रैल, 1992	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	5
8.	अध्यापकीय कार्यों पर अनुदेशी सामग्री को अंतिम रूप देने के लिए समीक्षा बैठक	23 से 27 मार्च, 1992	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	5

1991-92

1	2	3	4	5
9.	विज्ञान शिक्षण की पाठ्यचर्या के विकास के लिए कार्यदल की बैठक	3–4 अक्तूबर, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	3
10.	उदीयमान भारत में शिक्षा के क्षेत्र में पाठ्यचर्या सामग्री के विकास के लिए कार्यदल की बैठक	4–6 दिसंबर, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	3
11.	विज्ञान के शिक्षण पर सामग्री को अंतिम रूप देने के लिए समीक्षात्मक बैठक	12–13 सितंबर, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	6
12.	श्रेणीबहुल अध्यापन के लिए प्राथमिक अध्यापक शिक्षा हेतु पाठ्यपुस्तक की योजना तथा प्राथमिक अध्यापक शिक्षकों के सेवाकालीन प्रशिक्षण हेतु मार्गनिर्देश तैयार करने के लिए कार्यशाला	9–16 सितंबर, 1991	अहमदाबाद	15
13.	दूरदराज क्षेत्रों में श्रेणीबहुल अध्यापन के प्रयोग के लिए मल्टीमीडिया किट की समीक्षा करने तथा अंतिम रूप देने के लिए कार्यशाला	23–27 मार्च, 1992	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	7
14.	वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों की सेवाकालीन शिक्षा हेतु पाठ्यक्रम की रूपरेखा तथा मार्गनिर्देश के पैकेज को अंतिम रूप देना।	8–12 जनवरी, 1992	कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय	22
15.	माध्यमिक अध्यापक शिक्षा में कार्य अनुभव कार्यक्रमों के सुधार हेतु कार्यनीति पर परामर्श दल की बैठक	30 सितंबर, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	7
16.	डी.आई.ई.टी. संकाय सदस्यों के प्रशिक्षण के लिए कार्यनीति को अंतिम रूप देने के लिए कार्यशाला	27–28 मई, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	22
17.	डी.आई.ई.टी. की मनोविज्ञान प्रयोगशाला हेतु मार्गनिर्देशों के विकास के लिए कार्यशाला	3–4 जून, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	14
18.	प्रशिक्षण सामग्री की समीक्षा के लिए डी.आई.ई.टी. प्रधानाचार्यों की बैठक	23–27 मार्च, 1992	एस.सी.ई.आर.टी. हरियाणा	5
	प्रशिक्षण कार्यक्रम			
19.	सी.टी.ई. तथा आई.ए.एस.ई. के प्रधानाचार्यों के लिए नियोजन तथा अभिविन्यास कार्यक्रम	8–10 जुलाई, 1991	क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय भोपाल	31
20.	डी.आई.ई.टी. के प्रधानाचार्यों को मनोविज्ञान प्रयोगशाला के प्रयोग में प्रेरण प्रशिक्षण	17–18 जून, 1991	मंसूरी	14
21.	कम्प्यूटर के प्रयोग हेतु डी.आई.ई.टी. के प्रधानाचार्यों का प्रेरण प्रशिक्षण	13–14 जून, 1991	एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली	2
22.	डी.आई.ई.टी. प्रधानाचार्यों का प्रेरण प्रशिक्षण	3–10 फरवरी, 1992	एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली	42
23.	कम्प्यूटर अनुप्रयोग में डी.आई.ई.टी. संकाय सदस्यों का प्रशिक्षण	30 मार्च से 10 अप्रैल, 1992	दिल्ली	28

1	2	3	4	5
समर्थन, प्रचार-प्रसार				
24.	विद्यालयी शिक्षा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी	18—19 सितंबर, 1991	एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली	85
25.	संगोष्ठी : अध्ययन कार्यक्रम	2—4 अप्रैल, 1992	एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली	13

6.3 क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय

सेवा-पूर्व अध्यापक शिक्षा के नवाचार कार्यक्रमों का विकास एन.सी.ई.आर.टी. के प्रमुख कार्यों में से एक है। क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय (आर.सी.ई.), विद्यालयी शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा के विभिन्न पक्षों से संबंधित अनुसंधान अध्ययन, अध्यापक शिक्षकों, अध्यापकों तथा अध्यापक-प्रशिक्षुओं के लिए अनुदेशी सामग्री के विकास, एवं विद्यालयी शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा में गुणात्मक सुधारों के लिए प्रशिक्षण तथा विस्तार कार्यकलापों में, कार्यरत हैं।

प्रत्येक क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले राज्यों/संघ शासित प्रदेशों की शैक्षिक आवश्यकताओं के लिए प्रबंध करता है। क्षे.शि.म. अजमेर, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-काश्मीर, पंजाब, राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश - राज्यों तथा संघ शासित प्रदेश चण्डीगढ़ तथा दिल्ली की शैक्षिक आवश्यकताओं का प्रबंध करता है। क्षे.शि.म. भोपाल, गोवा, गुजरात, मध्यप्रदेश, तथा महाराष्ट्र राज्यों एवं दादरा व नागर हवेली तथा दमण व दीव की शैक्षिक आवश्यकताओं का प्रबंध करता है। अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, नागालैण्ड, उड़ीसा, सिक्किम, त्रिपुरा तथा पश्चिम बंगाल - राज्यों, संघ शासित प्रदेश अंडमान -निकोबार द्वीप-समूह का शैक्षिक प्रबंध क्षे.शि.म. भुवनेश्वर के अंतर्गत आता है जबकि आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल तथा तमिलनाडु-राज्यों तथा लक्षद्वीप एवं पाण्डिचेरी संघ शासित क्षेत्रों का प्रबंध क्षे.शि.म. मैसूर द्वारा किया जाता है।

6.3.1 क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, अजमेर

6.3.1.1 क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, अजमेर, (1) बी.एस.सी. (आनर्स) बी.एड डिग्री, (2) बी.एस.सी. (पास) बी.एड डिग्री के लिए विज्ञान शिक्षा में चार वर्षीय समेकित पाठ्यक्रम, विज्ञान/कृषि/वाणिज्य/भाषा (अंग्रेजी/हिन्दी/उर्दू) में विशेषज्ञता सहित तथा (3) विज्ञान/वाणिज्य/भाषा में विशेषज्ञता सहित एक वर्षीय एम.एड पाठ्यक्रम चलाता है। महाविद्यालय में जो कि अजमेर विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं, शिक्षा तथा विज्ञान में पी.एच.डी. के लिए प्रत्याशियों के पंजीयन की सुविधा भी है।

महाविद्यालय, उत्तरी क्षेत्र के (1) राजस्थान (2) उत्तरप्रदेश (3) हिमाचल प्रदेश (4) जम्मू-कश्मीर तथा पंजाब, हरियाणा व चण्डीगढ़ राज्यों के क्षेत्र सलाहकार कार्यालयों (एन.सी.ई. आर.टी.) के प्रशासनिक कार्यों को भी देखता है।

6.3.1.2 नामांकन

क्षे.शि.म. अजमेर द्वारा वर्ष 1991-92 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों के नामांकन का ब्यौरा तालिका 6.3.1.1 तथा 6.3.1.2 में दिया गया है।

परीक्षा परिणाम

क्षे.शि.म., अजमेर द्वारा चलाए गए विभिन्न पाठ्यक्रमों के परीक्षाफल तालिका 6.3.1.3 में दिए गए हैं। बी.एड. पाठ्यक्रम का समग्र सफलता प्रतिशत 95.5% , एम.एड. पाठ्यक्रम का 100% तथा बी.एस.सी. (ऑनर्स/पास) बी.एड. के अंतिम वर्ष का 98%रहा।

6.3.1.3 क्षे.शि.म. अजमेर द्वारा वर्ष 1991-92 के दौरान चलाए गए महत्वपूर्ण कार्यक्रमों तथा कार्यकलापों की कुछ मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं

1991-92

(1) "क्लास" परियोजना तथा कम्प्यूटर शिक्षा

क्षे.शि.म. , अजमेर, "क्लास" परियोजना के अंतर्गत आने वाले राजस्थान के 46 विद्यालयों को प्रचालन संबंधी सहायता प्रदान करता है। इनमें से 15 विद्यालयों को, बी.बी.सी. माइक्रो का हिन्दी में शब्द संसाधित्र के रूप में प्रयोग करने के लिए हिन्दी आर.ओ.एम. उपलब्ध कराए गए हैं। क्षे.शि.म. अजमेर इन विद्यालयों के अध्यापकों को कम्प्यूटर के प्रयोग का प्रशिक्षण देता है। बी.एस.सी. (आनर्स/पास) बी.एड. पाठ्यक्रम के चौथे वर्ष के विद्यार्थी अनुप्रयुक्त विज्ञान के रूप में कम्प्यूटर शिक्षा का प्रशिक्षण पा रहे हैं। उनके अतिरिक्त, महाविद्यालय में आगन्तुकों के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में, राजस्थान के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 200 वरिष्ठ अध्यापकों तथा मुख्य अध्यापकों को शामिल किया गया।

(2) एम.एल.एल. कार्यक्रम

क्षे.शि.म., अजमेर ने न्यूनतम अधिगम स्तर (एम.एल.एल.) कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा कुछ अन्य क्रियाकलापों का आयोजन किया।

(3) विज्ञान तथा गणित शिक्षा में सुधार (मा.सं.वि.मं. परियोजना)

इस परियोजना के अंतर्गत क्षे.शि.म. अजमेर द्वारा, + 2 स्तर पर विज्ञान तथा गणित शिक्षण हेतु, अध्यापकों के लिए एक पुस्तिका का विकास किया जा रहा है।

(4) डी.आई.ई.टी. संकाय सदस्यों के लिए प्रेरण स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्षे.शि.म. अजमेर, राजस्थान राज्य के एस.सी.ई.आर.टी. तथा डी.आई.ई.टी. संस्थानों को डी.आई.ई.टी. के अध्यापक शिक्षकों के प्रशिक्षण के आयोजन के लिए शैक्षिक सहायता उपलब्ध कराता है। डी.आई.ई.टी. संस्थानों के कार्य अनुभव अध्यापक शिक्षकों के लिए एक 15 दिवसीय प्रेरण स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पृष्ठभूमि सामग्री का विकास भी किया गया।

(5) जनसंख्या शिक्षा

11 से 17 जुलाई, 1991 तक जिला स्तर पर जनसंख्या शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। डी.आई.ई.टी. के अध्यापक शिक्षकों के लिए 9 से 12 अक्तूबर, 1991 तक एक अभिविन्यास कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

12 (वाणिज्य)	10	-	-	83.30
12 (व्यावसायिक)				
(आशुलिपि)	14	13	-	92.80
(यांत्रिकी)	05	04	-	100.00

तालिका 6.3.5.2.3

वर्ष 1991 का परीक्षा परिणाम (प्र.मा.वि., भुवनेश्वर)

कक्षा	परीक्षा में बैठे	उत्तीर्ण हुए	पूरक सफलता प्रतिशत
10	120	105	95.82
12 (विज्ञान)	39	34	87.00
12 (मानविकी)	26	20	76.90
12 (वाणिज्य)	18	16	88.80
12 (व्यावसायिक)	16	07	43.70

तालिका 6.3.5.2.4

वर्ष 1991 का परीक्षा परिणाम (प्र.मा.वि., मैसूर)

कक्षा	परीक्षा में बैठे	उत्तीर्ण हुए	सफलता प्रतिशत
10	89	84	94.00
12 (विज्ञान)	20	20	100.00
12 (मानविकी)	13	11	85.00
12 (ओ.एम.एस.पी. (व्यावसायिक)	12	10	83.00

1991-92

6.4 क्षेत्रीय सेवाएँ तथा विस्तार समन्वयन

एन.सी.ई.आर.टी. ने राज्यों तथा संघ शासित प्रदेशों के शिक्षा विभागों/शिक्षा महानिदेशालयों तथा अन्य विद्यालय शिक्षा एवं अध्यापक शिक्षा से संबंधित संस्थानों/संगठनों से संपर्क रखने के लिए पूरे देश में 17 क्षेत्र सलाहकार कार्यालयों की स्थापना की है। ये क्षेत्र सलाहकार कार्यालय, एन.सी.ई.आर.टी. के विभिन्न संघटकों के कार्यकलापों तथा कार्यक्रमों के बारे में, राज्यों को आवश्यक सूचना उपलब्ध कराते हैं।

ये कार्यालय अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले राज्यों/संघ शासित प्रदेशों की मुख्य आवश्यकताओं के विषय में सूचना एकत्र करते हैं तथा एन.सी.ई.आर.टी. व इसके संघटकों को सूचना प्रेषित करते हैं तथा एन.सी.ई.आर.टी. के विभिन्न संघटकों को प्रशिक्षण एवं विस्तार कार्यक्रम आयोजित करने में सहायता देते हैं।

6.4.1. क्षेत्रीय कार्यालयों के समन्वय कार्यकलाप

क्षेत्रीय सेवाएँ तथा विस्तार समन्वयन विभाग (डी.एफ.एस.ई.सी.) मुख्यालय में एक नोडल विभाग है जो एन.सी.ई.आर.टी. के क्षेत्रीय स्तर के संघटकों (राज्यों में स्थित क्षेत्रीय कार्यालय तथा देश के चार क्षेत्रों में स्थित क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय) तथा मुख्यालय में एन.सी.ई.आर.टी. के संघटकों (सी.आई.ई.टी. तथा एन.आई.ई. विभागों) के बीच समन्वय स्थापित करता है तथा विद्यालयी शिक्षा एवं अध्यापक शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए राज्यों/संघीय क्षेत्रों की आवश्यकताओं को प्रतिबिम्बित करते हुए कार्यक्रमों के कार्यान्वियन में सुविधा प्रदान करता है। डी.एफ.एस.ई.सी. परिषद् के सभी संघटकों को संपर्क सुविधा प्रदान करता है।

प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान डी.एफ.एस.ई.सी, विभाग, राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में स्थित एन,सी.ई.आर.टी. के क्षेत्रीय कार्यालयों की, परिवर्तित भूमिका तथा कार्यों से संबंधित पद्धतियों के कार्यान्वयन में लगा रहा। राज्य समन्वय समितियों द्वारा क्षेत्रीय कार्यालयों की कार्यक्रम सलाहकार समिति औपचारिक रूप से बदलने के लिए अनुवर्ती कार्रवाई की गई। अपने-अपने राज्यों में राज्य समन्वय समितियों के गठन के लिए सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को प्रक्रियात्मक विवरण भेजा गया।

विभाग ने पूर्वी, दक्षिणी, पश्चिमी तथा उत्तरी क्षेत्र के लिए 3,6,8 मई तथा 20 जून को 1991 को हुई क्षेत्रीय समन्वय समितियों (आर.सी.सी.) की बैठकों में विचार विमर्श के लिए भाग लिया।

क्षे.शि.म., भुवनेश्वर, भोपाल तथा मैसूर की क्षेत्रीय समन्वय समितियों की दूसरे दौर की बैठकें क्रमशः 10 सितम्बर, 3 अक्तूबर तथा 21 अक्तूबर 1991 को हुई। आर.सी.सी. की बैठकों में वर्ष 1991-92 के लिए राज्य स्तरीय तथा क्षेत्र स्तरीय कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वियन के लिए पद्धातियों का परिकलन किया गया तथा 1992-93 के लिए राज्य की शैक्षिक अपेक्षाओं को प्रतिबिम्बित करते हुए क्षेत्र स्तरीय संघटकों के कार्यक्रमों को प्रतिपादित किया गया। क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा आयोजित राज्य समन्वय समितियों (एस.सी.सी.) की बैठकों के कार्यवृतों का डी.एफ.एस.ई.सी. द्वारा विश्लेषण किया गया तथा आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई की गई।

प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान, डी.एफ.एस.ई.सी ने 17 क्षेत्र सलाहकार कार्यालयों की राज्यों/संघ शासित प्रदेशों से संबंधित शैक्षिक/गतिविधियों तथा अन्य कार्यकलापों की, मासिक रिपोर्टों पर कार्य किया तथा इन कार्यालयों द्वारा किए गए कार्यकलापों का समेकित सारांश तैयार किया। एन.आई.ई. के विभागों या सी.आई.ई.टी. से शैक्षिक सहायता हेतु, राज्यों के अनुरोध, आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित संघटकों को भेजे गए।

6.4.2. शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यक वर्गों की शिक्षा

शैक्षिक रूप से अल्पसंख्यक वर्गों की शिक्षा के लिए एन.सी.ई.आर.टी. की सहायता अनुदान योजना के अंतर्गत, उस्मानिया विश्वविद्यालय तथा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों द्वारा चलाए जा रहे विद्यालयों के अध्यापकों की शिक्षण क्षमताओं को बढ़ाने के कार्यक्रमों के लिए अनुदान के संबंध में उक्त विश्वविद्यालयों के क्षेत्रीय संसाधन केन्द्रों से उपयोगिता प्रमाण पत्र लेने के लिए अनुवर्ती कार्रवाई की गई।

दिसम्बर 1991 तक शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों के विद्यालयों में सुधार के लिए एन.सी.ई.आर.टी. के योगदान की अवस्थिति रिपोर्ट तैयार की गई तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय को, अल्पसंख्यक आयोग को प्रेषित करने के लिए भेज दी गई।

शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यक वर्गों की योजना पर, ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य सहित, कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में पाई गई कमियों तथा कार्यक्रमों के प्रतिफलों पर एक व्यापक स्वतः पूर्ण टिप्पणी भारत सरकार के अल्पसंख्यक आयोग को भेज दी गई।

6.4.3. एन.सी.ई.आर.टी. क्षेत्र सलाहकारों की राष्ट्रीय बैठकें

एन.सी.ई.आर.टी. के क्षेत्र सलाहकारों की वार्षिक बैठक परिषद मुख्यालय में दिनांक 29, 30 अक्तूबर, 1991 को डी.एफ.एस.ई.सी. द्वारा आयोजित की गई ताकि एन.आई.ई. के विभाग, अपने कार्यक्रमों तथा कार्यकलापों के कार्यान्वयन हेतु अपेक्षित क्षेत्रीय स्तर की सहायता प्राप्त करने के लिए क्षेत्र सलाहकारों से आपसी विचार-विमर्श कर सकें। क्षेत्रीय कार्यालयों की समस्याओं पर भी बैठक में विचार विमर्श हुआ। क्षेत्रीय कार्यालयों की परिवर्तित भूमिका तथा उनके कार्यों के संबंध में कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। कुल मिलाकर क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए अभिकल्पित, संशोधित क्रियाविधि की सराहना की गई।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अनुरोध पर विशेष रूप से राज्यों में एम.एच.आर.डी. की केन्द्रीकृत प्रायोजित योजनाओं के संदर्भ में, क्षेत्र सलाहकारों की विशेष राष्ट्रीय बैठक अप्रैल, 1992 के प्रथम सप्ताह में आयोजित करने के लिए डी.एफ.एस.ई.सी. ने विशेष कदम उठाए।

6.4.4. समूह गान योजना

मानव संसाधन विकास मंत्रालय की सलाह पर, डी.एफ.एस.ई.सी. ने, प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों में समूह गान को बढ़ावा देने के लिए संशोधित कार्यक्रम के कार्यान्वयन से संबंधित, कार्यकलापों का समन्वयन किया ताकि (1) एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा हाल ही में निकाली गई "लैट्स सिंग टुगेदर" नामक पुस्तक के किफायती अंक की एक-एक प्रति तथा जिन 3-4 राज्यों के कुछ जिलों में केन्द्रीकृत प्रायोजित शैक्षिक प्रौद्योगिकी कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में टू-इन-वन सेटों की आपूर्ति की गई है, उनमें पुस्तक में दिए गए गीतों की रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराई जाए तथा (2) इन चीजों के विद्यालयों द्वारा किए जा रहे उपयोग का परिवीक्षण किया जाए।

समूह गान कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए एक अस्थायी योजना तैयार की गई तथा आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई करने के लिए चारों क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के प्राचार्यों को प्रेषित की गई।

व्यापक स्तर पर संशोधित योजना के कार्यान्वयन से पूर्व, पैकेज का एक भाग यानी ऑडियो रिकार्डिंग तथा मुद्रित सामग्री की सहायता से क्षेत्रीय भाषा (किसी अन्य क्षेत्र की) में एक समूह गान के शिक्षण का दिल्ली के दो प्राथमिक विद्यालयों पर परीक्षण किया गया। इस परीक्षण का उद्देश्य यह जानना था कि (1) क्या उद्घाटन के दो सप्ताह के बाद ही इस सामग्री की सहायता से बच्चों को गीत सिखाया जाना चाहिए (2) अध्यापकों द्वारा क्या कोई राय/टिप्पणी व्यक्त की गई या कठिनाई महसूस की गई।

परीक्षणों के परिणाम तथा अध्यापकों एवं विशेषज्ञों की टिप्पणियों की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं :

(1) यदि समूह गान को अपनी उचित भूमिका अदा करनी है तो इसे विद्यालयी पाठ्यचर्या का एक भाग होना चाहिए ताकि कार्यकलाप को उचित समय दिया जा सके।

(2) टेप रिकार्डों की मरम्मत तथा सैलों इत्यादि की खरीद के लिए उचित अवसंरचना के प्रावधान सहित, राज्य शिक्षा विभाग द्वारा कार्यक्रम की जाँच करने की आवश्यकता है।

(3) यदि समूह गान की रिकॉर्ड की हुई कैसेट दी जानी है तो निर्माण की रूपरेखा में परिवर्तन की आवश्यकता

है यानि रिकार्डिग में कविता का गद्य पाठ शामिल होना चाहिए तथा निर्माण पक्ष में और अधिक आंतरिक पुनरावृत्ति की आवश्यकता है।

(4) विभिन्न वर्गों के बच्चों को पढ़ाए जाने वाले समूह गानों की संख्या, अध्यापकों तथा संगीत विशेषज्ञों से परामर्श कर निर्धारित करनी चाहिए, जो ग्रामीण बच्चों के साथ-साथ शहरी बच्चों के साथ भी कार्य कर चुके हैं।

6.4.5. *क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा चलाए जाने वाले कार्यकलाप*

क्षेत्र सलाहकारों को, राज्य समन्वय समितियों (एस.सी.सी.) के रचनातन्त्र के माध्यम से राज्यों को शैक्षिक जरूरतों का पता लगाने का महत्वपूर्ण कार्य भी, अन्य कार्यों के साथ-साथ सौंपा गया है। यह औपचारिक रचनातन्त्र, व्यवस्थित ढंग से राज्यों की शैक्षिक आवश्यकताओं को, राज्य समन्वय समितियों की औपचारिक बैठकों के माध्यम से पता लगाने में क्षेत्र सलाहकारों के लिए सहायक सिद्ध होता है। राज्य समन्वय समितियों (एस.सी.सी.) द्वारा पता लगाई गई आवश्यकताओं पर क्षेत्रीय समन्वय समितियाँ (प्रत्येक क्षेत्र में क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय के स्तर पर) आगे विचार विमर्श करती हैं। अन्ततः राज्यों की आवश्यकताओं पर कार्यक्रम सलाहकार समिति में, एन.सी.ई.आर.टी. को विभिन्न संघटकों द्वारा उचित कार्रवाई करने हेतु, विचार किया जाता है।

वर्ष 1991-92 के दौरान, राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों ने, एन.आई.ई. के विभागों, क्षे.शि. महाविद्यालयों तथा सी.आई.ई.टी. को, राज्यों तथा संघ शासित प्रदेशों में अपने कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सहायता प्रदान की। क्षेत्रीय कार्यालयों ने भी एन.सी.ई.आर.टी. के विभिन्न संघटकों द्वारा चलाए जाने वाले कार्यक्रमों तथा कार्यकलापों के कार्यान्वियन से संबंधित बहुत से संपर्क कार्य किए जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं :

(1) जवाहर नवोदय विद्यालयों में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा के आयोजन से संबंधित राज्य/संघ शासित प्रदेश स्तरीय कार्यकलापों का समन्वय करना।

(2) राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा के आयोजन के लिए राज्यों/संघ शासित प्रदेशों को मार्गदर्शन तथा सहायता उपलब्ध कराना।

(3) अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र चलाने के लिए, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से, अनुदान प्राप्त करने वाली विभिन्न स्वयंसेवी एजेंसियों के कार्यों की संयुक्त मूल्यांकन दल (जे.ई.टी.) के माध्यम से समीक्षा करना

(4) राज्यों/संघ शासित प्रदेशों को राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनियाँ आयोजित करने के लिए सहायता प्रदान करना।

(5) राज्यों/संघ शासित प्रदेशों को विद्यालय पूर्व तथा प्रारंभिक विद्यालय अध्यापकों के स्तर पर खिलौना प्रतियोगिताएँ आयोजित करने में सहायता देना।

(6) डा.बी.आर.अम्बेडकर की जन्म शताब्दी के संदर्भ में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन।

(7) ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड योजना के तहत मूल्यांकन कार्य

(8) समाशोधन गृह की भाँति राज्य शिक्षा विभागों/संगठनों तथा एन.सी.ई.आर.टी./मा.सं.वि.मंत्रालय के बीच संपर्क का कार्य करना तथा शैक्षिक नवाचारों एवं शैक्षिक सूचना से संबंधित कार्यकलापों का प्रचार प्रसार करना।

(9) राज्यों/संघ शासित प्रदेशों की शैक्षिक आवश्यकताओं के निर्धारण के लिए राज्य समन्वय समितियों की बैठकों का आयोजन करना।

(10) राज्य शिक्षा विभागों तथा अन्य संस्थानों/संगठनों द्वारा आयोजित विविध शैक्षिक कार्यक्रमों तथा कार्यकलापों के लिए सहायता तथा परामर्श देना। अन्य बातों के साथ-साथ क्षेत्र सलाहकार अपने-अपने विशिष्ट क्षेत्रों में परामर्श सेवाएँ भी प्रदान करते हैं।

इन कार्यों तथा कार्यकलापों के अतिरिक्त, क्षेत्र सलाहकारों के कार्यालय, एन.सी.ई.आर.टी. के अग्रगामी क्षेत्रों से संबंधित, कुछ अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा कार्यशालाओं का आयोजन भी करते हैं।

इन कार्यक्रमों का विवरण तालिका 6.4 में दिया गया है।

तालिका 6.4

एन.सी.ई.आर.टी. के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा 1991-92 के दौरान आयोजित कार्यशालाएँ/ बैठकें/संगोष्ठियों/सम्मेलन/प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम

क्रम संख्या	*कार्यक्रम का शीर्षक*	*तारीख*	*स्थान*	*प्रतिभागियों की संख्या*
1	*2*	*3*	*4*	*5*
बेंगलूर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय				
1.	पर्यावरण उपागम से विज्ञान शिक्षण में चुने हुए प्रमुख व्यक्तियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	23 से 25 जनवरी, 1992	विजया हाई स्कूल, बेंगलूर	27
भोपाल स्थित क्षेत्रीय कार्यालय				
1.	शिक्षण तथा अधिगम के नवाचार प्रयोगों में केन्द्रीय विद्यालय के प्राध्यापकों का अभिविन्यास शिक्षण तथा अधिगम का डा. ए.बी. सक्सेना, सहायक क्षे.स. द्वारा तैयार किया गया क्रियात्मक नमूना	7 से 9 मई, 1991	केन्द्रीय विद्यालय, भोपाल	50
2.	राज्य की शैक्षिक आवश्यकताओं का पता लगाना जिसमें डी.पी.आई. के अध्यापकों तथा जनजातीय विकास विभाग के आयुक्त शामिल हैं।	5 से 10 जून, 1991	एस.आई.ई., डी.पी.आई. तथा जनजातीय विकास विभाग	30
3.	डी.आई.ई.टी. विदिशा के अध्यापक शिक्षकों की शैक्षिक आवश्यक्ताओं का पता लगाना	8 अगस्त, 1991	डी.आई.ई.टी. विदिशा	25
4.	सेवाकालीन कार्यक्रमों तथा शैक्षिक अनुसंधान से संबंधित राज्य की प्राथमिकताओं का पता लगाना तथा उन्हें अन्तिम रूप देना	16 अगस्त से 6 दिसंबर, 1991	एस.आईई., एस.सी.ई.आर.टी. ई.एल.टी.आई., टी. डब्ल्यू डी. तथा जी.सी.ई., भोपाल	50
5.	शैक्षिक अनुसंधान के नियोजन तथा अनुसंधान परियोजना की तैयारी में एस.आई.एस.ई. तथा एस.आई.ई. सहित डी.आई.ई.टी. तथा शिक्षा महाविद्यालय के प्राध्यापकों का अभिविन्यास	23 से 24 अगस्त, 1991	एस.आई.ई., भोपाल	30
6.	संस्थागत योजना तथा प्रबंध में जनजातीय विशेष विद्यालयों, मॉडल विद्यालयों, गुरुकुल विद्यालयों, तथा कन्या शिक्षा परिषदों के प्रधानाध्यापकों का अभिविन्यास	18 से 21 सितंबर, 1991	जी.सी.ई., छतरपुर	15

1991-92

1	2	3	4	5
7.	जनजातीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों तथा प्राध्यापकों के लिए अनुदेशी सामग्री के विकास पर कार्यशाला	8 से 14 अक्तूबर,	मॉडल विद्यालय, फारसगांव (बस्तर)	30
8.	कक्षा 6 से 8 तक के गणित के पाठ्यक्रम की समीक्षा	23 से 26 अक्तूबर, 1991	एस.आई.ई. भोपाल	30
9.	अनौ. शि. केन्द्रों को प्रोत्साहन-सार्वजनिक अनुदेश आयुक्त, मध्य प्रदेश सरकार, की अध्यक्षता में समन्वय समिति	1 से 2 नवंबर, 1991	सी.पी.आई.	15
10.	न्यूनतम अधिगम स्तर-प्राध्यापकों का अभिविन्यास	26 से 29 नवंबर, 1991	डी.आई.ई.टी. भोपाल तथा रैसेन	50
11.	प्रभावकारी भाषा शिक्षण में हिन्दी में जनजातीय विद्यालयों के अध्यापकों का अभिविन्यास	9 से 14 मार्च, 1992	जी.सी.ई., ग्वालियर	48
भुवनेश्वर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय				
1.	राज्य समन्वय समिति की बैठक	27 अगस्त, 1991	शिक्षा विभाग, उड़ीसा सरकार	16
2.	डा. बी.आर. अम्बेडकर के जन्मशताब्दी समारोह के अवसर पर निबन्धों का मूल्यांकन	9 अक्तूबर, 1991	क्षेत्र सलाहकार कार्यालय, (एन.सी.ई.आर.टी.) क्षे.शि.म. भुवनेश्वर	6
3.	खिलौना बनाने की प्रतियोगिता : खिलौनों का मूल्यांकन	29 नवंबर, 1991	"	3
4.	अनौ. शि. केन्द्रों के मूल्यांकन हेतु जे.ई.टी. के लिए केन्द्र सरकार द्वारा नामित व्यक्तियों की बैठक	20 फरवरी, 1992	"	5
कलकत्ता स्थित क्षेत्रीय कार्यालय				
1.	विद्यालयों में रसायन विज्ञान प्रयोगशालाओं के अनुरक्षण तथा प्रबंध के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	14 से 17 अप्रैल, 1992	एन.सी.ई.आर.टी का क्षे.स. कार्यालय, कलकत्ता	8
2.	पश्चिमी बंगाल के स्वयंसेवी संगठनों द्वारा चलाए जा रहे ई.सी.ई. केन्द्रों के अध्यापकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	21 से 25 अप्रैल, 1992	"	25

1	2	3	4	5
चण्डीगढ़ स्थित क्षेत्रीय कार्यालय				
1.	जवाहर नवोदय विद्यालयों की चयन परीक्षा के संबंध में डी.एल.ओ. तथा डी.ई.ओ. का अभिविन्यास कार्यक्रम	24 अप्रैल, 1992	टी.टी.टी.आई चण्डीगढ़	40
2.	सामाजिक विज्ञान में शिक्षण सहायता के विकास तथा प्रयोग के लिए हरियाणा के के.आर.पी. का प्रशिक्षण कार्यक्रम	23 से 25 मार्च, 1992	क्षे.स. कार्यालय, चण्डीगढ़	3
3.	प्राथमिक विज्ञान किट, लघु औजार किट, तथा गणित किट के प्रयोग के विषय में पंजाब, हरियाणा तथा चण्डीगढ़ के के.आर.पी. के प्रशिक्षण कार्यक्रम	26 से 28 मार्च, 1992	क्षे.स. कार्यालय, चण्डीगढ़	11
हैदराबाद स्थित क्षेत्रीय कार्यालय				
1.	जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 1992 के संबंध में डी.ई.ओ./ए.सी.जी.ई. तथा जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्यों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	16 दिसम्बर, 1991	नवोदय विद्यालय समिति का क्षेत्रीय कार्यालय, सिकन्दराबाद	48
जयपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय				
1.	क्षेत्रीय समन्वय समिति की बैठक	20 से 21 जून, 1991	क्षे.स. कार्यालय, जयपुर	
2.	वर्ष 1992-93 के कार्यक्रमों के अनुमोदन के लिए राज्य समन्वय समिति की बैठक	27 जनवरी, 1992	सचिवालय, जयपुर, राजस्थान	
जम्मू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय				
1.	राज्य समन्वय समिति की बैठक	23 दिसम्बर, 1991	नागरिक सचिवालय, जम्मू तवी	8
मद्रास स्थित क्षेत्रीय कार्यालय				
1.	आदि-द्रविड़ तथा जनजातीय कल्याण महानिदेशालय तमिलनाडु सरकार, द्वारा चलाए जा रहे विद्यालयों में कार्य करने वाले, विज्ञान तथा गणित पढ़ाने वाले अनु.जा./अ.ज.जा. के अध्यापकों के लिए कार्यशाला	6-10 जनवरी, 1992	सर त्यागराजन कॉलेज ऑफ प्रिसेप्टर्स, मदुरई	44

1991-92

1	2	3	4	5
2.	आदि द्रविड़ तथा जनजाति कल्याण महानिदेशालय, तमिलनाडु सरकार, द्वारा चलाए जा रहे विद्यालयों में कार्य करने वाले विज्ञान तथा गणित पढ़ाने वाले अ.जा./अ.ज.जा. के अध्यापकों के लिए कार्यक्रम	27 से 31 मार्च, 1992	गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ ऐजुकेशन, कोयम्बटूर	35
3.	ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड के अन्तर्गत दी गई सामग्री के प्रयोग के लिए डा. अम्बेडकर जिले के आरकोट तथा शोतिगढ़ खण्डों में कार्यरत प्राथमिक विद्यालय अध्यापकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	28 जनवरी से 1 फरवरी, 1992	डी.ए.यू.-वी.एच.ई.एल. विद्यालय, रानीपेट	188
4.	चार दक्षिणी राज्यों की पाठ्यपुस्तकें प्रयोग करने वाले कक्षा 9 तथा 10 के अध्यापकों के लिए भूगोल में स्रोत पुस्तक हेतु मसौदा सामग्री तैयार करने के लिए कार्यशाला	14 से 19 फरवरी, 1992	मदुराज-कामराज विश्वविद्यालय, मदुरई	20
5.	कक्षा 9-10 के अध्यापकों के लिए भूगोल की स्रोत पुस्तक हेतु मसौदा सामग्री को अंतिम रूप देने तथा संपादित करने के लिए कार्यशाला	6 से 11 मार्च, 1992	लेडी विलिंगडन प्रशिक्षण महाविद्यालय मद्रास	20
6.	सी.आई.एफ.ई. द्वारा तैयार की गई सामग्री के आधार पर लक्षद्वीप द्वीपसमूह के लिए कक्षा 10 के व्यावसायिक विषय हेतु मत्स्य विज्ञान में पाठ्यसामग्री के विकास के लिए कार्यशाला	24 फरवरी से 4 मार्च, 1992	केन्द्रीय मत्स्य, राष्ट्रीय इंजीनियरिंग तथा प्रशिक्षण संस्थान (सी.आई.एफ.एन.ई.टी.) कोचीन	15
7.	मत्स्य-उद्योग में पाठ्यसामग्री को अंतिम रूप देना	20 से 24 मार्च, 1992	सी.आई.एफ.एन.ई.टी., मद्रास	20
पुणे स्थित क्षेत्रीय कार्यालय				
1.	महाराष्ट्र, गोवा, दमण व दीव के लिए एन.सी.ई.आर.टी., क्षेत्रीय एकक की राज्य समन्वय समिति की बैठक	5 सितम्बर, 1992	एस.सी.ई.आर.टी., पुणे	15
2.	श्रवण के न्यूनतम स्तरों पर वि.वि. में बी.एड. शिक्षा महाविद्यालय के मुख्य व्यक्तियों का अभिविन्यास	21 से 23 अक्टूबर, 1991	एस.सी.ई.आर.टी., पुणे	50
3.	महाराष्ट्र, गोवा, दमण व दीव के पूर्व प्राथमिक/प्राथमिक तथा बालवाड़ी अध्यापकों के लिए राज्य स्तर पर खिलौना बनाने की प्रतियोगिता	अक्टूबर, नवंबर, 1991	एन.सी.ई.आर.टी., क्षेत्रीय एकक, पुणे	87

1	2	3	4	5
4.	महाराष्ट्र तथा गोवा राज्यों के जे.एन.यू. तथा डी.ई.ओ. के 22 प्रधानाचार्यों का अभिविन्यास कार्यक्रम	24 दिसंबर, 1991	एस.सी.ई.आर.टी., पुणे	50
5.	महाराष्ट्र राज्य के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों/मुख्याध्यापकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	3 से 5 फरवरी, 1992	"	25
6.	महाराष्ट्र के सभी 30 जिलों के जिला व्यावसायिक तथा प्रशिक्षण कार्यालयों का अभिविन्यास कार्यक्रम	27 से 29 फरवरी, 1992	आई.टी.आई., औंध, पुणे	30
7.	व्यावसायीकरण में पाठ्यपुस्तक लेखकों का अभिविन्यास	23 से 25 मार्च, 1992	आई.टी.आई., औंध, पुणे	40
8.	शिक्षा व्यावसायीकरण में आधार के लिए मुख्य/संसाधन संबंधित विद्वानों का अभिविन्यास	26 से 28 मार्च, 1992	"	45
9.	बच्चों की वैज्ञानिकों से बातचीत	27 मार्च, 1992	ई.आर.डी.एल., पुणे	80
शिलांग स्थित क्षेत्रीय कार्यालय				
1.	मेघालय, मिजोरम तथा त्रिपुरा के पर्यवेक्षकों व अध्यापकों के लिए अनौपचारिक शिक्षा पर कार्यशाला तथा अभिविन्यास	27 फरवरी, से 2 मार्च, 1992	पी.जी.टी. महाविद्यालय, शिलांग	28
त्रिवेन्द्रम स्थित क्षेत्रीय कार्यालय				
1.	कार्य अभ्यास/पूर्व-व्यावसायिक क्षेत्रों में मुख्य व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला	11 से 14 फरवरी, 1992	राजकीय बालिका मॉडल उच्च विद्यालय, त्रिचूर	

1991-92

सात

शैक्षिक अनुसंधान/नवाचार तथा प्रचार-प्रसार को प्रोत्साहन

7.1 विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा की सभी शाखाओं में अनुसंधान की प्रोन्नति एवं समन्वय करना परिषद् की प्रमुख गतिविधियाँ हैं। परिषद् अपने विभिन्न घटकों के अतिरिक्त, बाहरी संगठनों को भी शैक्षिक अनुसंधान हेतु वित्तीय सहायता देती रही है। यह कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता वृत्ति भी प्रदान करती है और अनुसंधान कार्य-प्रणाली पाठ्यक्रम आयोजित करती है, जिससे देश के विभिन्न भागों में सक्षम अनुसंधान कार्यकर्ताओं का एक दल स्थापित हो सके।

7.2 अनुसंधान और नवाचार

1974 में स्थापित परिषद् की शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (एरिक) अनुसंधान को सहायता प्रदान करने वाली मुख्य इकाई है। विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा अनुसंधान संस्थानों एवं संबद्ध विधाओं के प्रतिष्ठित अनुसंधानकर्ता, एस.आई.ई./एस.सी.ई.आर.टी. के प्रतिनिधि, एन.आई.ई. के सभी विभागों/ एककों के अध्यक्ष, एन.सी.ई.आर.टी. के सी.आई.ई.टी. तथा क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय (आर.सी.ई.) इस समिति के सदस्य हैं। इसके अतिरिक्त एन.आई.ई., सी.आई.ई.टी, और आर.सी.ई, के कुछ चुने हुए प्रोफेसर इस समिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं।

शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (एरिक) शैक्षिक अनुसंधान के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का पता लगाने में सहायता करती है और शिक्षा एवं सम्बद्ध विधाओं में अनुसंधान अध्ययन तथा नवाचार परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता देती है। शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (एरिक) एन.सी.ई.आर.टी. संकाय के सह-निर्देशन में किए जा रहे पी.एच.डी. कार्य के लिए अध्येतावृत्ति देने के अतिरिक्त पी.एच.डी. शोध प्रबन्ध, शोध-पत्र और मोनोग्राफ (अनुलेखित) की छपाई के लिए भी अनुदान देती है। समय-समय पर शैक्षिक अनुसंधान पर सूचनाओं और विचारों के प्रचार-प्रसार के अतिरिक्त यह समिति शैक्षिक अनुसंधान पर सम्मेलन/बैठक/ संगोष्ठियाँ भी आयोजित करती है।

7.3 पूरी की गई अनुसंधान परियोजनाएँ

वर्ष 1991-92 के दौरान शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (एरिक) द्वारा संवर्द्धित 13 अनुसंधान परियोजनाएँ पूरी की गईं। इनमें सम्मिलित 3 परियोजनाओं पर परिषद् के विभिन्न घटकों ने तथा 10 परियोजनाओं पर बाहरी अनुसंधान संस्थानों ने कार्य किया। इस वर्ष पूरी की गई अनुसंधान परियोजनाओं का ब्यौरा तालिका 7.1 में दिया गया है।

1991-92

तालिका 7.1

वर्ष 1991-92 के दौरान पूरी की गई अनुसंधान परियोजनाएँ

क्रमांक	*परियोजना का शीर्षक*	*मुख्य अन्वेषक*
	क. विभागीय परियोजनाएँ	
1.	भारत में चुने हुए माध्यमिक विद्यालयों द्वारा नैतिकता तथा नीतिपरक मूल्यों के विकास के लिए अपनाए गए तरीकों एवं इन विद्यालयों के कक्षा 9 के विद्यार्थियों के मूल्य निर्धारण के मापन का एक अध्ययन	प्रो. आर.सी. दास (सेवानिवृत्त) क्षे. शि. म., भुवनेश्वर
2.	विज्ञान में विद्यार्थियों की उपलब्धि बढ़ाने के लिए शिक्षण अधिगम कार्यनीति का विकास	प्रो. एन. वैद्य (सेवानिवृत्त) डी.पी.आर.पी. एण्ड पी. (ऐरिक), एन.सी.ई.आर.टी.
3.	सामाजिक व आर्थिक रूप से सुविधा विहीन वर्गों के उच्च और निम्न उपार्जकों की माताओं द्वारा बच्चों के पालन-पोषण का विस्तृत अध्ययन	डा. (श्रीमती) विनीता कौल तथा डा. (श्रीमती) चित्रा रामचन्द्रन, डी.ई.पी.सी. एण्ड जी., एन.सी.ई.आर.टी.
	बाहरी परियोजनाएँ	
1.	शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में नाटक का प्रयोग	डा. (श्रीमती) प्रभजोत कुलकर्णी, विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
2.	ग्रामीण महिलाओं की सोच-विचार प्रक्रियाओं तथा सृजनात्मकता का मूल्यांकन	डा. डी.वाई. पूरनकर, जे.पी.आई.पी., पुणे
3.	कक्षा 6 से 7 के लिए तमिल में पठन गति के मानक स्थापित करना	डा. टी.आर. सोन्दराज राव, कोयम्बटूर
4.	विद्यालयी विद्यार्थियों के लिए द्रविड़ियन भाषाओं का श्रेणीबद्ध व्याकरण	डा. वी.आई. सुब्रमण्य, त्रिवेन्द्रम
5.	वंचित/गैर वंचित वातावरण में हिन्दी भाषी बच्चों के बीच भाषायी विकास के कुछ आयाम : एक मनोभाषा वैज्ञानिक अध्ययन	डा. बब्बन मिश्र, गोरखपुर
6.	कम सुनने वाले बच्चों के भाषायी विकास तथा समाजीकरण के लिए अनुपूरक शिक्षा कार्यक्रम (जो तैयार तथा कार्यान्वित किया जाना है) के प्रभाव का अध्ययन तथा अपने बच्चों की विकलांगता स्वीकार करने की जानकारी पर अभिभावक शिक्षा कार्यक्रम (जो तैयार तथा कार्यान्वित किया जाना है) के प्रभाव का अध्ययन	डा. लता एस. परांजये, पुणे
7.	सृजनात्मक प्रशिक्षण के साथ अनुदेशी सामग्री की संरचना का प्रभाव	डा. (कु.) सुदेश गाखर, चण्डीगढ़
8.	कठिनाई से सुनने वाले बच्चों की वाणी तथा भाषायी विकास पर एकल रूपात्मक उत्प्रेरण का प्रभाव	डा. (श्रीमती) कल्याणी एन. मांडके, पुणे
9.	भारत में सृजनात्मकता परीक्षणों का विकास तथा उपयोग	डा. मोहम्मद मियां, नई दिल्ली
10.	सामाजिक जागरूकता तथा मूल्य संघर्षों को हल करने की योग्यता के विकास पर शिक्षण की न्यायशास्त्रीय कार्यनीति के प्रभाव	डा. एस.के. पाल तथा डा. के.एस. मिश्र, इलाहाबाद

1991-92

7.4 चालू अनुसंधान परियोजनाएँ

इस वर्ष राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद् के विभिन्न घटकों ने आठ तथा बाहरी अनुसंधान संस्थानों ने 30 अनुसंधान परियोजनाओं पर कार्य जारी रखा। इन चालू अनुसंधान परियोजनाओं का ब्यौरा तालिका 7.2 में दिया गया है।

तालिका 7.2

वर्ष 1991-92 के दौरान चालू अनुसंधान परियोजनाएँ

क्रमांक	*परियोजना का शीर्षक*	*मुख्य अन्वेषक*
	विभागीय परियोजनाएँ	
1.	प्राथमिक विद्यालय के बच्चों (उ.प्र.) के शैक्षिक विकास पर दूरदर्शन कार्यक्रम के प्रभाव का मार्गदर्शी अध्ययन	श्री एस. के. बत्रा, डी.पी.आर.पी. एण्ड पी. (ऐरिक) एन.सी.ई.आर.टी.
2.	विद्यालय तथा कक्षा व्यवस्था में विद्यार्थियों के व्यावहारिक प्रबंध के कुछ कार्यों पर अध्यापकों का प्रारंभिक सर्वेक्षण	डा. एस.पी. सिन्हा, डी.ई.पी.सी.जी., एन.सी.ई.,आर.टी.
3.	निजी तथा सार्वजनिक विद्यालयों में अंतर एवं विद्यालय उपलब्धि पर उनके प्रभाव का विश्लेषण	डा. एम.ए. खादर, क्षे. शि.म., मैसूर
4.	विज्ञान की सार्वजनिक समझ का एक अन्वेषण	प्रो. जे.के. सूद, क्षे.शि.म., मैसूर
5.	एकीकृत व्यवस्था में अपंगों हेतु सीखने की संकल्पना के लिए तैयार की गई और अपनाई गई, अनुदेशी सामग्री के प्रभाव का प्रयोगात्मक अध्ययन	डा. (श्रीमती) पी.एल. शर्मा, क्षे.शि.म., मैसू
6.	सृजनात्मक लड़कियों के व्यावसायिक व्यवहार का व्यापक अध्ययन	डा. (श्रीमती) आशा भटनागर तथा डा. (श्रीमती) सुषमा गुलाटी, डी.ई.पी.सी.जी. एन.सी.ई.आर.टी.
7.	9 से 14 वर्ष के सामाजिक रूप से सुविधाविहीन वर्गों के बच्चों में तर्कशक्ति विवेचन का व्यापक अध्ययन	डा. वी.डी. भट्ट डा. वी. के. जैन, क्षे.शि.म. मैसूर
8.	संस्कृत साहित्य में शिक्षा	डा. के.सी. त्रिपाठी, डी.ई.एस.एस.एच. एन.सी.ई.आर.टी.
	बाहरी अनुसंधान परियोजनाएँ	
1.	असमान अधूरापन : बिहार में महिलाओं के पिछड़ेपन के कारण उसकी प्रकृति तथा मात्रा	प्रो. आर.पी. सिंह, पटना
2.	विद्यालयी विद्यार्थियों के लिए स्वायत्त सृजनात्मकता संवर्द्धन कार्यक्रम की तैयारी तथा कार्यक्रम की प्रभावात्मकता का मूल्यांकन करने के लिए एक अध्ययन	प्रो. जे.एम. मण्डल, कलकत्ता
3.	केरल में कार्यान्वित नवोदय विद्यालय योजना का आलोचनात्मक मूल्य निर्धारण	डा. हरि दास, त्रिवेन्द्रम
4.	भाषायी प्रवीणता तथा व्यावहारिक सूचना प्रक्रियनः एक विकासात्मक दृष्टि	श्रीमती मेघमाला राजगुरू, जे.पी.आई.पी., पुणे

1991-92

क्रमांक	परियोजना का शीर्षक	मुख्य अन्वेषक
5.	अवसर की संकल्पना का विकास (विद्यालय जाने वाले विद्यार्थियों के बीच)	डा. बी.के. शर्मा, गोरखपुर विश्वविद्यालय
6.	कनिष्ठ मिडिल तथा वरिष्ठ विद्यालय के लिए अधिगम के एक आधार के रूप में पायजेट का सिद्धान्त—एक प्रायोगिक अध्ययन	डा. श्रीमती अनुपूनिया, उदयपुर, राजस्थान
7.	तमिलनाडु में प्राथमिक श्रेणियों के दृष्टिहीन बच्चों के संकल्पना विकास का एक अध्ययन	डा. एम.एन. मनी, कोयम्बदूर
8.	विकलांग बच्चों के लिए पाठ्यचर्या का विकास तथा निर्धारण	डा. (श्रीमती) प्रेरणा मोहिते, बड़ौदा
9.	गुजराती लिखाई में सुधार	डा. उस्मान ए. बिसनागरी, अहमदाबाद
10.	विद्यालय स्तर की अंग्रेजी भाषा की परीक्षा की तैयारी	डा. रामा मैथ्यू, हैदराबाद
11.	केरल राज्य के एर्नाकुलम जिले में संपूर्ण साक्षरता अभियान के मूल्यांकन के लिए प्रस्ताव	बी. एम.एम. मैनन, कोचीन
12.	सामाजिक पूछताछ मॉडल के माध्यम से विद्यार्थी अध्यापक प्रशिक्षण की शिक्षण क्षमता पर प्रशिक्षण कार्यनीति के प्रभाव	डा. एस. पी. मल्होत्रा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय
13.	पाठ्यचर्या नियोजन के माध्यम से किशोरों में नैतिक मूल्यों का विकास : एक नैतिक कार्यवाही मॉडल	डा. आर.पी. सिंह, उदयपुर
14.	अध्ययन के क्षेत्र के रूप में शिक्षा की प्रकृति का समन्वेषण	डा. एम.एस. यादव बड़ौदा
15.	अनु.जा./अ.ज.जा. के विद्यार्थियों की सुशिक्षित दुर्बलता से संघर्ष करना	डा. एफ.एम. साहू, भुवनेश्वर
16.	माध्यमिक विद्यालयों में अध्यापक शिक्षा का आधिकारिक विश्लेषण	डा. शिवगणेश भार्गव, भोपाल
17.	पश्चिम बंगाल में शिक्षण के माध्यमिक स्तर पर गणित शिक्षण में आधिपत्य अधिगम सादृष्य के प्रभाव का अध्ययन	प्रो. एम.एम. चेल, 24, परगना (दक्षिण) पश्चिम बंगाल
18.	साक्षरता प्राप्ति की प्रारंभिक प्रक्रिया का विकासात्मक अन्वेषण तथा स्थितियाँ : अनुदेशी प्रक्रिया के लिए इसकी विवक्षा	डा. प्रतिभा कारनाड, मैसूर
19.	पी.एम. जिले के हाई सकूल के विद्यार्थियों में गणित सीखते समय प्रश्न हल करने की कार्यनीति विकसित करना	डा. एस. मोहन, कारकुडी
20.	कश्मीर घाटी के गुज्जर लड़कों तथा लड़कियों में प्राथमिक स्तर पर विद्यालय छोड़ने की उच्च दर	डा. मोती लाल लिधू, श्रीनगर
21.	महाराष्ट्र राज्य के श्रेणीरहित एकल-अध्यापकीय तथा द्वि-अध्यापकीय विद्यालयों में मॉनीटरों तथा सदन नेताओं का एक प्रयोग	डा. एम. जी. माली, कोल्हापुर
22.	प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का पता लगाना तथा उन्हें शिक्षा देना। मद्रास शहर के विद्यालयों में प्रतिभाशाली तथा सक्षम प्राथमिक विद्यालयी विद्यार्थियों के लिए विद्यालय के बाद शनिवार के संवर्धन कार्यक्रम का प्रभाव (मार्गदर्शी अध्ययन)	डा. सुशीला श्रीवास्तव मद्रास
23.	विद्यालय अध्यापकों की स्रोत प्रतिक्रियाओं तथा नकल करने वाले साधनों पर बल का अध्ययन	डा. एस. ऊपाक्षी, तिरूपति

1991-92

क्रमांक	परियोजना का शीर्षक	मुख्य अन्वेषक
24.	मानसिक रूप से कमजोर बच्चों की शिक्षा तथा प्रबंध में अभिभावकों के शामिल होने के स्तर तथा कुछ आधारभूत कौशल प्राप्त करने में इसके संबंधों का अध्ययन	डा. मर्सी अब्राहम, त्रिवेन्द्रम
25.	गणित में उद्देश्यों के संबंध में अधिगम परिणामों का अध्ययन	डा. जे.पी. श्रीवास्तव, मेरठ
26.	सामाजिक रूप से सुविधाविहीन बच्चों का पता लगाने के साथ-साथ शैक्षिक कार्यक्रम तैयार करना	डा. सरोज सक्सैना, आगरा
27.	पहली पीढ़ी के शिक्षुओं में शिक्षा प्राप्ति के लिए आकांक्षा तथा तत्परता की स्वतः संकल्पना के स्तर का अध्ययन	डा.एन.एस. डोंगा, राजकोट
28.	प्राथमिक स्तर की मातृभाषा-पूर्व मराठी पाठ्यपुस्तक, कम सुनने वाले बच्चों में भाषा अधिगम समस्याओं का पता लगाने तथा अनुपूरक व्याख्यात्मक सामग्री की तैयारी का अध्ययन (उनके भाषा प्रयोग को सुधारने के लिए अनुदेशी सामग्री)	श्रीमती विजयन्ती डी. लेटे, नासिक
29.	विद्यालय-पूर्व बच्चों ($2\frac{1}{2}$ से $5\frac{1}{2}$) के लिए निर्धारण सूची का मानकीकरण	डा. वीणा मिस्त्री, बड़ौदा
30.	विद्यालय छोड़ने के पैमाने का निर्माण तथा मानकीकरण	डा. ए.आर. राठौर, श्रीनगर

7.5 पूर्ण की गई अनुसंधान परियोजनाएँ

1991-92 के दौरान दो बाहरी अनुसंधान परियोजनाएँ पूर्ण हुईं। इन परियोजनाओं की सूची तालिका 7.3 में दी गई है।

तालिका 7.3

1991-92 के दौरान पूर्ण की गई अनुसंधान परियोजनाएँ

क्रमांक	परियोजना का शीर्षक	पूर्ण होने की तिथि	प्रमुख अन्वेषक
1.	अधिगम असमर्थताओं का पता लगाना : कुल व्यावहारिक अभिव्यक्तियाँ	16.9.1991	प्रो. एल.बी. त्रिपाठी गोरखपुर
2.	कुमाउँनी भाषाओं का संख्यात्मक विश्लेषण	10.6.91	डा. एच.एस. धामी अल्मोड़ा

7.6 पी.एच.डी. शोध प्रबंध/मोनोग्राफ विनिबन्धों का प्रकाशन

एरिक की सहायता से 1991-92 के दौरान प्रकाशित पी.एच.डी. शोध प्रबंध/विनिबन्धों का ब्यौरा तालिका 7.4 में दिया गया है।

1991-92

तालिका 7.4

1991-92 के दौरान पूर्ण की गई अनुसंधान परियोजनाएँ

क्रमांक	*शोध प्रबंध/विनिबन्ध का शीर्षक*	*लेखक*
1.	एजूकेशनल टेक्नॉलोजी फार डेवलपिंग टीचिंग कम्पीटेन्स	डा. दीपिका शाह, सूरत
2.	इफेक्ट्स ऑफ वेरिएशन इन एडवान्स ऑर्गेनाइजर्स ऑन द कॉगनिटिव एजम्पशन इन लाइफ साइंस	डा. सनत के घोष, हावड़ा
3.	क्रिएटिविटी ऐण्ड रिलेटेड फैक्टर्स	डा. कुसुम शर्मा, दिल्ली
4.	कैरियर मैच्युरिटी ऑफ इण्डियन स्कूल स्टूडेन्ट्स	डा. (श्रीमती) निर्मला गुप्ता, एन.सी.ई.आर.टी.
5.	इण्डियन पर्सनेलिटी इन इट्स डेवलपमेन्टल बैकग्राउण्ड	डा. इन्दु देव, उदयपुर
6.	नेशनल पैटर्न ऑफ ऐजुकेशन करीकुलम ऐण्ड ऑफ सोशल साइन्स	डा. उमेश चन्द्र राय, वाराणसी
7.	शंकराचार्य व समकालीन भारतीय शिक्षा दार्शनिकों की शैक्षिक विचारधारा	डा. कुसुमलता राठौर, सीतापुर
8.	ए. स्टडी ऑफ द इम्पैक्ट ऑफ सैल्फ इन्स्ट्रक्शनल मैटिरियल ऑन सैक्स एजुकेशन ऑन एडजस्टमेन्ट, न्यूरोटिसिज्म ऐण्ड एटीट्यूड टुवर्ड्स सैक्स ऑफ हाई स्कूल स्टूडेन्ट्स	डा. भाद्रयु वी., वछराजनी, राजकोट
9.	लिट्रेरी क्रिएटिविटी एमंग एडोलेसेन्ट्स	डा. (श्रीमती) सुषमा तलेसरा, उदयपुर
10.	डेवलपमेन्ट ऑफ एबिलिटी टू रीज़न इन स्कूल एजुकेशन	डा. के.सी. गर्ग, एन.सी.ई.आर.टी.

जिन पी.एच.डी. शोध प्रबंधों/विनिबंधों के प्रकाशन के लिए आर्थिक सहायता दी गई उनकी सूची तालिका 7.5 में दी गई है

तालिका 7.5

क्रमांक	*शोध प्रबंध/विनिबन्ध का शीर्षक*	*लेखक*
1.	ए क्रिटिकल स्टडी ऑफ द सिस्टम ऑफ टीचर एजुकेशन ऐट सेकेन्डरी लेबल : महाराष्ट्र	डा. नागपुरे वसन्त आर. पुणे
2.	ए क्रिटिकल स्टडी ऑफ नॉन-फार्मल एजुकेशन प्रोग्राम (एज ग्रुप 9-—14) इन बाई डिफरेन्ट एजेन्सीज इन दैं स्टेट्स ऑफ मध्य प्रदेश	डा. (श्रीमती) दलजीत गुप्ता, एन.सी.ई.आर.टी.
3.	ए डिफरेंशियल स्टडी आफ साइंटिफिक एप्टीट्यूड्स ऑफ द ट्राइबल एण्ड नॉन-ट्राइबल प्यूपिल्स इन छत्तीसगढ़	डा. (श्रीमती) पुष्पलता शर्मा
4.	कन्सर्वेशन डेवलपमेन्ट इन ब्लाइन्ड चिल्ड्रन	डा. वीणा शर्मा बुलन्द शहर (उ.प्र.)
5.	ए स्टडी ऑफ कॉगनिटिव स्टाइल ऑफ हाई स्कूल स्टूडेन्ट्स ऑफ होम साइन्स इन रिलेशन टू एज ऐचिवमेन्ट, होम एन्वायरनमेन्ट इन सोशल क्लाश	डा. (श्रीमती) सरला पॉल आगरा

1991-92

7.7 एन.आई.ई. व्याख्यान माला

शैक्षिक अनुसंधान को प्रोत्साहन देने, प्रसारित करने और शैक्षिक अनुसंधान पर विचारों का आदान प्रदान करने के प्रयास के रूप में परिषद् अनुसंधान और शिक्षा में रुचि रखने वालों के लाभ के लिए विदेश और भारत के विख्यात शिक्षाविदों और अनुसंधान कर्ताओं की वार्ता/व्याख्यानों को एन.आई.ई. व्याख्यानमाला के अंतर्गत, आयोजित करती रही है। एन.आई.ई. व्याख्यान माला के अन्तर्गत विभिन्न विषयों पर वार्ता करने के लिए छः श्रेष्ठ शिक्षाविदों को आमंत्रित किया गया, जैसा कि तालिका 7.6 में दर्शाया गया है :

तालिका 7.6

1991-92 के दौरान एन.आई.ई. व्याख्यान माला के अंतर्गत दी गई वार्ताएं

क्रमांक	वक्ता का नाम	विषय	दिनांक
1.	डा. के.जे.एस. चतरथ, सचिव, एन.सी.ई.आर.टी.	भारत फ्रांस संबंध 1947 से 1988 तक	2.7.1991
2.	डा. पी.पी. गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सी.एम.सी. लिमिटेड	शिक्षा तथा प्रशिक्षण के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग	17.7.1991
3.	मेल एन्सकाओ, कैम्ब्रिज इन्स्टीट्यूट ऑफ ऐजुकेशन, इंग्लैण्ड	सबके लिए शिक्षा में सुधार करना	15.11.1991
4.	मि. फ्रैंक बायलिस्टॉक, इतिहास विभाग, यॉर्क यूनिवर्सिटी, ऑन्टारियो, कनाडा	उत्तरी अमेरिकी विद्यालयों में गैर पश्चिमी इतिहास शिक्षण	6.1.92
5.	मिस ऐलेन बायलिस्टॉक, मनोविज्ञान विभाग, यॉर्क यूनिवर्सिटी, ऑन्टारियों, कनाडा	द्वितीय भाषा संचार कार्यनीति	7.1.1992
6.	प्रो. जेरी पी. बैक, पाठ्यचर्या तथा अनुदेश विभाग, साउथर्न इलिनोइस यूनिवर्सिटी	गणित शिक्षा के व्यापक परिप्रेक्ष्य	31.1.1992

7.8 अनुसंधान प्रविधि पाठ्यक्रम

सरकारी अध्ययनों के अनुसंधान कर्ताओं, अनुसंधान पर्यवेक्षकों तथा मुख्य अन्वेषकों की अनुसंधान क्षमताओं में सुधार करने तथा उन्हें सुदृढ़ करने के उद्देश्य से, शैक्षिक अनुसंधान तथा नवाचार समिति (एरिक) ने, अनुसंधान कार्यविधि पाठ्यक्रमों के नए मॉडल के आधार पर निम्न लिखित पाठ्यक्रम आयोजित किए :

(1) डी.आई.ई.टी. संकाय के लिए एस.सी.ई.आर.टी., उदयपुर में 3 से 12 जुलाई, 1991 तक अनुसंधान प्रविधि पाठ्यक्रम स्तर-1 बाईस प्रतिभागियों ने पाठ्यक्रम में भाग लिया।

(2) सरदार पटेल विश्वविद्यालय, आणंद (गुजरात) के शिक्षा विभाग के पीएच.डी. शोधकर्ताओं तथा एम.फिल, विद्यार्थियों के लिए 16 से 26 दिसम्बर, 1991 तक अनुसंधान प्रविधि पाठ्यक्रम स्तर-1 तेईस प्रतिभागियों ने पाठ्यक्रम में भाग लिया।

(3) सरकारी परियोजनाओं के पी.एच.डी. पर्यवेक्षकों तथा मुख्य अन्वेषकों के लिए एस.सी.ई.आर.टी. पुणे में 24 से 29 फरवरी, 1992 तक अनुसंधान प्रविधि पाठ्यक्रम स्तर-2 इक्कीस प्रतिभागियों ने पाठ्यक्रम में भाग लिया।

(4) शैक्षिक अनुसंधान की प्राथमिकताओं पर एक राष्ट्रीय

संगोष्ठी क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भोपाल में 6 से 7 मार्च 1992 तक आयोजित की गई। पन्द्रह श्रेष्ठ शिक्षाविदों के साथ-साथ जाने माने अनुसंधानकर्ताओं ने संगोष्ठी में भाग लिया। शैक्षिक अनुसंधान के प्रोत्साहन तथा आयोजन से संबंधित विषयों, तथा शैक्षिक अनुसंधान के क्षेत्रों को अग्रगामी बनाने संबंधी चर्चा एवं भावी कार्यक्रमों के लिए दिशानिर्देश प्राप्त करने संबंधी विषय संगोष्ठी के दौरान, चर्चा के प्रमुख केन्द्र रहे।

7.9 जीवनवृत्ति उन्नयन पाठ्यक्रम

ज्ञान तथा कौशलों को आधुनिक बनाने, तथा शैक्षिक अनुसंधान में लाई गई अद्यतन तकनीकों को समझने और व्यावसायिक समृद्धि को बढ़ाने के लिए एरिक ने एन.सी.ई.आर.टी. के शैक्षिक स्टाफ के लिए वर्ष 1991-92 के दौरान दो जीवनवृत्ति उन्नयन पाठ्यक्रम आयोजित किए। क्षे.शि.म. मैसूर में दिनांक 7 से 23 जून 1991 तक आयोजित पहले पाठ्यक्रम में चारों क्षे. शि. महाविद्यालयों तथा एन.सी.ई.आर.टी. मुख्यालय, नई दिल्ली के 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया। दोनों पाठ्यक्रमों के लिए विशेषज्ञ, एन.सी.ई.आर.टी. मुख्यालय, क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों तथा भारत के अन्य शिक्षा संस्थाओं से लिए गए। इन जीवनवृत्ति उन्नयन पाठ्यक्रमों की अंतिम रिपोर्ट तैयार की गई तथा प्रतिभागियों में वितरित की गई।

7.10 ऐरिक बैठकें

परिषद् के विभिन्न संघटकों तथा अन्य बाहरी संस्थानों से प्राप्त अनुसंधान प्रस्तावों का विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन कराया गया तथा इसके बाद इन्हें एरिक की बैठक के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वर्ष 1991-92 के दौरान, एरिक की बैठक 25 अक्तूबर, 1991 को हुई। एरिक की सिफारिशों पर, अनुसंधान परियोजनाओं को आर्थिक सहायता देने के लिए क्षेत्रों का पता लगाने हेतु एरिक की एक उप-समिति का गठन किया गया। इस समिति की बैठक 2 दिसम्बर, 1991 को हुई।

7.11 शैक्षिक अनुसंधान पर आंतरिक समूह बैठकें

एन.आई.ई. संकाय की आंतरिक समूह की बैठक के दौरान, एन.सी.ई.आर.टी. में अनुसंधान अभिवृद्धि तथा विकास मार्ग में आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई तथा स्थिति में सुधार के लिए रास्ते सुझाए गए।

7.12 अनुसंधान परिणामों का प्रचार-प्रसार

अनुसंधान परिणामों के प्रचार-प्रसार के कार्यक्रम के अन्तर्गत, एरिक ने "व्हाट रिसर्च सेज टू टीचर" शीर्षक से अनुसंधान मोनोग्राफ श्रृंखला तैयार करने का निर्णय लिया। इसी संदर्भ में, सितम्बर/अक्तूबर, में मैसूर विश्वविद्यालय तथा क्षे.शि.म., मैसूर के सहयोग से अनेक कार्यशालाओं तथा कार्यसमूहों की श्रृंखला में बैठकें आयोजित की गईं। "कॉगनिटिव प्रोसेसिज इन लर्निंग" नामक उप-शीर्षक से संबंधित प्रबन्ध की पाण्डुलिपि तैयार की गई। विनिबन्ध को अनुवीक्षण के बाद मुद्रित कराया जाएगा।

7.13 बाबा साहब अम्बेडेकर एवं भारतीय समाज में असमानता, (विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में) को दूर करने के लिए कार्यनीतियों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) भारत सरकार के अनुरोध पर बाबा साहब अम्बेडकर के शताब्दी समारोह के एक भाग के रूप में एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली में 18 से 19 दिसंबर, 1991 को बाबा साहब अम्बेडकर एवं भारतीय समाज में असमानता, विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में, को दूर करने की कार्यनीतियों पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। 29 प्रबुद्ध विद्वानों, क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं, अम्बेडकर विचारधारा के कार्यकर्ताओं तथा एन.सी.ई.आर.टी. के संकाय सदस्यों ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया। संगोष्ठी में भारतीय समाज में असमानता, विशेष रूप में शिक्षा के क्षेत्र में, को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण सिफारिशें की गईं। संगोष्ठी की रिपोर्ट भी तैयार की गई।

7.14 शैक्षिक अनुसंधान और नवाचारों का पाँचवाँ सर्वेक्षण

शैक्षिक अनुसंधान और नवाचारों के पाँचवे सर्वेक्षण की परियोजना की स्थापना एन.सी.ई.आर.टी. में की गई तथा एरिक ने अनुसंधान

1991-92

और नवाचारों पर सूचना के एकत्रीकरण तथा संकलन तथा बाद में निरन्तर एवं नियमित गतिविधियों के रूप में सर्वेक्षणों के प्रकाशन की जिम्मेदारी ली।

सर्वेक्षण में जनवरी, 1988 से दिसम्बर, 1992 तक पाँच वर्ष का समय लगेगा। इसमें शिक्षा एवं संबद्ध/समकक्ष क्षेत्रों तथा मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, संचार, जनसंचार आदि के क्षेत्र में किए गए विभिन्न स्तरों पर शैक्षिक प्रक्रिया से संबंधित देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा किए गए स्वतंत्र अनुसंधानों, पीएच.डी. शोध प्रबंध एवं नवाचारों के सारांश को शामिल किया जाएगा।

सर्वेक्षण के संपादकीय बोर्ड की सितम्बर 1991 को बुलाई गई बैठक में परियोजना पर हुई प्रगति तथा प्रवृत्ति रिपोर्ट लेखकों के नामों का पता लगाया गया।

इन प्रवृत्ति रिपोर्ट लेखकों को, प्रवृत्ति रिपोर्ट लिखने के लिए विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थाओं द्वारा किए गए अनुसंधानों के सारांश कुछ चुने हुए विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों एवं रीडरों, जो संस्थागत स्तर पर संपर्क व्यक्ति के रूप में कार्य करते हैं, द्वारा एकत्र किया जा रहा है। ऐसे लगभग 550 सारांश प्राप्त हो चुके हैं जिनकी विषयवस्तु का संपादन किया जा रहा है तथा बाद में जिन्हें वर्गीकृत किया जाएगा।

एक प्रबंध शीर्षक, "शैक्षिक अनुसंधान और नवाचारों का पाँचवां सर्वेक्षण : एक विस्तृत रूपरेखा", जिसमें परियोजना का ब्यौरा दिया गया है, प्रकाशित किया गया तथा इसे विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा अनुसंधान संस्थानों को परिचालित किया गया।

7.15 शैक्षिक सर्वेक्षण

मापन, मूल्यांकन सर्वेक्षण तथा आधार सामग्री प्रक्रियन विभाग द्वारा किए गए अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण (ए.आई.ई.एस.) से प्राप्त बहुमूल्य आँकड़ों द्वारा नीति प्रतिपादन तथा नियोजन को वैज्ञानिक आधार तक बढ़ाया गया। ए.आई.ई.एस. ने उन अद्यतन विश्वसनीय आधारभूत आँकड़ों की आवश्यकता को पूरा किया जो कि शैक्षिक नीतियों के प्रतिपादन, शैक्षिक सुविधाओं के नियोजन, शैक्षिक व्यवस्था के सुधार तथा शैक्षिक सेवाओं के प्रभावी प्रबंध, के लिए अत्यंत आवश्यक है।

ए.आई.ई.एस. द्वारा उपलब्ध कराए गए आँकड़ों का व्यापक रूप से प्रयोग केन्द्र तथा राज्य सरकारों द्वारा शैक्षिक विकास तथा प्रशासन के लिए किया गया है।

मापन, मूल्यांकन, सर्वेक्षण तथा आधार सामग्री प्रक्रियन विभाग
यह विभाग अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत बड़े और छोटे पैमाने के सर्वेक्षण, विस्तार, विकास तथा प्रशिक्षण चलाता रहा है।

शैक्षिक सर्वेक्षण से संबंधित कुछ कार्यक्रमों/कार्यकलापों की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं :

(1) पाँचवें अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण पर व्यापक राष्ट्रीय रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा चुका है तथा इसके प्रकाशन के लिए मुद्रण आदेश दे दिया गया है।

(2) "प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तरों पर अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों के सर्वेक्षण" की प्रारूप अनुसूचियाँ तैयार कर ली गई हैं।

(3) "उत्तर प्रदेश में प्राथमिक विद्यालयों के भवनों के गहन सर्वेक्षण" के लिए 6,000 से अधिक विद्यालयों के नमूने से आँकड़ों के एकत्रीकरण का कार्य प्रगति पर है।

(4) राज्यवाद "अध्येतावृत्तियों तथा प्रोत्साहन योजनाओं के सर्वेक्षण" के अंतर्गत आँकड़े एकत्रित किए जा रहे हैं।

(5) डी.एम.ई.एस.डी.पी. ने बेंगलूर में 9 से 20 दिसम्बर, 1991 तक, शिक्षा के नमूना सर्वेक्षण प्रतिरूपों के विकास के लिए, 12 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के परिणामों पर अनुलेख रूप में प्रारूप रिपोर्ट तैयार की गई।

(6) प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान डी.एम.ई.एस.डी.पी. के सर्वेक्षण संकाय द्वारा बहुत से संगठनों को परामर्श दिया गया।

7.16 आँकड़ा प्रक्रियन

एन.सी.ई.आर.टी. के संघटकों को, डी.एम.ई.एस.डी.पी. आँकड़ा प्रक्रियन में सहायता देता है। अन्य बातों के साथ-साथ, यह विभाग आई.ई.ए. अध्ययन (शिक्षा में कम्प्यूटर) से संबंधित कार्यक्रमों तथा कार्यकलापों के लिए सेवाएँ उपलब्ध कराता है। विश्व के 20 अन्य देशों के साथ-साथ भारत भी इस अध्ययन में भाग ले रहा है। इस अध्ययन का प्रथम चरण पूरा हो चुका है। अध्ययन के द्वितीय चरण से संबंधित साधनों का अभिग्रहण तथा अनुवाद किया गया। चार राज्यों तथा एक संघ शासित प्रदेश में एक पथप्रदर्शक अभियान का निष्पादन किया गया तथा उसके आँकड़े आई.सी.सी.को भेजे गए। अध्ययन के द्वितीय चरण के अंतिम अभियान के लिए अंतिम साधनों का अभिग्रहण तथा अनुवाद किया जा रहा है।

कुछ अन्य कार्यक्रमों के लिए भी आँकड़ा संसाधन में सहायता दी गई जैसे (1) राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (2) प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की उपलब्धि (3) सृजनात्मक लड़कियों का व्यावसायिक व्यवहार, (4) कर्मशाला विभाग के प्रदर्शकों के वर्गीकरण के लिए एक सूचना व्यवस्था, (5) "क्लास" परियोजना का अनुवीक्षण तथा (6) शास्त्रीय उपलब्धि अध्ययन।

डी.एम.ई.एस.डी.पी. का आँकड़ा संसाधन विंग, एन.सी.ई.आर.टी. के पी.एच.डी. करने वाले संकाय सदस्यों को, कम्प्यूटर पर साधनों के विकास, आँकड़ों की प्रविष्टि तथा आँकड़ों के सांख्यिकीय विश्लेषण के लिए भी सहायता देता है।

उपरोक्त के अतिरिक्त, कम्प्यूटर केन्द्र के संकाय सदस्य, एन.सी.ई.आर.टी. के कम्प्यूटर प्रयोग करने वाले संकाय सदस्यों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराते हैं तथा उन बाहरी एजेंसियों का कार्य भी करते हैं जो आँकड़ों के कम्प्यूटरीकरण तथा कम्प्यूटर खरीदने का कार्य करती हैं।

1991-92

आठ

शैक्षिक प्रौद्योगिकी

8.1 राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् का एक प्रमुख कार्य शिक्षा की वैकल्पिक-पद्धतियों के विकास तथा देश में शिक्षा के सुधार और प्रसारण के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से जनसंचार के प्रयोग को बढ़ावा देना है। केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान श्रव्य और दृश्य कार्यक्रमों के लिए श्रव्य-दृश्य सामग्री, फिल्में चार्ट, टैप स्लाइड और कम लागत के साधनों का निर्माण करता है।, हिन्दी भाषी क्षेत्र में प्राथमिक स्तर के बच्चों और अध्यापकों के लिए शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रम का प्रसारण करता है। रा.शै.प्रौ.सं. और अन्य मीडिया संस्थानों के कार्यकर्ताओं को दृश्य श्रव्य निर्माण, तकनीकी प्रचालन और अनुरक्षण तथा अनुसंधान और मूल्यांकन में प्रशिक्षण देता है, डी. आई, ई.टी.,सी.टी.ई.,आई. ए.एस.ई.,एस.सी.ई.आर.,टी. आदि के अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी और कम लागत के शिक्षण साधनों पर अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करता है, दृश्य-श्रव्य कार्यक्रमों और सामग्री का अनुसंधान और मूल्यांकन करता है, संबद्ध श्रोताओं पर पड़े प्रभाव की प्रतिपुष्टि और अध्ययन करता है, शैक्षिक प्रौद्योगिकी, श्रव्य-दृश्य स्टूडियो के विन्यास, उपकरणों की व्यवस्था की रूपरेखा और चयन में परामर्श देता है। मा.सं.वि.मं. के साथ शैक्षिक दूरदर्शन योजना के नियोजन और रूपरेखा बनाने के लिए तथा रा. शै.प्रौ.सं. के साथ प्रोग्रामिंग, तकनीकी प्रचालन, अनुसंधान और प्रशासनिक मामलों के लिए समन्वयन करता है तथा के. शै. प्रौ.सं. की सामग्री की आपूर्ति के लिए विपणन और विस्तार सेवाएँ उपलब्ध कराता है।

8.2 अनुसंधान/मूल्यांकन कार्यकलाप

कार्यक्रम की विषय-वस्तु, रूपरेखा और उपयोग को सुधारने की दृष्टि से सामग्री और कार्यक्रमों के परीक्षण, विषय-वस्तु के विश्लेषण और क्षेत्र से प्रासंगिक प्रमाण एकत्र करने पर विशेष बल दिया जाता है। वर्ष 1991-92 में निम्नलिखित गतिविधियाँ संपन्न की गई :

8.2.1 शैक्षिक दूरदर्शन

8.2.1.1 'ताई की चौपाल' ढाई 'सवाल' और 'आजादी की कहानी' श्रृखलाओं के अन्तर्गत निर्मित शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रमों का क्षेत्र परीक्षण किया गया। निर्माताओं/आलेख-लेखकों को श्रृंखलाओं के अनुवर्ती विकास के लिए क्षेत्र की प्रतिक्रियाओं से अवगत कराया गया।

8.2.1.2 विषय-वस्तु विश्लेषण अध्ययन

बच्चों के लिए शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रमों के विश्लेषण के अंतर्गत संपन्न कार्य (1) कहानियाँ (2) वनस्पति जीवन, और अध्यापक प्रशिक्षण विशेषकर ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड की श्रृंखलाएँ हैं। इस विश्लेषण में ज्ञानवर्द्धक, भावात्मक और

मनोगत्यात्मक प्रभाव-क्षेत्र में शैक्षिक उद्देश्यों के विस्तार, एक कार्यक्रम से दूसरे कार्यक्रम में विषय वस्तु की पुनरावृत्ति, एक ही कार्यक्रम में अनुदेशात्मक विषयों की पुनरावृत्ति, प्रयोग किए गए साधनों, रूपरेखा के प्रस्तुतिकरण आदि के बारे में प्रमुख उपलब्धियों के विवरण दिए गए तथा उन पर चर्चाएँ की गई।

8.2.1.3 प्रसारण अनुसवीक्षण

बच्चों के लिए हिन्दी में शैक्षिक दूरदर्शन सेवा के प्रसारण का डायरेक्ट रिसेप्शन सेट पर नियमित रूप से अनुवीक्षण किया गया। अनुवीक्षण के दौरान सतर्क रहने का परिणाम यह हुआ कि कार्यक्रमों को सारणीबद्ध और संपुटित करने में सकारात्मक परिवर्तन सामने आए।

8.2.1.4 दर्शक प्रोफाइल

दर्शकों (प्राथमिक स्तर के बच्चों और प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों) विद्यालय तथा पर्यावरण पर एक दर्शक प्रोफाइल तैयार करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के तीन इन्सेट जिलों में एक क्षेत्र-अध्ययन आरम्भ किया गया। अध्ययन की रिपोर्ट में स्थिर चित्र भी दिए गए हैं।

8.2.1.5 मीडिया का उपयोग

शैक्षिक दूरदर्शन सेवाओं के उपयोग के विस्तार और उससे प्रभावित क्षेत्रों का पता लगाने के लिए मध्य-प्रदेश में एक अध्ययन किया गया।

8.2.2 शैक्षिक रेडियो

8.2.2.1 प्रतिपुष्टि अध्ययन

पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा पिता के पत्र पुत्री के नाम (लेटर्स फ्राम फादर, टू डॉटर) श्रृंखला पर एक क्षेत्र अध्ययन किया गया। इसके परिणाम बहुत उत्साह-बर्धक रहे।

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक श्रव्य कार्यक्रम का भी क्षेत्र अध्ययन किया गया और इन कार्यक्रमों में बच्चों तथा अध्यापकों की प्रतिक्रियाओं के अनुकूल संशोधन किया गया। कुल मिलाकर यह कार्यक्रम बहुत उपयोगी सिद्ध हुआ। प्रतिपुष्टि अध्ययन की एक संक्षिप्त रिपोर्ट तैयार की गई।

मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए निर्मित कार्य-क्रमों पर एक प्रोटोटाइप अध्ययन किया गया। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना था कि श्रव्य कार्यक्रमों में चित्र कार्डों के द्वारा विकलांग बच्चों की समझ को बढ़ाने और सिखाने में कहाँ तक सहायता की जा सकती है। बच्चे इन कार्यक्रमों को सुनने और चित्रों को देखने के बाद घटनाओं/संकल्पनाओं का बेहतर ढंग से वर्णन कर सकें।

8.2.3 मुख्य उपलब्धियाँ-होशंगाबाद ऑडियो कैसेट परियोजना

के.शै.प्रौ.सं.ने मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले के 450 विद्यालयों में 'भाषा आनन्द' के अन्तर्गत अपने श्रव्य कार्यक्रमों के प्रयोग द्वारा प्राथमिक स्तर पर प्रथम भाषा के रूप में हिन्दी की अध्यापन परियोजना को दोहराया। यह परियोजना कार्य 1986-87 से 1990-91 तक जारी रहा। परियोजना के संचालन और प्रबन्धन का अध्ययन पूरा हो चुका है। इस अध्ययन से पता लगा है कि बच्चे गीतों और सरल रूप से सुनाई जाने वाली कहानियों पर आधारित कार्यक्रम पसन्द करते हैं। कार्यक्रमों को सुनने के बाद वे मानसिक कल्पनाएँ कर सकते हैं और घटनाओं का वर्णन कर सकते हैं। परियोजना को और अधिक प्रभावकारी बनाने के लिए शुरू में ही प्रबन्धन पहलुओं पर ध्यान देना जरूरी है जैसेः परियोजना के आरम्भ में विद्यालयों का चयन, सेटों का अनुरक्षण और मरम्मत, बिजली की आपूर्ति बैटरी सैलों को बदलना, अध्यापकों को प्रशिक्षण देना आदि।

परियोजना की रिपोर्ट में दी गई कुछ मुख्य सिफारिशें इस प्रकार हैं:

